सुप्रभात
रांची, शनिवार
02.12.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net अगहन, कृष्ण पक्ष, पंचमी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 139



12 'सैम बहादुर' के मेकर्स को झटका, रिलीज के दिन ऑनलाइन लीक हुई फिल्म

## न्यूज डायरी

### कोयला व्यवसायी पर कुजू में चली गोली

**कुजू।** कुजू की कोयला मंडी ट्रांसपोर्ट नगर में शुक्रवार की शाम करीब 7:30 बजे बाइक सवार अपराधियों ने कोयला व्यवसायी कल्याण पांडेय और उनके पार्टनर पर गोलियां चलायीं। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे कुजू ओपी प्रभारी विनय कुमार ने घटनास्थल से तीन खोखे बरामद किये हैं। घटना के बाद कोयला व्यवसायियों में दहशत का माहौल है।

### मिजोरम में मतगणना अब 4 को होगी

**नयी दिल्ली।** भारतीय निर्वाचन आयोग ने मिजोरम में मतगणना को एक दिन के लिए टाल दिया है। आयोग ने इसे लेकर नयी तारीख की घोषणा भी कर दी है। मिजोरम में अब रविवार यानी तीन दिसंबर के बजाये सोमावार चार दिसंबर को मतगणना होगी।

### बेंगलुरु में स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में शुक्रवार की सुबह 48 निजी विद्यालयों को एक ई-मेल मिला, जिसमें उनके परिसर में बम होने का दावा किया गया। पुलिस ने बाद में कहा कि ये फर्जी ईमेल थे। फिलहाल पुलिस जांच कर रही है। अभी तक स्कूल में कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। वहीं, छात्रों के माता-पिता घबराये हुए हैं।

### पारादीप में 200 करोड़ की कोकीन बरामद

**पारादीप।** ओडिशा के पारादीप पुलिस, सीआइएसएफ और सीमा शुल्क विभाग ने गुरुवार की देर रात पारादीप बंदरगाह पर खड़े एक मालवाहक जहाज एमवी डेबी से 200 करोड़ रुपये के बाजार मूल्य के कोकीन के 22 पैकेट जब्त किये हैं। शुक्रवार सुबह पाउडर को परीक्षण के लिए भेजा गया, पता चला कि केक के रूप में पाउडर जैसा पदार्थ कोकीन था। रिपोर्टों के अनुसार, जहाज इंडोनेशिया के ग्रेसिक बंदरगाह से पारादीप पहुंचा था।

### पीआइबी फैक्ट चेक यूनिट ने नौ यूट्यूब चैनलों का किया भंडाफोड़

**नयी दिल्ली।** पीआइबी फैक्ट चेक यूनिट (एफसीयू) ने शुक्रवार को भारत में फर्जी खबरें और गलत सूचना फैलाने वाले नौ यूट्यूब चैनलों का भंडाफोड़ किया है। इन नौ चैनलों में बजरंग एजुकेशन, आपके गुरुजी, बीजे न्यूज, सनसनी लाइव टीवी, जीवीटी न्यूज, डेली स्टडी, भारत एकता न्यूज, अब बोलेगा भारत और सरकारी योजना ऑफिशियल हैं। फैक्ट चेक यूनिट ने इन चैनलों द्वारा फैलायी गयी झूठी सूचनाओं को नौ अलग-अलग ट्विटर थ्रेड में कई तथ्यों की जांच की है। संबंधित यूट्यूब चैनलों पर 83 लाख से अधिक सब्सक्राइबर्स पाये गये हैं, जो देश में गलत सूचनाएं प्रसारित कर रहे थे। पीआइबी फैक्ट चेक यूनिट ने यूट्यूब चैनलों पर भारत के मुख्य न्यायाधीश, भारत के प्रधानमंत्री, मुख्य चुनाव आयुक्त, आदि सहित संवैधानिक पदों पर बैठे व्यक्तियों के लिए अपमानजनक बयान दिये।

## उत्तराखंड से आये श्रमिक, सीएम हेमंत ने सकुशल वापसी पर व्यक्त किया हर्ष





**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** उत्तराखंड टनल से बाहर आये 15 श्रमिक और उनसे मिलने गये 12 परिजन इंडिगो एयरलाइंस से शुक्रवार की रात्रि 8:00 बजे बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर वापस आये। एयरपोर्ट पर उनका स्वागत गाजे-बाजे के साथ किया गया। हवाई अड्डे पर उनके स्वागत के लिए श्रम मंत्री सत्यानंन्द भोक्ता एवं विभाग के सचिव राजेश शर्मा उपस्थित थे। इसके बाद श्री भोक्ता के साथ श्रमिक एवं उनके परिजन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात करने के लिए मुख्यमंत्री आवास पहुंचे।

श्री सोरेन ने श्रमिकों की रांची वापसी पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनकी कुशलता एवं पुनर्वास पर बल दिया। इस दौरान सीएम के प्रधान सचिव वंदना दादेल, सचिव विनय चौबे सहित अन्य उपस्थित थे। बता दें कि उत्तराखंड के सिलक्यारा टनेल के निर्माण के दौरान हुए हादसे में 41 श्रमिक 17 दिनों तक फंसे रहे थे। 41श्रमिकों में 15 झारखंड के हैं। इनमें दो मजदूर गिरिडीह, तीन-तीन रांची तथा खूंटी तथा सात मजदूर पूर्वी सिंहभूम के हैं। इन सभी को हादसे के 17 दिनों बाद सुरक्षित निकाला गया था।

मुख्यमंत्री ने पलामू में पंचायत में लगे शिविर में लाभुकों से किया सीधा संवाद, कहा

# वर्ष 2025 तक झारखंड को आत्मनिर्भर बनाने का लक्ष्य

**आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार**

- झारखंड की तकदीर और तस्वीर बदलने की जरूरत
- नौजवानों के भविष्य के सपने को पूरा करेगी सरकार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि वर्ष 2025 तक झारखंड आत्मनिर्भर होगा। श्री सोरेन शुक्रवार को पलामू में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार के तीसरे चरण के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्तियों के दरवाजे तक सरकार की योजनाओं और सेवाओं को पहुंचाना है। सुदूर ग्रामीण इलाकों में रहने वाले हर गरीब और जरूरतमंद की समस्याओं का समाधान उसके घर पर मिले, इसलिए हर पंचायत में शिविर लगाये जा रहे हैं। सीएम ने कहा कि यहां अधिकारियों की पूरी टीम मौजूद है। आप सभी इन शिविरों में आकर कल्याणकारी योजनाओं से जुड़ें। उन्होंने कहा, कार्यक्रम के तहत आयोजित हो रहे सभी शिविरों पर मैं नजर रख रहा हूं। जिन शिविरों में जा रहा हूं, वहां यह देखने का प्रयास कर रहा हूं कि वास्तव में लाभुकों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है या नहीं। मुझे इस बात की बहुत खुशी है कि शिविरों में मेला जैसा माहौल है।

(शेष पेज 11 पर)




### श्रमिकों के हितों का पूरा ख्याल रख रहे हैं

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड से बड़ी संख्या में मजदूर दूसरे राज्यों में काम करने जाते हैं। इन प्रवासी मजदूरों के हित में भी सरकार ने कई कदम उठाये हैं। इस सिलसिले में हमारी सरकार विभिन्न राज्यों से करार करने जा रही है। इससे अगर किसी राज्य में झारखंड के किसी मजदूर को किसी तरह की समस्या होगी, तो उनकी मदद के लिए राज्य सरकार आगे आयेगी। मुख्यमंत्री ने मजदूरों से कहा कि वे अपना निबंधन श्रम विभाग के पोर्टल पर जरूर कराएं, ताकि सरकार के पास पूरा डाटा रहे कि कौन मजदूर किस राज्य में काम करने गया है। उन्होंने कहा कि अब बच्चियों को पढ़ाई के लिए पैसे की चिंता करने की जरूरत नहीं है। उनकी पढ़ाई का सारा खर्च सरकार उठायेगी। बच्चियों को अपनी पढ़ाई बीच में छोड़ने की जरूरत नहीं पड़ेगी, क्योंकि उन्हें सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से जोड़ा जा रहा है। अब यहां की बच्चियां पढ़-लिखकर इंजीनियर, डॉक्टर और अफसर बनेंगी।

## चक्रवात 'माइचौंग' का झारखंड में भी असर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

रांची। अगले 48 घंटों में भारत में तूफान आने की संभावना है। इस चक्रवात को 'माइचौंग' नाम दिया गया है। पूर्वोत्तर राज्यों में आये तूफान 'मिधिली' के बाद अब बंगाल की खाड़ी में एक और तूफान बढ़ रहा है। इससे लेकर मौसम विभाग ने कहा कि एक और चक्रवात आने वाला है। यह इस साल का चौथा तूफान होगा और इसके भारत, बांग्लादेश और म्यांमार तक अपना असर छोड़ने की संभावना है। इस कारण कई तटीय क्षेत्रों को अलर्ट पर रखा गया है। दक्षिण-पूर्व और उससे सटे दक्षिण पश्चिम बंगाल की खाड़ी पर बना दबाव पिछले तीन घंटे के दौरान 10 किमी प्रति घंटे की गति के साथ उत्तर पश्चिम की ओर बढ़ा है। इसके पश्चिम-उत्तर पश्चिम की ओर बढ़ने और 2 दिसंबर तक गहरे दबाव में तब्दील होने की संभावना है। 3 दिसंबर के आसपास दक्षिण पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक चक्रवात में तब्दील होने की आशंका है। इसके बाद, यह उत्तर पश्चिम की ओर बढ़ेगा। 4 दिसंबर की शाम के आसपास चक्रवात के रूप में चेन्नई और मछलीपट्टनम के बीच दक्षिण आंध्र प्रदेश और आसपास के उत्तरी तमिलनाडु तटों को पार करेगा। (शेष पेज 11 पर)



### झारखंड में क्या होगा असर

मौसम विज्ञान केंद्र रांची के वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया की झारखंड में इस तूफान का हल्का असर होगा। 4 से 6 दिसंबर तक कुछ जिलों में हल्की बारिश की संभावना है। वहीं, इस दौरान राज्य में बादल छाये रहने के आसार हैं।

## इडी रांची व साहिबगंज के कई पुलिसकर्मियों को भेजेगा समन

### गवाहों को प्रभावित करने का मामला

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) के गवाह विजय हांसदा को प्रभावित करने के मामले में रांची और साहेबगंज जिले के कई पुलिसकर्मियों को इडी समन भेजेगा। जानकारी के मुताबिक, एसपी नौशाद आलम से पूछताछ के बाद कई पुलिसकर्मियों के नाम सामने आये हैं। इसके बाद इडी अन्य पुलिसकर्मियों का भी बयान दर्ज करेगा। इडी ने नौशाद आलम से गवाह विजय हांसदा को प्रभावित करने के बारे में पूछताछ की, लेकिन आलम ने इस मामले में अपनी संलिप्तता से इनकार कर दिया। नौशाद आलम ने इडी को बताया गया कि साहिबगंज पुलिस ने विजय हांसदा को कोर्ट के निर्देश के बाद बॉडीगार्ड उपलब्ध करवाया था। आलम के साहिबगंज एसपी का पदभार ग्रहण करने के बाद विजय हांसदा ने सुप्रीम कोर्ट में एक केस के सिलसिले बॉडीगार्ड के साथ दिल्ली जाने को लेकर आवेदन दिया था। चूंकि जिस दिन विजय को दिल्ली जाना था, उस दिन रविवार था, ऐसे में रेल वारंट नहीं मिल पाया।

सुरक्षा को देखते हुए दुमका डीआइजी के आदेश पर विजय को बॉडीगार्ड के साथ दिल्ली जाने की इजाजत दी गयी। इस दौरान बॉडीगार्ड ने बिना रेलवे वारंट के जाने में असमर्थता जतायी और एसपी साहिबगंज से कंफर्म टिकट करवाने को कहा।

## भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 20 रन से हराया

**रायपुर।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच मैचों की टी-20 सीरीज का चौथा मुकाबला भारत ने 20 रन से जीत लिया है। इसके साथ ही टीम इंडिया ने सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त बना ली है।

**टी-20 सीरीज अपने नाम की**

रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 174 रन बनाये। इसके जवाब में कंगारू टीम 154 रन पर सिमट गयी और मैच के साथ सीरीज भी हार गयी।

## बीएसएफ जवानों पर देश को गर्व : शाह

### सीमा सुरक्षा बल के 59वें स्थापना दिवस पर गृहमंत्री ने किया देश के प्रहरियों को सलाम

**खबर मन्त्र संवाददाता**

दारू (हजारीबाग)। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के प्रशिक्षण केंद्र, मेरू में बीएसएफ का 59वां स्थापना दिवस शुक्रवार को धूमधाम से मनाया गया। यहां रानी लक्ष्मीबाई ग्राउंड में आयोजित रेजिंग डे के मुख्य अतिथि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह थे। मुख्य अतिथि परेड स्थल पर 10:15 पहुंचे, जहां उन्होंने बल के जवानों के परेड की सलामी ली। यहां पहुंचने के बाद गृह मंत्री व डीजी बीएसएफ नितिन अग्रवाल ने परेड का निरीक्षण किया। इसके कुछ देर बाद बीएसएफ के डीजी नितिन अग्रवाल ने अपना संबोधन शुरू किया। उन्होंने उपस्थित सभी का हार्दिक स्वागत करते हुए गृह मंत्री अमित शाह के प्रति विशेष आभार जताया। इस दौरान उन्होंने बीएसएफ के जवानों के कारनामों और उनकी उपलब्धियों के बारे में भी बात की। इसके बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपनी बात रखी। उन्होंने अपने संबोधन में बीएसएफ के बहादुर जवानों की सराहना की और कहा कि उनके भरोसे ही हम अपने घरों में चैन की नींद सोते हैं। अमित शाह ने कहा है कि यहां उपस्थित होना उनके लिए खुशी की बात है। कहा कि 1900 से ज्यादा प्रहरियों ने जीवन देकर बीएसएफ के उद्घोष वाक्य 'जीवन पर्यंत कर्तव्य' के प्रति समर्पण दिखाया है। माइनस 40 से 45 डिग्री तक के टेंपरेचर में काम किया है। बीएसएफ ने देश की सुरक्षा सुनिश्चित की है। बीएसएफ पर पूरा देश नाज करता है। उन्होंने कहा कि किसी भी सीमा पर दुश्मन ने जरा भी हलचल की, तो बीएसएफ के भरोसे हम आराम की नींद सोते हैं। एक बार सीमा प्रहरी मोर्चे पर हैं, तो किसी को चिंता की बात नहीं। मैं बीएसएफ पर गर्व करता हूं। (शेष पेज 11 पर)



**गहना आभूषण**

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 59,100 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 79,000 रु./प्रति किलो |

**तीसरी आंख**




प्रधानमंत्री मोदी ने 'ग्रीन क्रेडिट इनिशिएटिव' का किया आह्वान, कहा

# भारत ने पारिस्थितिकी और अर्थव्यवस्था के बीच बनाया संतुलन

**कॉप-28**

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को दुबई में कॉप-28 के विश्व जलवायु कार्रवाई शिखर सम्मेलन में कहा कि भारत ने पारिस्थितिकी और अर्थव्यवस्था के बीच संतुलन का एक उदाहरण स्थापित किया है। भारत में वैश्विक आबादी का 17 प्रतिशत हिस्सा है। इसके बावजूद वैश्विक कार्बन उत्सर्जन में भारत का योगदान 4 प्रतिशत से भी कम है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत दुनिया की उन कुछ अर्थव्यवस्थाओं में से एक है, जो एनडीसी लक्ष्यों को पूरा करने की राह पर है। मोदी ने वैश्विक मंच से प्रो-प्लैनेट, प्रो-एक्टिव और सकारात्मक पहल 'ग्रीन क्रेडिट इनिसिएटिव' का आह्वान किया। इसके साथ ही उन्होंने 2028 में भारत में कॉप-33 की मेजबानी करने का प्रस्ताव रखा। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन की शुरुआत 140 करोड़ भारतीयों की ओर से अभिवादन के साथ की। उन्होंने क्लाइमेट जस्टिस, क्लाइमेट फाइनेंस और ग्रीन क्रेडिट जैसे विषयों को निरंतर समर्थन के लिए कॉप के नेताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, हम सभी के प्रयासों से ये विश्वास बढ़ा है कि विश्व कल्याण के लिए सबके हितों की सुरक्षा और सबकी भागीदारी आवश्यक है।



### पीएम ने 2028 में भारत में कॉप-33 की मेजबानी करने का रखा प्रस्ताव

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने पारिस्थितिकी और अर्थव्यवस्था के बीच बेहतरीन संतुलन बनाते हुए दुनिया के सामने विकास का एक मॉडल पेश किया है। भारत में विश्व की 17 प्रतिशत आबादी होने के बावजूद ग्लोबल कार्बन एमिशन में हमारी हिस्सेदारी 4 प्रतिशत से भी कम है। भारत विश्व की उन कुछ अर्थव्यवस्थाओं में ये एक है, जो एनडीसी लक्ष्य को पूरा करने की राह पर है। उत्सर्जन की तीव्रता संबंधित लक्ष्यों को हमने 11 साल पहले ही हासिल कर लिया है। गैर जीवाश्म ईंधन लक्ष्य को भी निर्धारित समय से पहले ही हासिल कर चुके हैं। मोदी ने कहा कि भारत का लक्ष्य 2030 तक अपने सकल घरेलू उत्पाद की उत्सर्जन की तीव्रता को 45 प्रतिशत घटाना है।

(शेष पेज 11 पर)

## 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षा में श्रेणी नहीं देगा सीबीएसइ

### बोर्ड ने कहा, डिस्टिंक्शन भी नहीं मिलेगा

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसइ) के एक अधिकारी ने कहा कि 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में अब कोई समग्र डिवीजन (श्रेणी) या डिस्टिंक्शन नहीं दी जायेगी। सीबीएसइ के परीक्षा नियंत्रक सान्याम भारद्वाज ने शुक्रवार को कहा कि बोर्ड प्रत्येक विषय में अंक देने की प्रक्रिया जारी रखेगा और उच्च शिक्षण संस्थान या संबंधित रोजगार प्रदाता चाहें, तो कुल प्राप्तांक निकाल सकते हैं। उन्होंने कहा, कोई समग्र श्रेणी, विशेष योग्यता या कुल प्राप्तांक नहीं दिये जायेंगे। यदि किसी अभ्यर्थी ने पांच से अधिक विषयों में परीक्षा दी है, तो उसे प्रवेश देने वाला संस्थान या नियोक्ता, उसके लिए सर्वश्रेष्ठ पांच विषयों पर विचार करने का फैसला कर सकता है। भारद्वाज ने कहा कि बोर्ड अंक प्रतिशत की गणना नहीं करता है। अंक प्रतिशत की घोषणा नहीं करता है या सूचना नहीं देता है। उन्होंने कहा, यदि उच्च शिक्षा या रोजगार के लिए अंक प्रतिशत आवश्यक है, तो गणना प्रवेश देने वाले संस्थान या नियोक्ता द्वारा की जा सकती है।

### 4 दिसंबर को होगी अगली सुनवाई

# गिरिडीह के बर्खास्त मेयर सुनील पासवान के मामले में मेंटिबिलिटी पर सुनवाई जारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** गिरिडीह के बर्खास्त मेयर सुनील कुमार पासवान की ओर से उनके जाति प्रमाण पत्र को गलत बताते हुए रद्द करने के आदेश के खिलाफ दायर अपील की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में शुक्रवार को हुई। मामले में मेंटिबिलिटी (याचिका सुनवाई योग्य है या नहीं) पर सुनवाई जारी रही। राज्य सरकार की ओर से समय की मांग की गई। इसके बाद हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति रंगन मुखोपाध्याय की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने अगली सुनवाई सोमवार यानी 4 दिसंबर निर्धारित की है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता विनोद सिंह ने पैरवी की।

**सक्षम प्राधिकार ने निर्गत किया था जाति प्रमाण पत्र** : प्रार्थी की ओर से हाईकोर्ट को बताया गया था कि इनके पिता वर्ष 1982-83 में सरकारी सेवा पर रहते हुए सचिव, व्यापार मंडल गिरिडीह के पद पर थे। प्रार्थी की शिक्षा- दीक्षा एवं लालन पालन गिरिडीह में ही हुआ है। इस दौरान गिरिडीह के सक्षम प्राधिकार द्वारा इनका जाति प्रमाण पत्र भी निर्गत किया गया था। इन्होंने मुखिया का चुनाव सहित कुछ अन्य जनप्रतिनिधि का इलेक्शन लड़ा था, लेकिन उनके जाति प्रमाण पत्र पर सवाल नहीं उठाया गया था। मेयर का चुनाव लड़ने के बाद जाति प्रमाण पत्र सवाल उठाया गया। एकीकृत बिहार के समय से वह गिरिडीह में ही थे। इसलिए अनुसूचित जाति के फर्जी प्रमाण पत्र पर उनके द्वारा मेयर का चुनाव लड़ने का आरोप गलत है। उन्हें मेयर पद के अयोग्य घोषित किया जाना गलत निर्णय था।

दरअसल, एकल पीठ ने इस संबंध में प्रार्थी सुनील कुमार पासवान की रिट याचिका को खारिज कर दिया था। इसके बाद उनकी ओर से सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दाखिल की गई थी, सुप्रीम कोर्ट ने उनकी एसएलपी खारिज कर दी थी। इसके बाद उनकी ओर से खंडपीठ में अपील दायर की गई है। बता दें कि अनुसूचित जाति के फर्जी प्रमाण पत्र पर चुनाव लड़ने का आरोप सही पाए जाने के बाद सुनील पासवान को मेयर पद के अयोग्य घोषित किया गया था।

### जेबीवीएनएल ने 2024-2025 के लिए नियामक आयोग को ₹10800 करोड़ का सौंपा प्रस्ताव

# खर्च की भरपाई के लिए 25 प्रतिशत तक बिजली टैरिफ में वृद्धि का दिया प्रस्ताव






**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड बिजली वितरण निगम की ओर से साल दर साल बिजली दरों में वृद्धि का प्रस्ताव राज्य नियामक आयोग को सौंपा जाता है। इसी कड़ी में एक बार फिर से जेबीवीएनएल ने प्रस्ताव नियामक आयोग को सौंपा है। ये प्रस्ताव साल 2024-25 के लिए है। हर साल जेबीवीएनएल की ओर स 30 नवंबर को नया बिजली टैरिफ पिटीशन और एनुअल रेवन्यू रिक्वायरमेंट (एआरआर) झारखंड विद्युत नियामक आयोग में दाखिल किया जाता है।

इस बार निगम ने अपने खर्च के लिए 10800 करोड़ रुपए की जरूरत बताई है। इसी आधार पर बिजली टैरिफ बढ़ाने का आग्रह किया है। प्रस्ताव की मानें तो 10800 करोड़ की भरपाई के लिए करीब 25 प्रतिशत तक बिजली टैरिफ में वृद्धि का प्रस्ताव है। जेबीवीएनएल ने अपने पिटीशन में अभी किस वर्ग में कितनी बढ़ोतरी होगी, इसकी जानकारी नहीं दी है। खर्च की जरूरत के हिसाब से करीब 25 प्रतिशत बढ़ोतरी का प्रस्ताव है।

बता दें इस प्रस्ताव के आधार पर निगम आने वाले साल में जनसुनवाई करेगा। जिसके आधार पर नयी बिजली दरें तय होगी। फिलहाल निगम की ओर से साल 2023-24 के पिटीशन के लिए जनसुनवाई की तारीख घोषित की गयी है। फिलहाल इस प्रस्ताव के तहत जनसुनवाई की प्रक्रिया पूरी होने में पांच महीने का समय लगेगा। निगम को किसी भी प्रस्ताव के अध्ययन में इतना वक्त लगता है। इसके बाद निगम की ओर से आज जनता से सुझाव और आपत्ति की मांग की जाती है। जिसके आधार पर जनसुनवाई की जाती है। इसके पहले नियामक आयोग ने जून 2023 से झारखंड विद्युत जेबीवीएनएल की नयी टैरिफ की घोषणा की थी। यह टैरिफ वर्ष 2021-22 के लिए थी। अब 23-24 के टैरिफ पर जनसुनवाई होगी।

## झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग ने जारी की जनसुनवाई की तारीख, नयी टैरिफ निर्धारण जल्द

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राज्य नियामक आयोग की ओर से साल 2024 में नयी बिजली टैरिफ घोषित की जायेगी। इसके लिए जनसुनवाई की तारीख नियामक आयोग ने घोषित कर दी है। राज्य नियामक आयोग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार पांच जिलों में जनसुनवाई की होगी। इसके लिए स्थान और समय निर्धारित कर लिया गया है। जनसुनवाई 11 से 19 दिसंबर तक होगी। जनसुनवाई साल 2023-24 के पिटीशन पर होगी।

### कहां कहां होनी है जनसुनवाई

11 दिसंबर को डाल्टेनगंज के शिवाजी मैदान के पास स्थित टाउन हॉल में जनसुनवाई होगी वहीं 13 दिसंबर को चाईबासा के पिल्लई हॉल सदर बाजार में दिन के 2 : 30 बजे से होगी जबकि 15 दिसंबर को धनबाद गोल्फ मैदान समीप टाउन हॉल में दिन के 2 :30 बजे से जनसुनवाई की जायेगी। इधर 18 दिसंबर को देवघर के नंदन पहाड़ स्थित शिल्पग्राम सभागार में 11 :30 बजे से और 19 दिसंबर को रांची के करमटोली चौक स्थित आइएमए हॉल में दिन के 2 :30 बजे से जनसुनवाई का आयोजन किया जायेगा।

झारखंड बिजली वितरण निगम की ओर से पिटीशन पहले ही दाखिल कर दिया गया है। इसके पहले 15 सितंबर को जेबीवीएनएल की ओर से सूचना जारी कर आम जनता से आपत्ति और सुझाव की मांग की गयी थी। बता दें जनसुनवाई पूरी होते ही आयोग की ओर से एक सप्ताह के अंदर नयी बिजली दर तय की जायेगी। जिसे जनवरी तक घोषित कर दिये जाने की संभावना है।


## हजारीबाग नगर निगम, हजारीबाग

### अल्पकालीन दर कोटेशन आमंत्रण सूचना

हजारीबाग नगर निगम कार्यालय भण्डारगृह में निम्नलिखित लेखन सामग्रियों की आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्म / एजेन्सी / स्थानीय दुकानदार दिनांक 15.12.2023 को अपराह्न 2:00 बजे तक निगम कार्यालय में कोटेशन जमा कर सकते है। कोटेशन उसी दिन अपराह्न 3.00 बजे खोला जायेगा। समय अवधि के पश्चात् प्राप्त कोटेशन पर विचार नहीं किया जायेगा एवं बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित होगा। कोटेशन सभी करो के साथ अंकित करना होगा एवं PAN कार्ड एवं GST निबंधन संलग्न करना अनिवार्य होगा।

**नोट :–** सामग्री की सूची एवं शर्ते कार्यालय सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

प्रशासक
नगर निगम, हजारीबाग

PR 312438 Urban Development and Housing(23-24)#D


## प्रपत्र VI 'क'
## झारखण्ड सरकार
## राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग (भू–अर्जन निदेशालय) या समाहर्त्ता या समुचित सरकार

### प्रारंभिक अधिसूचना

(अधिनियम–30 / 2013 की धारा–11 (1) के अधीन)

संख्या– 1820 / भू0अ0, रामगढ़ दिनांक 28 / 11 / 2023

चूंकि झारखण्ड सरकार / समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि **मौजा उसरा, थाना नं0 108, राजस्व थाना रजरप्पा, अंचल दुलमी, जिला रामगढ़** में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा ललकी घाटी से छत्तरमाण्डू भाया लिचिंग चौक (लम्बाई 10.91 कि0मी0) तक पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य हेतु अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2 (1) (ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किए गए है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि मौजा उसरा, थाना नं0 108, राजस्व थाना रजरप्पा, अंचल दुलमी, जिला रामगढ़ में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश **0.40** एकड़ यानि **0.16187** हेक्टेयर मानक माप का अर्जनाधीन भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है :–

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 38 | 02 | रैयती | – | 0.02 | फागु साव, पिता रामप्रसाद साव चन्द्रनारायण साव, पिता धनीलाल साव | सीमा बहातु | सागर साव | नीज | रास्ता |
| 2 | 58 | 03 | रैयती | – | 0.03 | फागु साव, पिता रामप्रसाद साव चन्द्रनारायण साव, पिता धनीलाल साव | फहगु साव | रमण महतो | नीज | रास्ता |
| 3 | 48 | 04 | रैयती | – | 0.025 | सागर साव वगै0 पिता रामदास साव | नीज | रमण महतो | नीज | रास्ता |
| 4 | 48 | 4 | रैयती | – | 0.03 | चैता महतो वगै0 पिता चतुर्गुन महतो, फलीन्द्र महतो वगै0 पिता शहजनाथ महतो, चन्द्रमोहन महतो वगै0 | सागर साव | चैता महतो | नीज | रास्ता |
| 5 | 25 | 5 | रैयती | – | 0.05 | जयराम महतो वगै0 | रमण महतो | नीज | नीज | रास्ता |
| 6 | 25 | 67 | रैयती | – | 0.01 | रमण महतो, जयनंदन महतो पिता बंषी महतो | परती कदीम | नीज | नीज | रास्ता |
| 7 | 48 | 68 | रैयती | आवासीय | 0.015 | जागो महतो, पिता नन्हकु महतो | जयराम महतो | जागो महतो | नीज | रास्ता |
| 8 | 58 | 69 | रैयती | टांड | 0.015 | रावण महतो, पिता बाबुलाल महतो | जयनंदन महतो | रावण महतो | नीज | रास्ता |
| 9 | 48 | 71 | रैयती | आवासीय | 0.01 | कैला महतो पिता बाबुलाल महतो उदु महतो पिता बाबुलाल महतो, जागो महतो | जागो महतो | जोधन महतो | नीज | रास्ता |
| 10 | 48 | 71 | रैयती | आवासीय | 0.015 | फोकन महतो, जगलाल महतो पिता नन्हकु महतो | 116 | 121 | सड़क | अंश |
| 11 | 38 | 72 | रैयती | आवासीय | 0.015 | बाबुलाल महतो, नन्हकु महतो | सड़क | अंश | अंश | सड़क |
| 12 | 58 | 73 | रैयती | टांड | 0.015 | कुंवर महतो, सीताराम महतो | 121 | 120 | सड़क | अंश |
| 13 | 08 | 78 | रैयती | टांड | 0.04 | कुंवर महतो, सीताराम महतो | 121 | 120 | सड़क | अंश |
| 14 | 64 | 103 | रैयती | आवासीय | 0.05 | राजेन्द महतो, पिता तिजु महतो | 722 | 120 | सड़क | अंश |
| 15 | 10 | 107 | रैयती | आवासीय | 0.025 | कौलेश्वर महतो वगै0 | 122 | 120 | सड़क | अंश |
| 16 | 15 | 108 | रैयती | आवासीय | 0.01 | सचिन कुमार वगै0 | 121 | 120 | सड़क | अंश |
| 17 | 59 | 109 | रैयती | टांड | 0.01 | पुनीत महतो वगै0 | 125 | 123 | सड़क | अंश |
| 18 | 53 | 110 | रैयती | टांड | 0.015 | चीना महतो वगै0 | सड़क | अंश | 126 | 126 |
| | | | कुल रकबा | | 0.40 | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013 (अधिनियम संख्या 30 / 2013), की धारा–11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, रामगढ़ के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार / समाहर्त्ता–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यो के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, रामगढ़ और संबंधित राजस्व कर्मचारी, पतरातू अंचल को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11 (4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्व अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय / विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नही करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अन्दर भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियां हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, रामगढ़ के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

| ह0/– | ह0/– | ह0/– | ह0/– |
|---|---|---|---|
| **कानूनगो,** रामगढ़। | **जिला भू–अर्जन पदाधिकारी,** रामगढ़। | **अपर समाहर्त्ता,** रामगढ़। | **उपायुक्त,** रामगढ़। |

PR 312507 (Land Reforms) 23-24 (D)

### सुदेश महतो ने राज्य सरकार पर बोला हमला

# झारखंड के युवा शौक से नहीं कर रहे पलायन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने राज्य सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि हेमंत सोरेन के दावे, वादे और भाषण झूठ का पुलिंदा है। सरकार राज्य में रोजगार की व्यवस्था सुनिश्चित करने में विफल है। यही वजह है कि झारखंड के आठ लाख लोग दूसरे राज्यों में मजदूरी और दिहाड़ी करने को विवश हैं। ये शौक से पलायन नहीं करते हैं।

श्री महतो अपने आवासीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में ये बातें कही। इस दौरान पार्टी के वरिष्ठ नेता रोशनलाल चौधरी के नेतृत्व में बड़कागांव विधायक के प्रशासनिक प्रतिनिधि समेत कांग्रेस के कई पदाधिकारियों ने पार्टी की सदयस्ता ग्रहण की।

सुदेश कुमार महतो ने कहा कि सरकार जमीनी हकीकत पर योजनाबद्ध काम करने के बजाय भावनात्मक भाषणबाजी कर अपनी नाकामियां छुपाने में जुटी है। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में जमा किए गए आवेदन और उसके निस्पादन का मूल्यांकन कर बताए साथ में ये भी बताए की वर्तमान में योजना के चयन में ग्राम सभा कहां है। मुख्यमंत्री सबसे ज्यादा आदिवासियों को धोखा दे रहे हैं।

पार्टी में शामिल हुए सभी लोगों का स्वागत करते हुए उन्होंने कहा कि इन्हें जनता के हक की लड़ाई लड़ने और उनके अधिकार की बात को सरकार तक पहुँचाने का मंच आजसू पार्टी देगी। उन्होंने कहा कि केंद्रीय समिति और पार्टी के भावी कार्यक्रमों की घोषणा जल्द की जाएगी।

## झामुमो ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के दौरे पर उठाये सवाल




**रांची।** झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्या ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के झारखंड दौरे में बीएसएफ के रेजिंग डे कार्यक्रम में भाजपा नेताओं के जमावड़े का आरोप लगाया है। श्री भट्टाचार्या ने कहा कि प्रधानमंत्री से लेकर गृहमंत्री, केंद्रीय मंत्री बार-बार झारखंड दौरे पर आ रहे हैं, वह बार-बार नैनो फर्टीलाइजर कंपनी जाते हैं, लेकिन रांची के एचईसी को देखने तक नहीं जाते। उस पर एक शब्द नहीं बोलते, इसकी वजह भाजपा के नेताओं को बतानी चाहिए। सभी पांच राज्यों की जनता ने बोल दिया है 'एग्जिट भाजपा': झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्या ने कहा कि एग्जिट पोल की संभावनाओं से इतर जो जानकारी हमें अपने पॉलिटिकल मित्रों से मिली है उसके अनुसार पांचों राज्यों में भाजपा की हार तय है। झामुमो नेता ने कहा कि इन सभी राज्यों की जनता ने कह दिया है एग्जिट भाजपा।

## सुरक्षा बलों को राजनीतिक एजेंडे में ना घसीटे झामुमो : प्रतुल शाहदेव

### भाजपा का झामुमो पर पलटवार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने झामुमो के उस बयान पर पलटवार किया है, जिसमें सुरक्षा बलों के खिलाफ अपमानजनक शब्द कहा गया था। उन्होंने सीमा की सुरक्षा में लगे सुरक्षा बलों को अपनी घटिया राजनीतिक एजेंडा नहीं बनाने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि पूरे देश को इस बात का गर्व है कि विश्व का सबसे बड़ा अर्धसैनिक बल बीएसएफ अपना 59वां स्थापना दिवस मना रहा है लेकिन, झामुमो इस पर भी अपनी विकृत मानसिकता से उबर नहीं सकी। उन्होने कहा कि यह एक सरकारी कार्यक्रम था और कार्यक्रम में भाजपा के सांसद और विधायक आमंत्रित थे, जिन्होंने शिरकत की। उन्होंने कहा कि राजनीति की एक मर्यादा होती है। जिसमें सेना और सुरक्षा बलों को राजनीति में नहीं घसीटा जाता लेकिन, कभी कांग्रेस सेना के सर्जिकल स्ट्राइक पर प्रश्न उठाती है तो कभी झामुमो सुरक्षा बलों के कार्यक्रमों पर अपनी ओछी टिप्पणी करने से बाज नहीं आती। झारखंड में अपनी आसन्न हार से बौखलाई झामुमो सारी राजनीतिक मयार्दाओं को भूल गई है।

उन्होंने कहा कि जिस एचईसी के लिये झामुमो घड़ियाली आंसू बहा रही है। उसकी वास्तविक दुर्दशा तो 2004 से 2014 के बीच में यूपीए के शासनकाल में हुई थी। इन सरकारों में झामुमो की भी सत्ता में हिस्सेदारी थी तब तो रांची से भी एक केंद्रीय मंत्री होते थे लेकिन एचईसी के वर्क आर्डर को छीनकर कमीशन के लिए निजी कंपनियों को दे दिया गया। केंद्र की वर्तमान सरकार एचईसी के लिए गंभीर और संवेदनशील है। उन्होंने कहा कि पांच राज्यों के एग्जिट पोल से झामुमो बौखला गई है। पांचों राज्यों में भाजपा की सरकार स्पष्ट रूप से बनती दिख रही है।

## भाजपा महिला मोर्चा के राष्ट्रीय प्रवास को लेकर अहम बैठक

**रांची।** भाजपा महिला मोर्चा का 12 और 13 दिसंबर को राज्य के प्रत्येक जिले में राष्ट्रीय महिला मोर्चा का प्रवास कार्यक्रम सुनिश्चित हुआ है। इस प्रवास को लेकर भाजपा मुख्यालय में एक अहम बैठक मोर्चा की गयी। इसकी अध्यक्षता आरती कुजूर ने की। राष्ट्रीय प्रवास प्रदेश के 27 जिला में किया जायेगा। यह बूथ स्तर से लेकर जिला स्तर तक सभी पंचायत, मंडल विधानसभा के स्तर पर किया जायेगा। आगामी होने वाले लोकसभा तथा विधानसभा चुनाव के मद्देनजर तैयारी को सुनिश्चित की जायेगी। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय महिला मोर्चा से आने वाली बहनों के द्वारा प्रत्येक जिले में कार्यक्रम की जाएगी। आरती कुजूर ने कहा कि केंद्रीय कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाएं। बैठक में पूर्व विधायक मेनका सरदार, मंजू लता दुबे, डॉक्टर सीमा सिंह, रूपा सिंह, सरिता पांडे, रीता शर्मा, रेनू तिर्की, नीलम चौधरी, रंजीता सिंह, रमा सिन्हा, लवली गुप्ता, सुचिता सिंह, कल्याणी पांडे, लक्ष्मी कुमारी, जय श्री इंदवार इत्यादि उपस्थित हुईं।

# सनातन विरोधी व पाखंडी है झारखंड की गठबंधन सरकार : दीपक प्रकाश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा सांसद दीपक प्रकाश ने कहा है कि झारखंड की सरकार सनातन विरोधी और पाखंडी है। दरअसल, बाबा बागेश्वर धाम के हनुमंत कथावाचक पंडित धीरेंद्र शास्त्री के कार्यक्रम को रद्द किया गया है। बाबा बागेश्वर धाम के कथावाचक पंडित धीरेंद्र शास्त्री के पलामू में 10 से 12 दिसंबर तक आयोजित होने वाले कार्यक्रम को अनुमति नहीं दिये जाने पर भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने राज्य सरकार पर हिन्दू और सनातन विरोधी होने का आरोप लगाते हुये कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री को तुष्टिकरण की राजनीति बंद करनी चाहिये। उन्होंने कहा कि एक विशेष वर्ग को खुश करने के उद्देश्य से राज्य की हेमंत सरकार हिन्दू और सनातन धर्म को मानने वालों का विरोध कर रही है। उन्होंने हेमंत सरकार को अपने हिन्दू विरोधी मानसिकता से बाहर आने का सुझाव देते हुए कहा कि राज्य की हिन्दू समाज अब जाग चुका है। अगर राज्य सरकार अपनी इस मानसिकता से बाहर नहीं आयी तो इसका जबाब जनता आने वाले चुनाव में जोरदार तरीके से देगी।

### राजधानी में आयोजित दो दिवसीय विधानसभा विस्तारक प्रशिक्षण वर्ग संपन्न

# 'राष्ट्र प्रथम' के विचार को निरंतर आगे बढ़ा रही है भाजपा : नागेंद्र त्रिपाठी

**एकात्म मानववाद दर्शन के साथ अंत्योदय को समर्पित है पार्टी**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** प्रदेश भाजपा की ओर से रांची के चिरौंदी स्थित शगुन बैंक्वेट हॉल में आयोजित दो दिवसीय विधानसभा विस्तारक प्रशिक्षण वर्ग संपन्न हुआ। 30 नवंबर और 1 दिसंबर को आयोजित आवासीय प्रशिक्षण वर्ग में विस्तारकों को सांगठनिक कार्यों की विस्तृत जानकारी दी गई। समापन सत्र को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी ने जनसंघ से लेकर भाजपा तक की विकास यात्रा, एकात्म मानववाद और अंत्योदय के संकल्प एभाजपा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डाला। श्री त्रिपाठी ने कहा कि जनसंघ से लेकर भाजपा तक की विकास यात्रा में राष्ट्र प्रथम के विचार समाहित हैं। जिसको पार्टी जनसंघ काल से साकार कर रही है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की एकता और अखंडता की रक्षा के लिए स्वतंत्र भारत में पहला बलिदान पार्टी के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जम्मू कश्मीर में लागू दो विधान दो प्रधान और दो निशान के खिलाफ दी। उन्होंने कहा कि आपातकाल के खिलाफ लोकतंत्र की रक्षा के लिए लाखों कार्यकर्ताओं ने संघर्ष किया, लेकिन विचारों से समझौता नहीं किया। उन्होंने कहा कि जनसंघ के बाद भाजपा की यात्रा में हमारी पंच निष्ठाएं करोड़ों कार्यकर्ताओं को प्रेरित कर रही हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के लिए संकल्पित है जिसमे भारत हजारों साल पुराना राष्ट्र है। हमारी गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत है। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का सांस्कृतिक गौरव पुनः प्रतिष्ठित हो रहा है।

प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग वैचारिक प्रतिबद्धता को बल प्रदान करता है। संगठन और समाज के बीच समन्वय का सूत्र प्रशिक्षण का मूल तत्व है। प्रो मनोज कुमार सिंह ने विस्तारकों की भूमिका पर विस्तृत प्रकाश डाला।

प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय ने चुनाव प्रबंधन विषय और सोशल मीडिया प्रभारी राहुल अवस्थी ने सोशल मीडिया से संबंधित जानकारियां दी।वर्ग को सफल बनाने में विस्तारको का कार्य देख रहे प्रदेश मीडिया सह प्रभारी योगेंद्र प्रताप सिंह, प्रदेश प्रवक्ता सरोज सिंह, रमेश सिंह शामिल थे।

# ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए झारखंड की टीम घोषित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज क्रिकेट टूर्नामेंट 2023-24 के लिए झारखंड की टीम घोषित कर दी गई है। यह टूर्नामेंट 15 दिसंबर से 21 दिसंबर तक नयी दिल्ली में निर्धारित है। केंद्रीय सिविल सेवा सांस्कृतिक केंद्र क्रीड़ा बोर्ड के पत्र के बाद राज्य सरकार ने क्रिकेट खेलने के लिए इच्छुक नियमित राज्य कर्मियों का चयन का ट्रायल 20 नवंबर को आयोजित किया था। पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के द्वारा गठित चयन समिति द्वारा केंद्रीय सिविल सेवा संस्कृति कैंप के क्रीड़ा बोर्ड की नियम एवं शर्तों के अधीन ट्रायल में शामिल हुए पदाधिकारी कर्मियों में से 25 पदाधिकारियों का चयन झारखंड टीम के रूप में किया गया है। इस टीम में तीन भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी, एक भारतीय वन सेवा के अधिकारी सहित सहायक शिक्षक, सहकारिता पदाधिकारी डॉक्टर, एसओ इत्यादि शामिल हैं जो टूर्नामेंट में भाग लेंगे। सभी पदाधिकारियों का प्रशिक्षण 10 दिसंबर तक मेकॉन स्टेडियम में सुबह 7:00 बजे से 10:00 बजे तक किया गया है। इसके बाद सभी चयनित पदाधिकारी नई दिल्ली के लिए रवाना होंगे।



## ग्रामीण विकास सचिव चंद्रशेखर के नेतृत्व में 25 सदस्यीय टीम का चयन

### झारखंड टीम में ये होंगे शामिल

ग्रामीण विकास सचिव चंद्रशेखर, उपायुक्त सरायकेला खरसावां रवि शंकर शुक्ला, नगर आयुक्त मेदनीनगर नगर निगम मोहम्मद जावेद, वन प्रमंडल पदाधिकारी सारंडा अभिरूप सिन्हा, सहायक शिक्षक जगजीत सिंह, लिपिक श्रीजल कुमार मुरमू, सहायक प्र शाखा पदाधिकारी अभिषेक कुमार राम, सहायक शिक्षक पीयूष कुमार, प्रशाखा पदाधिकारी डॉक्टर नेपोलियन, जिला सहकारिता पदाधिकारी हजारीबाग मनोज कुमार, फूड सेफ्टी ऑफिसर अमित कुमार राम, कार्यपालक अभियंता राहुल श्रीवास्तव, दीपक कुमार सिंह, प्रशाखा पदाधिकारी पीयूष कुमार, सहायक शिक्षक नीतीश कुमार सिंह, प्रशाखा पदाधिकारी राजीव रंजन, लिपिक हेमंत कुमार, सहायक शिक्षक राघवेंद्र कुमार चौधरी, सहायक शिक्षक रोशन प्रसाद, सहायक शिक्षक पंकज कुमार, सहायक शिक्षक उज्जवल पाल, सहायक शिक्षक अखिलेश चतुर्वेदी, सहायक शिक्षक अशोक कुमार, सहायक शिक्षक आलोक कुमार श्रीवास्तव जिला खेल पदाधिकारी सरायकेला अमित कुमार।

### ये होंगे टीम मैनेजर, कोच और नोडल अफसर

टीम के मैनेजर राहुल कुमार जिला खेल पदाधिकारी पाकुड़, टीम के कोच चंचल भट्टाचार्य, क्रिकेट प्रशिक्षक प्रदीप खन्ना व नोडल ऑफिसर मनीष कुमार उपनिदेशक खेलकूद को बनाया गया है।

---

कांग्रेस और भाजपा नेताओं ने एयरपोर्ट पर श्रमिकों का किया स्वागत

# श्रमिकों के साथ झारखंड की जनता की दुआ काम आयी : राजेश ठाकुर



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** उत्तरकाशी के सिलक्यारा सुरंग में फंसे श्रमिकों की शुक्रवार को बिरसा मुंडा हवाई अड्डे पर सकुशल वापसी पर कांग्रेस और भाजपा के नेताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के नेतृत्व में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी द्वारा झारखंड के सभी 15 श्रमिकों को पारंपरिक अगंवस्त्र देकर स्वागत किया गया। साथ ही प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने सुरंग में फंसे श्रमिकों के बचाव कार्य में लगे पूरी बचाव टीम को सलाम करते हुए उनकी सराहना की है और कहा कि जिनके कौशल और साहस का परिणाम सामने आया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने हर्ष व्यक्त किया और कहा कि झारखंड के सवा तीन करोड़ जनता की दुआओं का परिणाम आज सामने है कि राष्ट्रहित में योगदान करने वाले हमारे सभी श्रमिक सकुशल अपने परिवार के पास पहुंचे लेकिन हमें सुरंग के ढहने से उठे सवालों पर भी गंभीरता से विचार करना होगा कि सिविल निर्माण और अन्य परियोजना की योजना की डिजाइन और क्रियान्वयन के मामले में विफलता भी सामने आई है। उन्होंने कहा कि वैसी सभी परियोजनाएं जिनका क्रियान्वयन जारी है उसका मूल्यांकन किया जाना चाहिए ताकि इस तरह का हादसा दुबारा घटित न हो। उन्होंने कहा कि बचाव कार्य को अंतिम मुकाम पहुंचाने वाले मो. इरशाद और नासीर हुसैन, सूर्य मोहन राय समेत सभी रैट हॉल माइनर्स साथियों के आदम्य साहस एवं कौशल को हम सलाम करते हैं। उन्होंने झारखंड सरकार की संवेदनशीलता पर आभार जताते हुए कहा कि झारखंड सरकार ने अधिकारियों को भेजकर राज्य के तमाम श्रमिकों को हवाई जहाज से लाने का काम किया जो सरकार की प्रतिबद्धता का जताती है कि वो राज्य के हरेक व्यक्ति की चिंता करती है।

स्वागत करने वालों में प्रदेश कांग्रेस महासचिव सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा, अमुल्य नीरज खलखो, कृषि विपणन के अध्यक्ष रवीन्द्र सिंह, सतीश पाल मुंजनी, गो सेवा आयोग अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद, आवास बोर्ड के चेयरमैन संजय लाल पासवान सहित अन्य कांग्रेसजन शामिल थे। वहीं भाजपा के सांसद संजय सेठ, राज्सयसभा सांसद दीपक प्रकाश, प्रदेश महामंत्री समेत अन्य भाजपा नेता थे।

---

भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक संपन्न

# हर चुनौतियों का सामना करने को तैयार रहें युवा कार्यकर्ता : नागेंद्र

## भाजपा की रीढ़ है युवा मोर्चा : कर्मवीर सिंह

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र जी ने कहा है कि हर चुनौतियों का सामना करने के लिए युवा तैयार रहें। नागेंद्र जी शुक्रवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति बैठक सह मंडल सशक्तिकरण अभियान प्रशिक्षण वर्ग में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। यह आयोजन धुर्वा के मेफेयर बैंक्वेट हॉल में किया गया था। भाजपा क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी ने उद्धघाटन सत्र में पार्टी की स्थापना, विचारधारा और एकात्म मानववाद के विषय में सभी कार्यकर्ताओं को बताया। उन्होंने कहा कि देश को आजादी दिलाने के लिए कई आंदोलन किये गये। देश की एकता एएकात्मता की निष्ठा प्रतिबद्धता के साथ राष्ट्रीय की उन्नति के लिये कार्य करने की




आवश्यकता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से लोकतंत्र में शोषणमुक्त समाज, सर्वधर्म सम्मान, मूल्य आधारित राजनीति की व्याख्या करते हुये सभी को इन विचारधाराओं पर कदम बढ़ाने की अपील की। मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी ने स्वागत भाषण एवं विषय प्रवेश कराया।

भाजयुमो राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य अरविंद दमानी ने टॉप 5 के फ्रेजयल 5 को नरेट करते हुए सभी को संबोधित किया और स्लाइड के माध्यम से इसकी जानकारी दी। अमनदीप सिंह ने सोशल मीडिया के माध्यम से चुनाव संबंधित कार्यो को निष्पादन करने के बारे में बताते हुए कहा कि भाजपा संगठन की रीढ़ की हड्डी युवा मोर्चा होता हैए युवा मोर्चा के युवा अगर मंडल सशक्तिकरण अभियान के तहत मजबूत से कार्य करती है तो पार्टी भी मजबूती स्थिति में होती हैए जिला स्तर से लेकर मंडल स्तर और बूथ लेवल तक को मजबूत करना निश्चित करना होगा। उन्होंने कहा कि वन बूथ 20 यूथ के कार्य के तहत हमे हर बूथ को मजबूत करना है। साथ ही, चुनाव संबंधित कार्यों को समय पर करने को कहा साथ सोशल मीडिया के माध्यम से सभी युवा एक्टिव हो कर केंद्र और उनकी योजनाओं का प्रचार प्रसार करते रहना चाहिये।

भाजयुमो राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य शशांक राज ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं रोजगार के बारे में सभी को बताते हुए कहा कि पहली बार ऐसा हुआ है कि किसी पार्टी ने अपने घोषणा पत्र में सॉक्सब नीति को लाया है और 34 साल बाद शिक्षा नीति को लाया गया हैए ये भाजपा पार्टी के द्वारा लाया गया है। ये सारा विजन देश के प्रधानमंत्री जी का सपना था और उसको आगे बढ़ाने की पहल की गई है।इस शिक्षा नीति को सामाजिकए नैतिक और भौतिक का समागम कर के लाया गया है। स्किल एजुकेशन, क्वालिटी एजुकेशन, डिजिटल एजुकेशन और कई योजनाओं के तहत शिक्षा नीति को लाया गया है। भाजयुमो के प्रदेश प्रभारी विनय जयसवाल ने युवा मोर्चा के जिला एवं मंडल स्तर कार्यक्रमों की समीक्षा की। साथ साथ उन्होंने पार्टी के कार्यों पर प्रकाश डाला। मंच के संचालन प्रदेश महामंत्री रूपेश सिन्हा एवं धन्यवाद ज्ञापन मनीष दुबे ने किया।

बैठक में मनीष दुबे, भूपेंद्र सिंह, सूर्य प्रभात, निशांत कुमार, सत्यदेव मुंडा, पवन पासवान, शौर्य पूजा सिंह, अमित साहू, अस्मित सिंह सेठी, अजात शत्रु, अमन यादव, अमन जायसवाल, प्रियांक भगत, अमिताभ धीरज, राहुल शाहदेव, सुमन सौरव, अमन यादव, रीतेश सिंह, अजय भारती आदि थे।

---

# एड्स को लेकर जागरूकता जरूरी : बन्ना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में विश्व एड्स दिवस को लेकर शुक्रवार को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि राज्य में 15326 एड्स के मरीज हैं, लेकिन लोगों को जागरूक और सावधान रहने की जरूरत है। तभी इसका खात्मा संभव है। झारखंड मे संस्थागत प्रसव में बढ़ोतरी हुई है जबकि मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर में राष्ट्रीय औसत




की तुलना में झारखंड में कमी आई है। मौके पर डीएसपीएमयू के कुलपति तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि आज हम संकल्प लें कि न सिर्फ भारत बल्कि पूरे विश्व से एड्स को खत्म करेंगे। 15 से 49 साल के आयु के बीच के 25 लाख लोग एचआईवी पॉजिटिव हैं लेकिन इसके उन्मूलन की दिशा में हम सभी आगे बढ़ रहे हैं। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किए। मौके पर परियोजना निदेशक जय किशोर प्रसाद, प्रमुख स्वास्थ्य सेवा बीरेंद्र प्रसाद सिंह, प्रो अब्बास मौजूद थे।

---

# नवंबर में 7.2 एमटी कोयले का उत्पादन कर सीसीएल ने बनाया नया कीर्तिमान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीसीएल ने वर्तमान वित्तीय वर्ष के नवंबर माह में शानदार प्रदर्शन करते हुए 7.2 मिलियन टन कोयले का उत्पादन कर कंपनी ने नया कीर्तिमान बनाया है। ज्ञात हो कि स्थापना के बाद पहली बार सीसीएल ने नवंबर में 7 मिलियन टन के आंकड़े को पार कर यह उपलब्धि हासिल की है। प्रबंधन का मानना है कि कंपनी आगे भी अच्छा प्रदर्शन कर निर्धारित लक्ष्य को पार अवश्य करेगी। कंपनी के जनसंपर्क




विभाग के मुताबिक सीएमडी डॉ. बी. वीरा रेड्डी के नेतृत्व और भारत सरकार एवं कोयला मंत्रालय के दिशानिर्देश में देश की ऊर्जा जरूरत को पूरा करने के लिए कंपनी उत्पादन लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में सतत प्रयासरत है।

---

# वैश्य मोर्चा ने शुरू किया 'झंडा लगाओ' अभियान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा की ओर से शुक्रवार को झंडा लगाओ अभियान की शुरूआत की गई। केंद्रीय पदाधिकारियों, सदस्यों, जिलाध्यक्ष और प्रकोष्ठ संगठन के सदस्य अपने-अपने घरों, प्रतिष्ठानों, दुकानों में वैश्य मोर्चा का झंडा लगा कर इस अभियान की शुरूआत की। प्रातः 7 बजे केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने अपने भुरकुंडा स्थित आवास के ऊपर झंडा लगाया। कार्यकारी अध्यक्ष हीरानाथ साहु ने कांके में, वरीय उपाध्यक्ष मोहन साव गोमिया में, संजीव चौधरी पंडरा में, केंद्रीय महासचिव दिनेश्वर मंडल तेनुघाट में, केंद्रीय सचिव रामाशंकर राजन हेसालौंग में, अनिल वैश्य रांची में, महिला मोर्चा की महासचिव पूनम जायसवाल रांची में, युवा मोर्चा अध्यक्ष हलधर साहु



सुकुरहुट्टू में, राजेश साव तुलबुल में, दिवाकर साहु ओरमांझी में झंडा लगाओ अभियान में शामिल हुए। इस अवसर पर वैश्य मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने कहा कि वैश्य समाज का यह झंडा हमारे स्वाभिमान का प्रतीक है।

---

# झारखंड में सीटों को लेकर इंडिया गठबंधन में मतभेद

## सीट बंटवारे को लेकर सभी दलों के दावे अलग-अलग

**सत्येन्द्र**

**रांची।** मिशन 2024 को लेकर राज्य के अंदर सियासी फतह करने के लिए इंडिया गठबंधन में शामिल दलों के बीच सीटों के बांटवारे को लेकर आपस में ही घमासान मचा हुआ है। बिहार की राजधानी पटना में जब नीतिश कुमार की अगुवाई में इंडिया गठबंधन को स्वरूप दिया जा रहा था। तत्कालीन समय में यह तय हुआ था कि राष्ट्रीय स्तर पर नवगठित इंडिया गठबंधन मजबूती से खड़ा होकर के मोदी के मुखालफत की राजनीति करेगा। इसके बावजूद राष्ट्रीय स्तर की बात छोड़ दे तो राज्य स्तर पर ही गठबंधन में शामिल दलों के बीच सीटों को लेकर आपसी घमासान मच गया है। सूत्रों की माने तो झारखंड की 14 सीटों में से 9 सीटों पर कांग्रेस चुनाव लड़ेगी, जबकि 9 सीट पर दावेदारी झारखंड मुक्ति मोर्चा ने भी कर दी है। आरजेडी ने चार सीटों पर अपना दावा ठोका है। जदयू भी 2024 की लड़ाई के लिए मैदान में उतर गई है। इसकी घोषणा झारखंड दौरे पर आए जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह एवं प्रदेश प्रभारी अशोक चौधरी ने कर दी है। वहीं वामपंथी दलों ने पूर्व में ही लोकसभा चुनाव लड़ने की बात कहकर दलों के बीच बेचैनी बढ़ा दी है। गठबंधन में शामिल दलों का स्पष्ट कहना है कि हम अपनी तैयारी कर रहे है। गठबंधन में सीटे मिलेगी तो अच्छा रहेगा अन्यथा हम अपने भरोसे पर मैदान में उतरेंगे।

### जदयू के दावे ने बढ़ायी बेचैनी

मालूम हो कि झारखंड के अंदर इंडिया गठबंधन में शामिल दलों के बीच बेचैनी तब बढ़ गयी जब नीतीश की जेडीयू ने झारखंड में चुनाव लड़ने का ऐलान किया। 29 और 30 नवंबर को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह और झारखंड के जदयू प्रभारी अशोक चौधरी ने पार्टी कार्यकताओं के साथ मंथन किया। झारखंड में किस राजनीति के तहत जाना है इस पर चर्चा हुई। लेकिन उसके बाद जो बात कही गई उसने झारखंड की सियासत में एक नई लड़ाई शुरू कर दी। बैठक के बाद पार्टी के झारखंड प्रभारी अशोक चौधरी से मीडिया ने पूछा कि जो स्थिति झारखंड की है उसमें सीट बंटवारे का जो समीकरण फिलहाल बनता दिख रहा है उसमें जदयू खुद को कहां पाती है और जिस गठबंधन में आप हैं अगर उसमें आप की पार्टी को सीट नहीं मिलती है तो क्या करेंगे। अशोक चौधरी ने कहा कि हम चुनाव लड़ेंगे। हम किसी के भरोसे नहीं हैं। अशोक चौधरी के इस कथन के बाद इंडिया गठबंधन के बीच सीटों के बांटवारें को लेकर सवाल उठना तो लाजिमी है।

### गठबंधन का दावा

झारखंड में सीट बंटवारे की लड़ाई पर कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम ने कहा कि पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव का परिणाम 3 दिसंबर को आने के बाद हम लोग लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाएंगे। उसके बाद सभी दलों से बात कर सीटों का बांटवारा भी कर लिया जाएगा। वहीं झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय प्रवक्ता मनोज पांडे ने कहा कि हर दल के कार्यकर्ता यह चाहते हैं कि उन्हें अधिक से अधिक सीटों पर चुनाव लड़ने का मौका मिले लेकिन इसका निर्णय पार्टी के अलाकमान करेगी। राष्ट्रीय जनता दल अपने दावे पर अडिग है। वहीं जदयू की बात करे तो जिनके प्रयास से गठबंधन वजूद में आया उन्होंने भी झारखंड में आकर कह दिया कि हम किसी के भरोसे नहीं हैं हम तो चुनाव लड़ेंगे। इस स्थिति में इंडिया गठबंधन में सीट बांटवारे का स्वरूप क्या होगा वह भविष्य ही बताएगा।

इधर इंडिया गठबंधन में सीटों को लेकर मचे बवाल पर बीजेपी ने चुटकी लेते कहा है कि गठबंधन का वजूद ही इसी नीव पर खड़ा हुआ है। राष्ट्रीय स्तर पर ही इस गठबंधन में कई पेंच है। ममता बनर्जी, अखिलेश यादव का बयान इंडिया गठबंधन के बीच चल रहे विरोध को दशार्ती हैं। झारखंड में जो लोग सरकार चला रहे हैं उनकी इच्छा नहीं है की जनता दल यू यहां आकर चुनाव लड़े। अब जबकि जनता दल यूनाइटेड ने अपने दावा ठोक दिया है, तो आने वाले समय में इस पर भी विरोध होना लाजमी है। बीजेपी का कहना है कि सीट बंटवारे की लड़ाई से बाहर निकलना झारखंड में इंडिया गठबंधन वश के बाहर की बात है क्योंकि सभी स्वार्थ की राजनीति वाले हैं इसलिए समझौता वाला फामूर्ला यहां दिख नहीं रहा है।

### मुश्किल होगा आलाकमान को निदान निकालना

मालूम हो कि पांच राज्यों में संपन्न हुए चुनाव के बाद 30 नवंबर को एग्जिट पोल आने के बाद एक नई सियासी जंग भी देश में चर्चा में आ गई है। इसके बावजूद इसके पूर्व झारखंड में हिस्सेदारी की जो लड़ाई छिड़ी हुई है, उसका निदान क्या होगा। हलाकि सभी दलों के नेता कह रहे है कि सीटों के बांटवारें को लेकर पार्टी आलाकमान ही फैसला लेगी। लेकिन वर्तमान समय में सीटों को लेकर गठबंधन में शामिल दल के नेताओं का जो बयान आ रहा है वह दलों के बीच इतना अवरोधक खड़ा कर देगा कि उससे मुक्ति पाने में आलाकमान भी अपने आपको असहज महसुस करने लेगेगा। उस स्थिति में गठबंधन धर्म का क्या होगा। यह एक सोचनीय प्रश्न बन गया है।

ज्ञात हो कि 9 सीटों पर कांग्रेस कई महीने पहले से ही दावेदारी कर रखी है। राष्ट्रीय जनता दल ने 4 सीटों पर अपनी पुरानी दावेदारी को बरकरार रखे हुए हैं। 13 सीटों की दावेदारी दो राजनीतिक दलों ने तय कर दी है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के सहयोग से सरकार चल रही है। इस स्थिति में उनकी पार्टी के खाते में सिर्फ एक सीट जाएगी यह भी किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं होगा। हालांकि उनकी पार्टी ने भी 9 सीटों पर अपनी दावेदारी ठोक दी है। ऐसी स्थिति में जदयू एवं वाम दलों का क्या होगा।

---

# अंतिम चरण में पीएम मोदी का ड्रीम प्रोजेक्ट

लाइट हाउस प्रोजेक्ट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में शुरू हुआ लाइट हाउस प्रोजेक्ट अब मूर्त रुप लेने जा रहा है। रांची के धुर्वा में बन रहे गरीबों के एक साथ 1008 फ्लैट अगले साल मार्च से पहले हैंड ओवर करने की तैयारी की जा रही है। अत्याधुनिक तरीके से तैयार हो रहे इस लाइट हाउस प्रोजेक्ट में करीब 90 फीसदी काम पूर्ण हो चुका है। रियायती दाम पर रांची नगर निगम क्षेत्र में रहने वाले वैसे परिवार जो 17 जून 2015 के पहले से रह रहे हैं और जिनकी आमदनी सालाना 3 लाख तक है उन्हें ही इस आवासीय सुविधा का लाभ मिलने वाला है। हालांकि लाभुकों को लेकर अभी भी नगर निगम मशक्कत कर रहा है। बिल्डिंग निर्माण की गुणवत्ता एवं नगर निगम के द्वारा होर्डिंग टैक्स लगाए जाने पर सवाल उठते रहे हैं। इस वजह से लॉटरी में आवंटित लीज धारक लगातार फ्लैट लेने से इनकार करते रहे हैं। अब तक 145 आवंटियों का आवंटन रद्द हो चुका है। शुक्रवार को भी प्रतीक्षा सूची में शामिल 16 आवेदनकर्ता को लॉटरी के लिए बुलाया गया। मगर विडंबना रही कि उसमें दो नहीं आ पाए। यानी जितने लोग पहुंचे सभी 14 लोगों को फ्लैट आवंटित करने की प्रक्रिया शुरू की गई। हालांकि निर्माण कार्य तीव्र गति से होने की वजह से लाभुकों को जल्द ही फ्लैट मिलने की आस जग गई है। धुर्वा की राधिका देवी खुशी जाहिर करते हुए कहती हैं कि काफी समय से अपना घर होने का इंतजार कर रहे थे अब सपना साकार होगा। इससे करीब 6.79 लाख में गरीबों को अपना घर मिलेगा।

**लाभुकों के नाम से होगी जमीन की रजिस्ट्री, फिर मिलेगा फ्लैट**

लाइट हाउस प्रोजेक्ट के अंतर्गत सभी लाभुकों को पहले जमीन की रजिस्ट्री होगी उसके बाद फ्लैट मुहैया कराया जाएगा। नगर प्रशासक अमित कुमार ने कहा कि आवंटियों को पहले फ्लैट के साइज के अनुरूप उसे स्थल की रजिस्ट्री होगी। रजिस्ट्री तभी संभव होगी जब उनके द्वारा पूरी राशि का भुगतान कर दिया जाएगा। रजिस्ट्रेशन के लिए होर्डिंग नंबर अनिवार्य है इसलिए प्रत्येक लाभुक को होर्डिंग नंबर लेना होगा।

स्पीड न्यूज

## कांग्रेस नेता से मिलने पहुंचे कालीचरण मुंडा

**तमाड़।** प्रखंड क्षेत्र के डिंबूडीह गांव निवासी वरिष्ट कांग्रेस नेता जेहला महतो लकवा से पीड़ित है। पूर्व विधायक कालीचरण मुंडा शुक्रवार को पीड़ित कांग्रेसी से मिलने उनके घर पहुंचे। श्री मुंडा पीड़ित से मुलाकात कर हालचाल जाना और हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि उनके इलाज में कोई कमी नहीं होगा।

## मनरेगाकर्मियों का कार्य बहिष्कार आंदोलन जारी

**चान्हो।** प्रखंड में मनरेगा के तीन संविदाकर्मियों की सेवा समाप्त करने के विरोध में प्रखंड के मनरेगाकर्मियों का कार्य बहिष्कार शुक्रवार को चौथे दिन भी जारी रहा। धरना में मनरेगा कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष जॉन पीटर बागे, रांची जिला अध्यक्ष संजय प्रामाणिक, प्रदेश संरक्षक वीरेंद्र सिंह भोक्ता, चान्हो प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष भोला उरांव, सचिव महादेव उरांव, एनामुल हक, रिजवान अहमद भी शामिल हुए।

## महर्षि मेंहि स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी

**बेड़ो।** संत जगत ज्ञान महर्षि मेंहि पब्लिक स्कूल केशा के परिसर में शुक्रवार को कला तथा विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में विद्यालय के बच्चों के द्वारा कला, विज्ञान, गणित, सामाजिक विज्ञान तथा कम्प्यूटर से संबंधित उत्कृष्ट नमूने बनाए गए। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि डॉ शालिनी एक्का सहित संत जगत ज्ञान सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल की प्राचार्या जसमंती देवी, उपप्राचार्या सुनीता सिंहएरोशनी कुमारी आदि मौजूद थे।

## खलारी में प्रखंड स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता

**खलारी।** खलारी प्रखंड अंतर्गत गुलजार बाग खेल मैदान खलारी में प्रखंड स्तरीय मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता 2023-24 का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में पहला मैच चूरी पूर्वी और मायापुर पंचायत के बीच खेला जाना था, लेकिन चूरी पूर्वी के टीम नही पहुंचने पर मायापुर को नेट गोल मरवाकर विजेता घोषित किया गया। जबकि दूसरा मैच खलारी और राय के बीच खेला गया। वही तीसरा मैच विश्रामपुर और चूरी पश्चिमी के बीच खेला गया जिसमे चूरी पश्चिमी के द्वारा 2 गोल मारकर विजेता बना। चौथा मैच बमने और चूरी उत्तरी के बीच खेला गया। पांचवा मैच हुटाप और चूरी मध्य के बीच खेला जाना था, हुटाप टीम के नही पहुंचने पर चूरी मध्य के टीम से नेट गोल मरवाकर चूरी मध्य को विजेता घोषित किया गया।

## डिम्बुजर्दा, उलीलोहर में कालीचरण मुंडा ने की बैठक

**तमाड़।** प्रखंड के केनाल क्षेत्र डिम्बुजर्दा और उलीलोहर पंचायत का दौरा शुक्रवार को पुर्व विधायक कालीचरण मुंडा ने किया। दौरा के क्रम में योगी होटल परिसर में मंडल अध्यक्ष खगेश महतो की अध्यक्षता की कार्यकर्ताओं के साथ बैठक किया गया। बैठक में पूर्व विधायक कालीचरण मुंडा ने कहा कि स्थानीय सांसद ने लोगों को धोखा देने का काम किया है।

### विश्व एड्स दिवस पर विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक से लोगों को किया जागरूक

# एड्स पीड़ितों से नहीं करें भेदभाव

## बैनर-पोस्टर के साथ विद्यार्थियों ने निकाली जागरूकता रैली

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**ओरमांझी।** विश्व एड्स दिवस पर विकास ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशंस के छात्र-छात्राओं द्वारा शुक्रवार को एड्स जागरूकता रैली निकाली गई। रैली एनएच 20 पथ होते हुए विकास चौक तक गई। इस दौरान हाथ में बैनर पोस्टर लिए छात्र-छात्राएं एड्स के प्रति जागगरूकता नारा लगा रहे थे। बाद में एक कार्यक्रम आयोजन का आयोजन किया गया। निदेशक राधाचरण सिंह ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया और विश्व एड्स दिवस मनाने का उद्देश्य बताया। कहा कि एड्स से ग्रसित लोगों से समाज को भेदभाव नहीं करना चाहिए। वहीं अध्यक्ष रामलखन मेहता ने एड्स दिवस पर लाल रिबन लगाने का महत्व बताया। कार्यक्रम में राधाचरण सिंह, रामलखन मेहता के साथ प्राचार्य एपी सिंह, एसके तिवारी, समन्वयक इरशाद अंसारी, सतेन्द्र कुमार सिंह, अनुपा खालको, आलिया कुमारी, अनुराधा कुमारी व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। वहीं फ्लोरेंस नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के मध्यम से लोगों को एड्स के प्रति जागरूक किया। मौके पर कॉलेज प्राचार्या, शिक्षक व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



ओरमांझी में हुए कार्यक्रम में शामिल नर्सिंग कॉलेज के विद्यार्थी।

## कॉलेज के छात्रों ने निकाली रैली

**रातू।** प्रखंड के विभिन्न भागों में विश्व एड्स दिवस मनाया गया। मुख्य कार्यक्रम बिजुलिया स्थित जैनेंद्र ग्रुप ऑफ कॉलेज में आयोजित किया गया। यहां संचालित बुद्धा नर्सिंग, जैनेन्द्र नर्सिंग व जैनेन्द्र पारा मेडिकल के छात्र-छात्राओं ने जागरूकता रैली निकाली। नुक्कड़ का मंचन कर इससे बचने के लिये सुरक्षा उपायों की न केवल जानकारी दी, बल्कि लोगों से परहेज की भी अपील की। इस दौरान शृंखला बना एड्स के खिलाफ अभियान चलाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के प्रबंध निदेशक भंते जैनेन्द्र कुमार तथागत, निदेशक प्रियांशु कुमार, प्राचार्य स्टीव निशांत, प्रबंधक हिमांशु सिंह व अकेडमिक हेड आशीष कुमार समेत शहनवाज आलम, दीपक रजक, अबरार अंसारी, आमिर सुहैल, हीना परवेज, ब्यूटी कुमारी, निकिता कुजुर, आरपी सिंह, मुन्साद मंजर, परमेश्वर महतो, कुंदन कुमार, साकिब आलम, जुगनू कुमार व मोकिम अहमद आदि शामिल थे।

## अनगड़ा में निकली जागरूकता रैली

**अनगड़ा।** प्रखंड के बीसा स्थित किंगपिन कॉलेज ऑफ नर्सिंग एवं जसपुरिया बीएड कॉलेज के छात्र छात्राओं द्वारा जागरूकता रैली निकाली गयी। रैली बीसा पंचायत के छोटकी गोडांग, सरई टोली, बीसा इत्यादि गावों में जाकर लोगों के बीच जागरूकता अभियान चलाया। रैली का शुभारंभ संस्था अध्यक्ष जैलेन्द्र कुमार ने झंडी दिखा कर किया।

## मांडर में निकाली जागरूकता रैली

**मांडर।** सतीश कुमार सिन्हा मेमोरियल कॉलेज ऑफ नर्सिंग द्वारा विश्व एड्स दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को जागरूकता रैली निकाली गई। मौके पर भारथी ग्रुप ऑफ इनस्टिट्यूशन के बीएससी नर्सिंग और जीएनएम के छात्र-छात्राओं ने ब्राम्बे से मुरमा तक जागरूकता रैली निकाली। इस दौरान लोगों को एड्स से बचने का संदेश दिया।

# सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत

## बेड़ो के रोगो गांव के निकट हुआ हादसा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेड़ो।** बेड़ो पुरनापानी लापुंग पथ पर बेड़ो थाना क्षेत्र के रोगो गांव स्थित प्राथमिक स्कूल के समीप शुक्रवार की शाम लगभग छह बजे अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक बाइक पर सवार दो युवकों की मौत हो गई। वहीं मृतकों की पहचान रोगो गांव बेड़ो निवासी 18 वर्षीय बुधवा टाना भगत पिता सुका टाना भगत व कैरो असरो बेड़ो निवासी 18 वर्षीय संदीप टोप्पो पिता पत्रास टोप्पो के रूप में हुई है। मृतक के स्वजनों ने बताया कि दोनों युवक जहना बाजार आये थे। साथ ही वापस अपने घर जा रहे थे। वहीं हादसे के बाद पिता इस सुका टाना भगत व भाई इंद्रजीत भगत सहित स्वजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। बेड़ो पुलिस ने शव को बरामद कर लिया। जिसे शनिवार को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेजा जाएगा।

## इलाज के दौरान घायल युवक की मौत

**मांडर।** मांडर-टांगरबसली मुख्य पथ पर गुरुवार शाम हुए सड़क हादसे में घायल ब्रांबे निवासी पैंतीस वर्षीय विनोद तिग्गा की रिम्स में ईलाज के दौरान शुक्रवार की मौत हो गई। वह अपने भतीजे एंथोनी तिग्गा के साथ टांगरबस्ली से वापस अपने घर लौट रहा था इसी दौरान कंजिया के निकट पहले से सड़क किनारे खड़े एक वैन से टकरा गए थे और इस हादसे में एंथोनी की मौके पर ही मौत हो गई थी। वहीं गंभीर रूप से घायल विनोद को रेफरल अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति के कारण उसे रिम्स रेफर किया गया था जहां ईलाज के दौरान शुक्रवार की अहले सुबह मौत हो गई। वहीं दूसरी ओर पोस्टमार्टम से आने के बाद देर शाम एंथोनी और विनोद का अंतिम संस्कार कर दिया गया। एक ही परिवार में एक साथ चाचा-भतीजा की मौत से पूरे गांव में मातम छाया हुआ है।

## मजदूर नेता इस्लाम अंसारी ने विधायक से की मुलाकात

**पिपरवार।** मजदूर नेता इस्लाम अंसारी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल भाजपा सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास के आवास पर मुलाकात कर क्षेत्र के समस्याओं से विधायक को अवगत कराया। उन्होने सड़क बिजली पानी चिकित्सा आदि मूलभूत सुविधाओं पर चर्चा की। उन्होंने विधायक को बताया कि ग्रामीणों ने अपनी जमीन सीसीएल को दी फिर भी उन्हें कंपनसेशन और नौकरी नहीं मिली है। साथ ही गांव में सड़क और पानी बिजली की समस्या है।

## संत अलोयसियस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में फेस्टा का हुआ आयोजन



**सिकिदिरी।** संत अलोयसियस सीनियर सेकेंडरी स्कूल मे शुक्रवार को ऑस्टेलुंग-कम-फेस्टा का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि अनगड़ा सीओ राजू कमल उपस्थित थे। सीनियर टेरेसिया एम एंटनी ने अध्यक्षता किया। उन्होंने कहा कि यह टीम वर्क आलोचनात्मक सोच रचनात्मकता और ज्ञान की खोज की भावना का जश्न मनाने के लिए है। इस मौके पर छात्र-छात्राओं ने विज्ञान प्रदर्शनी लगाया। मुख्य अतिथि ने कहा कि छात्रों ने अपने अथक प्रयासों से विज्ञान और अन्य विषयों के चमत्कारों का पता लगाया है। इसके साथ आने वाली चुनौतियों को स्वीकार किया है। यह उत्सव सीखने के प्रति प्रेम को बढ़ावा देने, जिज्ञासा को प्रोत्साहित करने और एक ऐसे समुदाय का निर्माण करने के बारे में है। मौके पर स्कूल की प्राचार्या सिस्टर मर्सी, शिक्षक जे कुमार, किरण सोनी आदि उपस्थित थे।

## रात में बजा रहा था मांदर, सुबह में संदिग्ध हालत में हो गयी मौत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**ओरमांझी।** थाना क्षेत्र के इचादाग में 35 वर्षीय युवक की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। स्व. करामात पाहन का बेटा त्रिलोक पाहन रात में कमरे में अपने साढ़ू के साथ सोया था। आधी रात को जब साढ़ू की नींद खुली तो वह बिस्तर के नीचे गिरा पड़ा था। उठाने पर पता चला कि उसकी मौत हो गई है। बताया गया कि युवक कार्तिक पूर्णिमा के दिन रामरेखा मेला गया था। वहां से उसने दो मांदर खरीद कर लाया था। 29 नवंबर को लगे बंडा जतरा को लेकर उसके घर रिस्तेदार भी पहुंचे थे। अपने रिस्तेदारों के साथ वह बंडा जतरा भी गया था। रात को जतरा से लौट कर घर में मांदर बजा-बजा कर नृत्य भी कर रहा था। बाद में वह भोजन कर सो गया था। रिस्ते में दादा सह ग्राम प्रधान रामकिंकर पाहन ने इसकी जानकारी देते कहा कि युवक विवाहित था। उसके तीन व छह वर्ष का दो बेटा भी है। युवक की मौत होने से उसकी पत्नी पुनिता देवी व रिस्तेदार काफी रो रहे थे। गांव में किसी को भी उसकी मौत का कारण समझ नहीं आ रहा है। शव का पोस्टमार्टम कराये बिना ही अंतिम संस्कार कर दिया गया।

# आदिवासी समाज ने मनाया मारांगबुरू महोत्सव

## सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सोनाहातू।** प्रखंड के नीमडीह-सोनाहातू में शुक्रवार को आदिवासी समाज की परंपरा और सभ्यता का प्रतीक ऐतिहासिक मारांगबुरू महोत्सव मनाया गया। परंपरा के अनुसार मारांग का अर्थ बड़ा और बुरू का पहाड़ होता है यानी बड़ा पहाड़ का पूजन करना। परंपरा को निभाते हुए रईधन पाहन के द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना किया गया और क्षेत्र की सुख, शांति व समृद्धि की कामना किया गया। परम्परा है मारांगबु, पूजा-अर्चना पहले करने के बाद ही बुरू की पूजा-अर्चना की जाती है। मौके पर प्रमुख विक्टोरिया देवी ने कहा कि हमें अपनी संस्कृति व सभ्यता को बचाये रखने की जरूरत है। महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। आदिवासी परम्पराओं से ढोल नगाड़े के साथ नृत्य-संगीत किया गया। मौके पर उपप्रमुख सविता देवी, मुखिया विकास सिंह मुंडा, ग्राम प्रधान ठाकुर मनमोहन सिंह, युगल किशोर सिंह, तरणी सिंह मुंडा, सोमा पाहन, कामदेव मुंडा, छुटु मुंडा, आशा राम मुंडा, मनीष मुंडा, भूतनाथ सिंह मुंडा, निशिकांत गोंझू आदि मौजूद थे।

# आदिवासियों की एकता का प्रतीक है जतरा खूंटा

## कुंबाटोली में 22 पड़हा शक्ति खूंटा सांगा पड़हा जतरा महोत्सव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पिस्कानगड़ी।** चेटे पंचायत क्षेत्र के कुंबाटोली में ऐतिहासिक 22 पड़हा शक्ति खूंटा सांगा पड़हा जतरा सह महोत्सव-2023 का आयोजन किया गया। मौके पर चेटे पंचायत के दर्जनों गांवों के 60 खोड़हा दल आदिवासी सामाजिक, धार्मिक के साथ पारंपरिक रीति-रिवाज शक्ति खूंटा की पूजा अर्चना के साथ सरना प्रार्थना किया गया। मौके पर सभी खोड़हा दल अपनी-अपनी कला, सांस्कृतिक, नाच-गान का प्रदर्शन किया। इसके बाद आयोजन समिति के सदस्यों ने खोड़हा दल को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। बैठक में मुख्य संरक्षक सह आदिवासी सेना के केंद्रीय अध्यक्ष अजय कच्छप ने कहा कि जतरा शक्ति खूंटा आदिवासियों की एकता के पहचान का प्रतीक है। इस ऐतिहासिक 22 पडहा जतरा में 56 मौजा के दर्जनों गांव के हजारों लोग शामिल होना गर्व की बात है। मौके पर जतरा में झूला, ब्रेक डांस, ड्रैगन, छोटा झूला, मिठाई दुकान, बच्चों का खिलौना व घरेलू समानों के दुकान आकर्षण का केंद्र थे। मौके पर महोत्सव में झारखंडी आधुनिक रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश के लोकप्रिय आधुनिक गायक गायिका ने एक से बढ़कर लोकगीत गाकर महोत्सव में मौजूद दर्शकों को झुमाया। जतरा का संचालन केंद्रीय सरना समिति उपाध्यक्ष मानू तिग्गा तथा धन्यवाद ज्ञापन चेटे मुखिया मुखिया रेणु बाला मिंज ने किया। जतरा को सफल बनाने में मुख्य रूप से झारखंड आंदोलनारी अशोक लोहरा, बिरसा लोहरा, विजय कच्छप, महादेव उरांव, संजय लोहरा, मदन लोहरा, पूर्व सैनिक, रवि लोहरा, विजय लिंडा व संजय लोहरा सहित सैकड़ों लोग जतरा में शामिल थे।




**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा**

–: स्थगन संबंधी सूचना :–

पत्रांक 1926 / ग्रा॰वि॰वि॰प्र॰,
चतरा, दिनांक– 30.11.2023

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा प्रकाशित Expression of Interest No.-RDD/SD/CHATRA/EOI-25/2023-24 जिसका PR No.-311619 में वर्णित Rate Contracts fot the Supply and Installation of Medical Equipment/Appliances etc. of Child Care Ward at Banhe, Gp-Banhe of Simaria Block, Distt.-Chatra को अपरिहार्य कारण से अगले आदेश तक के लिए स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,
चतरा।

PR.NO.312449 Rural Development(23-24):D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा**

-: स्थगन संबंधी सूचना :-

पत्रांक 1925 / ग्रा॰वि॰वि॰प्र॰, चतरा, दिनांक–30.11.2023

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा प्रकाशित Expression of Interest No.-RDD/SD/CHATRA/EOI-24/2023-24 जिसका PR No.-311618 में वर्णित Rate Contracts fot the Supply and Installation of Medical Equipment/Appliances etc. of Child Ward at Sajna of Panchayat Paradih in Chatra Block, Distt.-Chatra को अपरिहार्य कारण से अगले आदेश तक के लिए स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,
PR 312447 Rural Development (23-24)_D चतरा

**GOVERNMENT OF JHARKHAND**
**JHARKHAND STATE FOOD COMMISSION**
Address:-Old building of Jharkhand State Housing Board second floor, Harmu Housing Colony, Harmu, Ranchi-834002
Email:-jharfoodcommission@gmail.com, Phone no.-0651-2252261/2252267

**Press Release**
**SHORT NOTICE INVITING QUOTATION**
Letter No.979 Dated:- 30-11-2023

Sealed quotations are invited from the reputed agencies for the procurement of printed **"Book- वार्षिक प्रतिवेदन"** for the office of JHARKHAND STATE FOOD COMMISSION, address-old building of Jharkhand State Housing Board, second floor, Harmu Housing Colony, Harmu, Ranchi-834002. Interested Agency or Dealer should apply through a sealed envelope quoting their rates and submit to the undersigned on 14.12.2023 by 01.00 PM and shall be opened on 14.12.2023 by 03.00 PM.
Details of items along with basic specification are as under: -

| Sl.no | Item description | Basic specification | Quantity |
|---|---|---|---|
| 1 | Printed "Book- वार्षिक प्रतिवेदन" | Size: 21x28 cm, 100 pages multicolour text Printing on 130 gsm Art paper, 4 pages multicolour covered printing on 300 gsm art board with gloss lamination, duly glue bound. | 500 pieces |

**All the Terms & Conditions can be seen in the Office of Undersigned.**

Sd/-
(Sanjay Kumar)
Member Secretary
Jharkhand State Food Commission, Ranchi.

PR 312437 (Jharkhand State Food Commission) 23-24 (D)

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सं0–02, गढ़वा।**
ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/GARHWA/14/2023-24)

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र॰ सं॰ | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गढ़वा जिला के प्रखण्ड सगमा अंतर्गत ग्राम–सोनडीहा में मलेया नदी पर पुल निर्माण। | 2,70,07,045.00 | 5,40,200.00 | 10000.00 | 18 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 04.12.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 04.12.2023 से दिनांक 18.12.2023 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सं0–02,गढ़वा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय–20.12.2023 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सं0–02,गढ़वा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं॰ – 7004019730 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02,
गढ़वा।

PR 312483 Rural Development(23-24)D

**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, कोडरमा**

ई–पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना

ई–पुनर्निविदा संख्या:- 298/RII/2023-24/RWD/KODERMA दिनांक :-**01.12.2023**

कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, कोडरमा द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलितराशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलितराशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेन्डर कॉल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RWD/KODERMA/10/SRPKG/01/2022-23 | (i) हीरोडीह से सुगासांख भाया रेम्नाडीह, कुशाहन तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं0–7.850 कि0मी0)<br>(ii) बिरेन्द नगर से सुगासांख भाया पपरामो जोरी तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं0–7.600 कि0मी0)<br>(iii) जयनगर थाना मोड़ से उच्च विद्यालय जयनगर तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं0–1.200 कि0मी0)<br>(iv) तिलैया डैम पी0डब्लयू0डी0 पथ से तिलरवांय पिंडरा भाया छोटकी धमराय तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं0–4.750 कि0मी0)<br>(v) एन0एच0 से पथलगढ़ा तक पथ का विशेष मरम्मति कार्य। (लं0–1.300 कि0मी0) | 13,45,61,000/- | तेरह करोड़ पैंतालिस लाख एकसठ हजार रू0 मात्र | 09 (नौ) माह | तृतीय |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:–**12.12.2023**
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:–**26.12.2023** अपराह्न 5.00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:–**28.12.2023** अपराह्न 3.30 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, कोडरमा झारखण्ड, पिन– 825410
5. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 8709561933/06534-297102
6. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
8. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–शुल्क भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक अभियन्ता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, कोडरमा

PR312435 (Rural Work Department)23-24*D

# रोजगार पर मार

इंटरनेशनल लेबर ऑर्गनाइजेशन के मुताबिक दुनिया भर में इस संकट के चलते 50 करोड़ लोगों को अपना रोजगार खोना पड़ा है। इसमें से 2 करोड़ लोग अकेले भारत से ही हैं। हालांकि भारत का यह आंकड़ा और ज्यादा हो सकता है क्योंकि सीएमआइईई के डाटा में संगठित उद्योग को लेकर ही यह बात कही गई है। इंटरनेशनल लेबर ऑर्गेनाइजेशन के मुताबिक कोरोनावायरस उम्मीद से कहीं ज्यादा भयानक साबित हो रहा है। सीएमआईई का कहना है कि कोरोनावायरस से ग्लोबल वर्किंग ऑवर्स को जितने नुकसान की उम्मीद थी वास्तविक नुकसान अनुमान से कहीं ज्यादा है। दूसरी तिमाही में वर्किंग ऑवर 2019 के अंत से 17 फीसदी कम है। इस आंकड़े में लगभग 500 मिलियन नौकरियां आती हैं जो जून के अनुमानित आंकड़े 400 मिलियन से 100 मिलियन ज्यादा हैं। इंटरनेशनल लेबर ऑर्गेनाइजेशन ने यह भी अनुमान लगाया है कि सरकार समर्थित प्रोग्राम्स को छोड़कर विश्वभर में लेबर इनकम लॉस 3.5 ट्रिलियन डॉलर के आसपास है। दूसरे हॉफ में स्थितियों के सुधरने की उम्मीद है, लेकिन जून से लगातार आउटलुक बेहाल हुआ है। बेसलाइन सिनेरियो में चौथी तिमाही में होने वाला नुकसान 245 मिलियन नौकरियों के बराबर होगा है। इस निराशाजनक परिणाम के अनुसार यह नुकसान 500 मिलियन नौकरियों के बराबर भी हो सकता है। आईएलओ के अनुसार उभरती अर्थव्यवस्थाओं में नौकरियों को ज्यादा नुकसान हुआ है क्योंकि वहां पर वर्क फ्रॉम होम और इनफार्मल वर्क के कम अवसर उपलब्ध हैं। इनमें से 81 लाख लोग जुलाई और अगस्त महीने में ही बेरोजगार हुए हैं। इस संकट से निकलना देश के लिये सबसे आवश्यक है। रोजगार की कमी से आर्थिक गतिविधियों पर भी बुरा असर पड़ता है और खपत कम हो जाता है।

# बढ़ता प्राकृतिक प्रकोप

वैश्विक स्तर पर सबको प्रभावित करने वाली मानवजनित चुनौतियों में जलवायु परिवर्तन की खास भूमिका है । इसका स्वरूप दिन-प्रतिदिन जटिल होता जा रहा है । इसे लेकर चिंतन भी होता आ रहा है और गाहे-ब-गाहे विभिन्न स्तरों पर चिंता भी जाहिर की जाती रही है । इस क्रम में ताजा विचार-विमर्श यूएई के विख्यात दुबई महानगर में कॉन्फ्रेंस ऑफ पार्टीज यानी काप का 28 वां सम्मेलन आयोजित हो रहा है । इस श्रृंखला की यह एक खास कड़ी होगी जिसमें यह जरूरी होगा की इस व्यापक संदर्भ में उठाने वाली समस्याओं के समाधान की दिशा में फलदायी निर्णय लिए जा सकें । अंटार्कटिक क्षेत्र में आ रहे बदलाव और विश्वव्यापी घटना के रूप में अनेक क्षेत्रों में एक लाख से ज्यादा ग्लेशियरों के बहुत बड़े पैमाने पर पिघलने की घटना से प्राकृतिक संतुलन की स्थिति चिंताजनक हो रही है । इन सबसे जीवनदायी गतिविधि में व्यापक असंतुलन परिलक्षित हो रहा है । पर यह आंशिक सत्य प्रायः पूर्ण मान लिया जाता है और प्रकृति के जल्दी से जल्दी (यथासंभव) अधिकाधिक दोहन का काम शुरू हो जाता है । पिछले कुछ वर्षों में पर्यावरण से जुड़े हादसों में तेजी से वृद्धि हुई है किंतु मनुष्य हस्तक्षेप से बाज नहीं आता। वह यह भूल जाता है कि प्रकृति का कोई विकल्प नहीं है। उसे नष्ट कर होनी वाली क्षति अपूरणीय क्षति होती है। पिछले वर्षों में यूरोप और अमेरिका के अनेक भू-क्षेत्रों में बाढ़, लू, वनाग्नि, सूखा और प्रचंड तूफान जैसी जलवायु की चरम स्थितियों का बार-बार सामना करना पड़ा है । भारत के हिमाचल प्रदेश, असम, उत्तराखंड और दिल्ली में जिस तरह बाढ़ का प्रकोप अनुभव किया गया वह विस्मित करने वाला था । दक्षिण भारत के कई शहरों में बाढ़ का प्रकोप हुआ था। यह प्रकृति की बड़ी चेतावनी को सभी देशों को गंभीर से लेना होगा।

# पूंजीपतियों के वैश्विक होने से देश को लाभ

**ऐंबिट** कैपिटल की सलाहकार, अर्थशास्त्री ऋतिका मांकड़ मुखर्जी ने एक दिलचस्प रिपोर्ट लिखी है जिसका शीर्षक है-स्काउटिंग फॉर जाइंट्स। रिपोर्ट भारतीय कंपनियों में परिमाण की कमी से संबंधित है। उन्होंने अलग-अलग दौर और देशों की कंपनियों के आंकड़ों का राजस्व के आधार पर अध्ययन किया और पाया कि भारतीय कंपनियां अन्य देशों की कंपनियों की तुलना में छोटी हैं। देश में छोटी कंपनियां बहुत हैं जबकि वैश्विक आकार की कम।

उनके विश्लेषण में बहुत विस्तृत ब्योरे और कुछ दिलचस्प आंकड़े हैं। उनकी रिपोर्ट के मुताबिक ज्यादा भारतीय कंपनियां अपना आकार बढ़ाने में सक्षम नहीं हैं। 7 फीसदी की वास्तविक (और 13 फीसदी की नॉमिनल) जीडीपी और 2.8 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था के बावजूद हमारी कंपनियां उभरते बाजारों की तुलना में भी बहुत छोटी हैं।


उन्होंने बैंकिंग, वित्तीय सेवा और बीमा कंपनियों (बीएफएसआई) को छोड़कर 2,865 सूचीबद्ध कंपनियों का अध्ययन किया और पाया कि करीब 40 प्रतिशत कंपनियों का राजस्व एक अरब रुपये से कम है। अर्थव्यवस्था के विकास के बावजूद बीते दशक में यह अनुपात नहीं बदला और न ही छोटी कंपनियों की हिस्सेदारी घटी।

देश की सूचीबद्ध कंपनियों में से 55 प्रतिशत का राजस्व एक अरब से 100 अरब रुपये के बीच है। जबकि 5 प्रतिशत से भी कम कंपनियों का राजस्व 100 अरब रुपये से अधिक है। केवल 12 कंपनियों का राजस्व एक लाख करोड़ रुपये से अधिक है। बीएफएसआई में भी ऐसा ही है। गैर सूचीबद्ध कंपनियों में भी औसत आकार छोटा है।

भारत की तुलना अन्य उभरते बाजारों से की जाए तो अंतर और स्पष्ट है। एक ओर जहां देश की 40 फीसदी कंपनियों का राजस्व एक अरब रुपये से कम है, वहीं उभरते बाजारों में यह 12 फीसदी है। हमारी 55 फीसदी कंपनियों का राजस्व एक से 100 अरब रुपये के बीच है लेकिन उभरते बाजारों में ऐसी कंपनियां 64 फीसदी हैं। हमारी 4 फीसदी कंपनियों का राजस्व 100 अरब रुपये से अधिक है जबकि उभरते बाजारों में यह 15 प्रतिशत है।

छोटी कंपनियां बड़ी क्यों नहीं हो पा रहीं? क्या इसका कोई अर्थ है? इस पर ध्यान क्यों दें? हमारी नीति ऐतिहासिक रूप से आकार और परिमाण के खिलाफ रही है। 1991 से पहले देश में एकाधिकार एवं प्रतिबंधात्मक व्यापार व्यवहार आयोग (एमआरटीपीसी) के रूप में नियामकीय ढांचा था। हम आर्थिक शक्ति के चुनिंदा हाथों में सिमटने को लेकर चिंतित रहते थे। इसके बाद श्रम कानून, लघु उद्योगों को संरक्षण या अप्रत्यक्ष कराधान आदि के रूप में कानून ने हमेशा छोटी कंपनियों को प्रोत्साहित किया और बड़ी कंपनियों को हतोत्साहित। नियामकीय जटिलताओं के कारण कंपनियों का आकार बढ़ाना कठिन बना रहा। न्यायिक और नियामकीय माहौल भी स्थिर नहीं रहा है। ऐसे में बड़ी कंपनियों में निवेश को प्रोत्साहन नहीं मिला। चुनिंदा क्षेत्रों को छोड़कर हमारा घरेलू बाजार आज इतना बड़ा नहीं है कि वैश्विक परिमाण का समर्थन कर सके। एक लाख करोड़ रुपये से अधिक राजस्व वाली 12 कंपनियों पर नजर डालें तो ये सभी कंपनियां या तो ऊर्जा क्षेत्र की सरकारी कंपनियां हैं, टाटा स्टील और टाटा मोटर्स जैसी कंपनियां या फिर रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड और महिंद्रा समूह जैसे बड़े कारोबारी समूह। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज इकलौता अपवाद है जो अपने क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर शीर्ष पर है। कुछ ही ऐसी कंपनियां हैं जिनका आकार भी बढ़ा है और जो घरेलू तौर पर एक उद्योग पर केंद्रित हैं।





-आकाश प्रकाश

> 1991 से पहले देश में एकाधिकार एवं प्रतिबंधात्मक व्यापार व्यवहार आयोग (एमआरटीपीसी) के रूप में नियामकीय ढांचा था। हम आर्थिक शक्ति के चुनिंदा हाथों में सिमटने को लेकर चिंतित रहते थे। इसके बाद श्रम कानून, लघु उद्योगों को संरक्षण या अप्रत्यक्ष कराधान आदि के रूप में कानून ने हमेशा छोटी कंपनियों को प्रोत्साहित किया और बड़ी कंपनियों को हतोत्साहित। नियामकीय जटिलताओं के कारण कंपनियों का आकार बढ़ाना कठिन बना रहा।

हमारी कंपनियां शोध एवं विकास पर भी अधिक व्यय नहीं करतीं। इस विषय पर पहले भी बात हो चुकी है। कंपनियों का आकार छोटा होने के कारण वे शोध एवं विकास पर अधिक खर्च नहीं कर पातीं लेकिन यह कमी नवाचार को प्रभावित करती है। हम वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं का हिस्सा भी नहीं बन सके। यदि हम स्मार्टफोन के मामले में वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला का हिस्सा होते तो कई कंपनियों का स्वरूप बदल सकता था। ताइवान का इलेक्ट्रॉनिक क्षेत्र इसका उदाहरण है जो ऐपल कंपनी की आपूर्ति श्रृंखला पर आधारित है। प्रतिस्पर्धा और निर्यात को लेकर हमारे झुकाव की कमी जाहिर करता है।

उत्पादकता और परिमाण में सीधा संबंध है। बड़ी फर्म के पास निवेश के लिए संसाधन होता है और वे आधुनिक तकनीक और प्रबंधन अपना सकती हैं। यदि हमारा कारोबारी क्षेत्र छोटा बना रहा तो प्रतिस्पर्धा नहीं कर पाएगा। तकनीक जिस तरह उद्योगों को बदल रही है उसे देखते हुए निवेश ओर आधुनिकीकरण की कमी तथा नए व्यवहार से दूर रहना हमें गैर प्रतिस्पर्धी बनाएगा।

दो ऐसे रुझान हैं जो इसे बदल सकते हैं। पहला तो यही कि स्टार्टअप का परिदृश्य बहुत अच्छा है। अमेरिका और चीन के बाद भारत सबसे बड़ा स्टार्टअप वाला देश है। सरकार ने इस क्षेत्र में मदद का वास्तविक प्रयास किया है।

देश में करीब 30 यूनिकॉर्न (एक अरब डॉलर का कारोबार) और 2-3 डेकाकॉर्न (10 अरब डॉलर का कारोबार) कंपनियां हैं। इनमें से अधिकांश अगले दो वर्ष तक अपनी जगह बनी रहेंगी। इनमें से ज्यादातर का कारोबारी मॉडल तकनीक आधारित है। तकनीक की मदद से कारोबार का परिमाण तेजी से बढ़ाया जा सकता है। वैश्विक कारोबारी मॉडल वाली अन्य कंपनियां या तो एनालिटिक्स में हैं या सॉफ्टवेयर सेवा क्षेत्र में। इनका विकास तेजी से हो सकता है क्योंकि ये डिजिटल हैं और इनकी भौतिक जरूरतें उतनी नहीं हैं।

जीएसटी और नोटबंदी के साथ अर्थव्यवस्था तेजी से औपचारिक हुई है। ऐसे में आशा यही करनी चाहिए कि बड़ी भारतीय कंपनियां तेजी से स्वरूप विस्तार करेंगी। जोखिम से बचने की प्रवृत्ति आम है और पूंजी केवल बड़े और सुरक्षित कर्जदारों के पास जा रही है।

तमाम क्षेत्रों में हमें यही देखने को मिल रहा है कि बड़े कारोबारी मजबूत हो रहे हैं और सुदृढ़ीकरण कर रहे हैं। इससे जहां उनका आकार तेजी से बढ़ेगा और आर्थिक प्रतिफल तथा मुनाफा बढ़ेगा।

## खास बात

# पूर्वी राज्यों में हिंदू अल्पसंख्यक

**बृजमोहन ओझा**

**इन** दोनों याचिकाओं में टीएमए पाई और अन्य बनाम कर्नाटक सरकार के मामले में सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक फैसले का हवाला देते हुए कहा गया है कि नागालैंड, मिजोरम और मेघालय ईसाई-बहुल राज्य हैं।

बाकी राज्यों में भी असम को छोड़ कर ईसाईयों की तादाद ही ज्यादा है। वहां हिंदु अल्पसंख्यक हैं। लेकिन उनको यह दर्जा नहीं मिला है। इन याचिकाओं में सुप्रीम कोर्ट के जिस फैसले का हवाला दिया गया है उसमें शीर्ष अदालत ने कहा था कि राज्यों में आबादी के आधार पर ही भाषाई अल्पसंख्यकों के बारे में फैसला किया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि किसी इलाके में जो लोग संख्या में कम हैं उन्हें संविधान के अनुच्छेद 30 (1) के तहत अपने धर्म और संस्कृति के संरक्षण के लिए स्कूल और कॉलेज खोलने का अधिकार है। याचिकाओं में कहा गया है कि धार्मिक आधार पर भी अल्पसंख्यकों के बारे में फैसला राज्यों की आबादी के आधार पर ही किया जाना चाहिए, आबादी के राष्ट्रीय औसत के आधार पर नहीं।

इन याचिकाओं में 23 अक्तूबर, 1993 को केंद्र की ओर से जारी उस अधिसूचना को चुनौती दी गई है जिसमें मुस्लिम, ईसाई, सिख, बौद्ध, पारसी और जैन तबके के लोगों को अल्पसंख्यक का दर्जा दिया गया था। याचिकाकताओं ने कहा है कि पूर्वोत्तर भारत की बहुसंख्यक आबादी अल्पसंख्यक के दर्जे की वजह से तमाम सरकारी लाभ ले रही है। यह सार्वजनिक धन की बबार्दी की मिसाल है। इलाके के ज्यादातर राज्यों में हिंदू समुदाय अल्पसंख्यक है. लेकिन वह अल्पसंख्यकों को मिलने वाले फायदों से वंचित है। डेलिना खांग्डुप ने मेघालय हाईकोर्ट में दायर अपनी याचिका में वर्ष 2011 की जनगणना के आंकड़ों के हवाले से बताया है कि राज्य (मेघालय) में ईसाइयों की आबादी 74.59 प्रतिशत है जबकि हिंदुओं की 11.53 प्रतिशत। इसके अलावा आबादी में 4.4 प्रतिशत मुस्लिम, 0.33 प्रतिशत बौद्ध, 0.02 प्रतिशत जैन और 8.71 प्रतिशत दूसरे धर्मों के लोग शामिल हैं। इस कारण उन्हें कठिनाई हो रही है।

**सीमा** सुरक्षा बल के स्थापना दिवस पर बीएसएफ इंडिया के सभी जांबाजों व उनके परिजनों को हार्दिक शुभकामनाएं।

राष्ट्र की प्रथम रक्षापंक्ति के तौर पर आपके पराक्रम, साहस, बहादुरी व बलिदान का पूरा देश अभिनंदन करता है।

**– अन्नपूर्णा देवी, सांसद कोडरमा**

## रोचक ट्वीट

**16 लाख** से अधिक नए किसानों को केसीसी से आच्छादित किया जिसके जरिए हजारों करोड़ रुपयों का किसानों ने उपयोग किया है। इस योजना के तहत कुल 35 लाख किसानों को जोड़ने का लक्ष्य हमने तय किया है।

**– हेमंत सोरेन, सीएम**





**पुरुषार्थी–** संकल्पसिद्ध साधक के लिए जगत में कुछ भी दुर्लक्ष्य नही है मनुष्य मन अनंत ऊर्जा -असीमित शक्तियों का स्त्रोत है। एकाग्रतापूर्वक यौगिक क्रियाओं के अनुवर्तन और ईश अनुग्रह से यथार्थ-बोध संभव है

**– स्वामी अवधेशानंद गिरी**

# मृग मरीचिका

## धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**सीता** बोली मुझे सुनहले चमड़ों वाला मृग ला दें तो मैं आपके बैठने के लिए मृगचर्म बनाऊं। राम ने कहा मैं अभी जाता हूं। लक्ष्मण बैठे देख रहे थे। उन्होंने सोचा मृग को मारने के लिये भगवान खुद चल दिये। मुझे आदेश देते तो मैं मारकर ला देगा। क्या बात है ये खुद चल दिये। वे कुछ समझ पाते इसके पहले राम मृग के पीछे दौड़ रहे थे। आश्चर्य की बात यह कि राम के बार-बार बाण मारने के बाद बाण उसे लग नहीं रहा था। ज्योंही मृग कुछ दूर गया राम ने बाण मार दिया और मृग रूपी मारीच मरने के पहले हाय लक्ष्मण कहा। रामजी समझ गये निश्चिय ही यह छल करने वाला कोई राक्षस है। यहां सीता तैयार बैठी थी। उसने कहा लक्ष्मण तुम्हारे भाई पर कोई संकट आया है। तुम जल्दी जाओ। लक्ष्मण ने कहा कोई संकट नहीं है। सीता बोली तुमने आवाज नहीं सुनी? वे तुम्हें पुकार रहे हैं। लक्ष्मण ने कहा- यह आवाज उनकी नहीं है। मैं बचपन से उनकी आवाज सुना हूं, जानता हूं, यह किसी बनावटी राक्षस की आवाज है। यहां सीता तो नाटक के लिये पहले से ही तैयार थी। लक्ष्मण तुम्हारे अंदर कलुष भावना है। तुम सेवा का नाटक किये हो। तुम मेरे साथ आये हो राम का सेवक बनकर लेकिन तेरे अंदर तो यही भावना है कि राम मर जाएं और तुम्हारी शादी सीता से हो। तेरे अंदर ये भावना है। सुनकर लक्ष्मण कांप गये। मैं क्या कह सकता हूं। फिर भी आप कह रही हैं तो मैं जा रहा हूं लेकिन आप मेरी एक बात मान लिजिएगा। मैं एक रेखा खींच देता हूं। **(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)**

## कॉर्टून वर्ल्ड




## लेटर टू एडिटर

### तेल की बढ़ती कीमत

**कच्चे** तेल की कीमतों में गिरावट आई। माना जाता है कि तेल की कीमतों में कमी होने से वस्तुओं की माल ढुलाई का खर्च कम होता है और इससे कीमतें गिरती हैं। विडंबना यह है कि हमारे यहां अंतरराष्ट्रीय बाजार में उतार-चढ़ाव का हवाला देकर तेल की कीमतों में बढ़ोतरी तो कर दी जाती है, लेकिन उसमें गिरावट के मुताबिक कमी नहीं की जाती।

**– भवेश, गढ़वा**

### गरीबों की सरकार?

**आम** जनता के लिए सस्ते अनाज की सप्लाई के लिए किसानों को जो समर्थन मूल्य सरकार देती थी वह गुजरे जमाने की बात हो जाएगी। कृषि सेक्टर पूरी तरह से मुनाफे से संचालित कार्पोरेट सेक्टर के नियंत्रण में आ जाएगा। आखिर कार्पोरेट के अच्छे दिनों के लिए तो मोदीजी सत्ता में आए हैं। अब जनता ठगी महसूस कर रही है विशेषकर मजदूर और किसान।

**– प्रदीप सिन्हा, हजारीबाग**

# चांद पर खनन की तैयारी में जुटा नासा

**सुधांशु कुमार**

## विज्ञान

नासा ने कहा है कि चंद्रमा की चट्टानों और मिट्टी को जमा करना और उसे नासा को सौंपना, चंद्रमा पर अंतरिक्ष व्यापार शुरू करने की अवधारणा की दिशा में पहला कदम होगा। चांद की सतह पर खनिज की खनन के लिए अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा ने दिखाई सक्रियता। अमेरिकी अंतरिक्ष संस्थान नासा ने एलान किया है कि वह चांद की चट्टानों को निजी कंपनियों से खरीदना चाहता है, ताकि चांद पर खनन के कार्यों को शुरू किया जा सके। अंतरिक्ष एजंसी कंपनियों से प्रस्ताव ले रही है कि वे रोवर्स (चांद की सतह पर चलने वाली गाड़ियां) का उपयोग करके चंद्रमा से मिट्टी और पत्थरों को कैसे एकत्र करेंगे। नासा ने विभिन्न कंपनियों से चांद पर खनिज खनन योजना को लेकर प्रस्ताव मंगाया है। नासा ने योजना बनाई है कि वह चांद से लाए गए 50 से 500 ग्राम तक के नमूनों को खरीदने के लिए क्रमशः 15 हजार और 25 हजार डॉलर तक की राशि का भुगतान करेगा। नासा ने कहा, चंद्रमा की चट्टानों और मिट्टी को इकट्ठा करना और उसे नासा को सौंपना चंद्रमा पर अंतरिक्ष व्यापार शुरू करने की अवधारणा को साकार करने की दिशा में पहला कदम होगा।

इस पहल से भविष्य में अंतरिक्ष उद्यमियों द्वारा चांद की जमीन पर खनन कार्य का तौर-तरीका विकसित करने में मदद मिलेगी। इस पहल से भविष्य के लिए अंतरिक्ष अभियानों में भी मदद मिलेगी। नासा की योजना है कि 2024 से पहले इस तरह के प्रयोग पूरे कर लिए जाएं। नासा ने 2024 तक मानव को फिर से चांद की सतह पर उतारने की योजना बनाई है। कंपनियों को चांद की सतह पर चंद्रमा की धूल या चट्टानों को इकट्ठा करना होगा। प्रत्येक कंपनी को उनके द्वारा इकट्ठा किए गए नमूनों की तस्वीरों को नासा को भेजना होगा। इसके अलावा इन नमूनों को कहां से इकट्ठा किया गया और इससे संबंधित डाटा भी अंतरिक्ष संस्थान को सौंपना होगा। शुरूआती योजना के मुताबिक, चांद की धरती से जमा किए गए नमूने को 50 से 500 ग्राम के बीच होना चाहिए और भविष्य के मिशन द्वारा संग्रह के लिए तैयार होना चाहिए।

नासा बाद की तारीखों में संग्रह के तरीकों का निर्धारण करेगी। एक ब्लॉग पोस्ट में नासा के प्रशासक जिम ब्रिडेनस्टाइन ने कहा, हम अपनी नीतियों को खोज के एक नए युग में लाने के लिए लगा रहे हैं, जिससे मानव सभ्यता को खासा लाभ होगा।

ब्रिडेनस्टाइन ने कहा, वाणिज्यिक भागीदारी का लाभ उठाने से हमारी स्थायी, अभिनव, और कम दर में सुरक्षित रूप से चंद्रमा पर लौटने की क्षमता बढ़ जाएगी। उन्होंने कहा कि नासा की योजनाएं 1967 की बाहरी अंतरिक्ष संधि का उल्लंघन नहीं करेंगी, जो मानती है कि आकाशीय निकाय और अंतरिक्ष स्वामित्व के राष्ट्रीय दावों से मुक्त हैं।

नासा की इस योजना की नींव 2015 में अमेरिकी कांग्रेस द्वारा पारित किए गए कानून में पड़ी। इस कानून को बराक ओबामा ने राष्ट्रपति पद पर रहते हुए मंजूरी दी थी। इस कानून के तहत निजी कंपनियों को चांद की धरती पर खनन करने, संपत्ति का अधिकार, वहां पानी, खनिज एवं अन्य पदार्थों के उत्खनन का अधिकार सौंपा गया। ब्रिडेनस्टाइन के मुताबिक, नासा का हालिया कदम दुनिया के 110 देशों के बीच 1967 में हुए ह्यआउटर स्पेस ट्रीटी ऑफ 1967 समझौते के तहत ही है।

चांद और अंतरिक्ष के अन्य ग्रह-उपग्रह इस्तेमाल या अन्य किसी भी तरह से किसी देश की राष्ट्रीय संपदा नहीं माने जाएंगे या उनके लिए संप्रभुता का दावा नहीं किया जाएगा। उनके मुताबिक, हमें चांद की सतह पर मौजूद बर्फ का इस्तेमाल करना होगा।

# समुद्री तट पर सैकड़ों व्हेलों की मौत

**मनोज शर्मा**

## पर्यावरण

**ऑस्ट्रेलिया** के वेस्ट कोस्ट तस्मानिया में मार्की हार्बर पर फंसी करीब 460 पायलट व्हेलों के पॉड में से ज्यादातर की मौत हो गई। छिछले तटों की ओर आकर फंसी केवल 50 व्हेलों की जान बचाई जा सकी।

दक्षिणी ऑस्ट्रेलिया के तस्मानिया में मार्की हार्बर के पास के छिछले पानी में करीब 460 पायलट व्हेलों का समूह आ फंसा था। तमाम प्रयासों के बावजूद उनमें से केवल 50 व्हेलों को बचाया जा सका. इस पॉड यानि पायलट व्हेलों के समूह के ज्यादातर सदस्य हार्बर के छिछले पानी में थीं जबकि कुछ गहरे पानी की ओर बढ़ने में कामयाब हो गई थीं। पायलट व्हेलें महासागरीय डॉल्फिन की एक किस्म होती हैं, जिसके सदस्य 7 मीटर (23 फीट) तक लंबे और 3 टन तक भारी हो सकते हैं।

कम गहरे पानी में जाकर फंस गई व्हेलों को बचाने के लिए बड़े स्तर पर बचाव अभियान चलाए जा रहे हैं। इसके लिए व्हेलों के पास भारी मात्रा में ठंडा पानी ले जाकर उन्हें एक झूले जैसी चीज पर टांगने की कोशिश की जाती है और इस तरह उन्हें धीरे धीरे गहरे पानी की ओर ले जाकर छोड़ दिया जाता है।

तस्मानिया के पार्क्स और वाल्डलाइफ सर्विस के क्षेत्रीय प्रबंधक निक डेका ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया, हमने एक ऐसा तरीका आजमाने पर सहमति बनाई, जिसमें पहले एक झूले जैसी चीज को व्हेल के नीचे से गुजारा जाता है जो नाव से जुड़ा होता है। इसके अलावा गहरे पानी में भी क्रू मौजूद होता है।

बचाव अभियान से जुड़े 60 से भी अधिक लोगों में स्थानीय मछुआरे, स्वयंसेवी और पेशेवर शामिल हैं। इस समय यहां पानी इतना ठंडा है कि खास वेटसूट पहन कर काम करने के बावजूद सभी बचावकर्मी छोटी शिफ्टों में काम कर रहे हैं ताकि ज्यादा ठंड लगने के कारण उन्हें हाइपोथर्मिया नाम की स्वास्थ्य परेशानी का सामना ना करना पड़े।

सरकारी संरक्षण एजेंसी में काम करने वाले वन्यजीव जीवविज्ञानी क्रिस कार्लयन ने बताया, हम बड़े और संकट में पड़े जानवरों से निपट रहे हैं। ना केवल इसमें कई कई दिन का समय लग जाता है बल्कि भावनात्मक रूप से भी यह काफी कठिन होता है। कार्लयन कहते हैं कि चूंकि यह एक प्राकृतिक घटना है इसलिए यह स्वीकार कर सकते हैं कि कुछ जानवरों की जान जा सकती है। वैज्ञानिकों को अब तक नहीं पता चला है कि हमेशा समूह में यात्रा करने वाली पायलट व्हेलें कभी कभी समुद्र तटों की ओर क्यों बढ़ जाती हैं. स्तनधारियों की यह प्रजाति आम तौर पर किसी नेता के नेतृत्व में चलती है और अपने पॉड में किसी के घायल हो जाने या परेशानी में पड़ने पर उसे अकेला नहीं छोड़तीं और उसके चारों ओर इकट्ठी हो जाती हैं।

इस इलाके में अकसर व्हेलों को समुद्री तटों पर देखा जाता रहा है। लेकिन इतनी बड़ी संख्या में इन्हें कभी नहीं देखा गया था। इसके पहले सन 2009 में तस्मानिया के पास करीब 200 भटकी हुई व्हेलें दिखी थीं। ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के पास के इलाकों में कई किस्म की व्हेलें मिलती हैं।

हर साल ये व्हेलें छोटे समूहों से लेकर 1,000 जैसी बड़ी तादाद में पॉड बना कर दूर दूर के पानी में माइग्रेट करती हैं। 2018 में भी न्यूजीलैंड में इसी तरह फंसने से एक ही हफ्ते के भीतर 200 से अधिक पायलट व्हेलों की मौत हो गई थी।


संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 957008-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# शेयर बाजार में सूचीबद्धता की होड़

वर्ष 2023 के शुरूआती नौ महीनों में भारत में औसतन 848 करोड़ रुपये के आकार वाले 170 आईपीओ आए। यह किसी भी अन्य बाजार की तुलना में बड़ा था।

टाटा टेक्नॉलजीज की प्रारंभिक सार्वजनिक पेशकश (कढड) में निवेशकों ने अच्छी खासी रुचि दिखाई है क्योंकि यह लगभग दो दशकों में इस समूह की ओर से पहली प्राथमिक बाजार पेशकश है। इस इश्यू के माध्यम से 475 से 500 रुपये प्रति शेयर की दर से करीब 3,042 करोड़ रुपये की राशि जुटाने का लक्ष्य है।

अनाधिकारिक प्रतिभूति बाजार (ग्रे मार्केट) के 350 रुपये के प्रीमियम को देखते हुए माना जा सकता है कि यह शेयर ओवरसबस्क्राइब होगा तथा प्रीमियम दर पर सूचीबद्ध होगा।

टाटा टेक्नॉलजीज को इंजीनियरिंग से जुड़ी सुविधाओं के लिए अच्छी ख्याति हासिल है और यह देश के सबसे बड़े कारोबारी समूहों में से एक की ओर से संचालित है। इस कंपनी के अलावा भी यह वर्ष आमतौर पर उन कंपनियों के लिए बेहतर रहा है जो प्राथमिक बाजार में पहुंच कायम करना चाहती हैं।

वर्ष 2023 के शुरूआती नौ महीनों में भारत में औसतन 848 करोड़ रुपये के आकार वाले 170 आईपीओ आए। यह किसी भी अन्य बाजार की तुलना में बड़ा था। सबसे अधिक 4,000 करोड़ रुपये की राशि जुटाई गई जबकि कुछ आईपीओ 100 करोड़ रुपये से कम मूल्य के भी थे।

इसके अलावा 25 से अधिक अन्य कंपनियों ने ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस पेश किया है, यानी वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में ऐसे और इश्यू सामने आ सकते हैं। यह प्रॉस्पेक्टस तब पेश किया जाता है जब संभावित निवेशकों के समक्ष कोई नया कारोबार या उत्पाद पेश किया जाता है।

यह गतिविधि प्रमुख रूप से दो वजहों से प्रेरित रही है। पहला है एक मजबूत द्वितीयक बाजार जहां अधिकांश क्षेत्र अच्छा कारोबार करते हैं। कंपनियां तब चोट करना चाहती हैं जब लोहा गर्म हो। मजबूत द्वितीयक रुझान और प्रदर्शन अनुकूल प्राथमिक बाजार का माहौल तैयार करते हैं।




कंपनियां चाहती हैं कि बाजार रुझान में संभावित बदलाव आने के पहले जरूरत की धनराशि जुटा लें। दूसरा कारक एक व्यापक वापसी जैसा प्रतीत होता है। छोटे फाइनैंस बैंक, आभूषण, आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन, अधोसंरचना, स्वागत उद्योग और जैव प्रौद्योगिकी जैसे विविध क्षेत्रों में इश्यू देखने को मिले हैं। इनका मझोला आकार यही दशार्ता है कि मध्यम आकार की कंपनियां भी बाजार तक पहुंचने में कामयाब हैं। यह छोटे और मझोले उपक्रम क्षेत्र में सुधार का संकेत हो सकता है जो बहुत उत्साहित करने वाली बात है क्योंकि सबसे अधिक रोजगार वहीं सृजित होते हैं।

प्राथमिक बाजार को उस समय संघर्ष करना पड़ता है जब खुदरा भागीदारी कम होती है। फिलहाल ऐसा बिल्कुल नहीं है। इस अवधि में खुदरा कोटा ओवरसबस्क्राइब रहा है। निश्चित तौर पर खुदरा निवेशक अपनी बचत लगातार कई सालों से शेयरों में लगा रहे हैं। उन्हें म्युचुअल फंड के माध्यम से भी योगदान दिया गया है जो इक्विटी म्युचुअल क्षेत्र में निरंतर पूंजी प्रवाह में नजर भी आता है।

यह मोटे तौर पर सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) के माध्यम से किया गया। इससे यह संकेत भी निकलता है कि कुछ हद तक घरेलू बचत शेयरों की ओर स्थानांतरित हो रही है। आईपीओ इश्यू के सख्त मानदंडों, सूचीबद्धता के शेड्यूल और बाजार नियामक द्वारा समुचित जांच परख से भी सहजता मिली होगी।

एक ओर जहां घरेलू निवेशकों में सकारात्मक माहौल है, वहीं विदेशी संस्थागत निवेशकों का रुझान मिलाजुला रहा है। हालांकि ये निवेशक बाजार नियामक से मांग करते रहे हैं कि आवंटन कोटा बढ़ाया जाए तथा प्रक्रियाओं को सहज किया जाए ताकि भागीदारी में इजाफा किया जा सके।

अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के सख्त रुख के कारण जोखिम से बचाव का रवैया अपनाया गया है जिसका परिणाम कई महीनों की विशुद्ध बिकवाली के रूप में सामने आया है। घरेलू मोर्चे पर मुद्रास्फीति कम होती दिख रही है जो आमतौर पर बाजार के लिए अच्छी बात है। आने वाले महीनों में वैश्विक हालात के अलावा घरेलू राजनीतिक घटनाक्रम भी रुझान तय करने में अहम भूमिका निभाएंगे।

बाजार और निवेशक स्थिरता तथा नीतिगत निरंतरता को तवज्जो देते हैं। व्यापक स्तर पर देखें तो नई सूचीबद्धता और प्राथमिक बाजार की स्थिति उत्साह बढ़ाने वाली है। इससे न केवल कंपनियों को बाजार से धन जुटाने में मदद मिल रही है बल्कि यह आर्थिक गतिविधियों के लिए भी सकारात्मक रहेगा। सूचीबद्ध कंपनियों की बढ़ती सूची धन प्रबंधकों को फंड के किफायती आवंटन में भी सक्षम बनाएगी।

## चीन में मंदी से भारत सबसे कम प्रभावित : डेटा

एशिया-प्रशांत क्षेत्र में, चीन में मंदी और उनके बेंचमार्क उपायों के खराब प्रदर्शन से भारत सबसे कम प्रभावित है।

समी मोडकसमी मोडक

हालांकि दुनिया भर से चुनौतियां भारतीय बाजारों को प्रभावित कर रही हैं, लेकिन चीन में मंदी उनमें से एक नहीं है। गोल्डमैन सैक्स ने अपने विश्लेषण में पाया कि जब भारतीय स्टॉक ऊपर जाते हैं, तो चीनी स्टॉक नीचे जाते हैं।

एशिया-प्रशांत क्षेत्र में, चीन में मंदी और उनके बेंचमार्क उपायों के खराब प्रदर्शन से भारत सबसे कम प्रभावित है। इसके विपरीत, हांगकांग, थाईलैंड, ताइवान और मलेशिया उन देशों में से हैं जिनकी किस्मत दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था चीन के साथ निकटता से जुड़ी हुई है।

गोल्डमैन सैक्स ने एक नोट में कहा, ह्लहाई जियो-पुलिटिकल रिस्क और चीन की आर्थिक चुनौतियों के बारे में चिंताएं हैं जो क्षेत्र में समग्र विकास को प्रभावित कर रही हैं।हालांकि, भारत चीन की मांग से कम जुड़ा है और उसके शेयर बाजार में चीन की धीमी वृद्धि के प्रति संवेदनशीलता कम है। इसका मतलब यह है कि भारत इन वैश्विक जोखिमों के प्रति कम संवेदनशील है।

ब्रोकरेज ने 2024 में एशिया-प्रशांत क्षेत्र के लिए कुछ चुनौतियों की ओर इशारा किया है, जैसे दुनिया भर में धीमी वृद्धि, उच्च वैश्विक ब्याज दरें, अल्पावधि में डॉलर की निरंतर ताकत, बढ़ती भूराजनीतिक अनिश्चितताएं और चीन में कम वृद्धि।

गोल्डमैन सैक्स का अनुमान है कि 2024 में ग्लोबल 2.6% (2023 में 2.7% से थोड़ा कम) बढ़ेगा। जापान को छोड़कर एशिया में विकास दर 5.1% से घटकर 4.7% होने की उम्मीद है, इसका मुख्य कारण यह है कि चीन की वृद्धि दर 5.3% से घटकर 4.8% रह गई है।

भारत के लिए, गोल्डमैन सैक्स के अर्थशास्त्रियों को 2024 में 6.3 प्रतिशत की स्थिर सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि की उम्मीद है, जबकि 2023 में यह 6.4 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) होगी।

गोल्डमैन सैक्स के अनुसार, 2024 की पहली छमाही में विकास को चुनाव से संबंधित खर्चों से बढ़ावा मिलेगा, जिससे उपभोक्ता मांग को बढ़ावा मिलेगा। चुनाव के बाद निवेश वृद्धि में फिर से तेजी आने की उम्मीद है, खासकर प्राइवेट सेक्टर से।

**चीन में नयी महामारी के बीच भारत के पास खुद को मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में स्थापित करने का मौकाः रिपोर्ट**

चीन में श्वसन संबंधी महामारी फैलने के बीच भारत अपनी आपूर्ति-श्रृंखला क्षमताओं को बढ़ाकर और स्वास्थ्य संबंधी बुनियादी ढांचे में निवेश कर खुद को वैश्विक ह्यमैन्युफैक्चरिंग हबब्र के तौर पर स्थापित कर सकता है। एक रिपोर्ट में यह कहा गया है। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (ऋळफक) ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि भारत मोबाइल फोन और लैपटॉप जैसे क्षेत्रों में अपने कार्यबल और विनिर्माण क्षमता का लाभ उठा सकता है।

रिपोर्ट के अनुसार, चीन में मानव-पशु संपर्क के कारण कई संक्रमण फैले हैं। इनमें 2019 में कोविड-19, 2013 में एच7एन9 बर्ड फ्लू, 2014 में एच5एन6 बर्ड फ्लू और 2021 में एच10एन3 बर्ड फ्लू शामिल हैं।

हालांकि, इन संक्रमणें के अलग-अलग प्रभाव थे, लेकिन कोविड-19 विशेष रूप से एक वैश्विक महामारी में बदल गया। ये महामारियां, विशेष रूप से कोविड-19 ने वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं और विनिर्माण के लिए चीन पर निर्भरता के फिर से मूल्यांकन को प्रेरित किया है। कंपनियां जोखिमों को कम करने के लिए आपूर्ति स्त्रोतों में विविधता लाने के विकल्पों पर विचार कर रहे हैं। जीटीआरआई के सह-संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा, ह्लभारत अपनी आपूर्ति श्रृंखला क्षमताओं को बढ़ाकर और अस्पतालों के बुनियादी ढांचे में निवेश करके लाभ उठाने की स्थिति में है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इसी साल मध्य अक्टूबर से चीन के उत्तरी भाग में बच्चों में श्वसन संबंधी बीमारी बढ़ रही है, जो कोविड-19 प्रतिबंध हटने और ठंड के मौसम की शुरूआत से जुड़ी है।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने 26 नवंबर को एक बयान में कहा है कि भारत सरकार स्थिति पर नजर बनाए हुए है। सरकार ने संकेत दिया कि फिलहाल खतरे की कोई जरूरत नहीं है। रिपोर्ट में कहा गया है कि चीन 90 प्रतिशत से अधिक लैपटॉप की आपूर्ति करता है और अधिकतर उकपरणों का उत्पादन घर में ही करता है। यही बात वॉशिंग मशीन, सोलर पीवी सेल और इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) बैटरी पर भी लागू होती है।

इसमें कहा गया, किसी भी कारण से आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित होती है तो पूरी दुनिया प्रभावित होगी। कोविड ने दवाई के मामले में यह बता दिया था। इस मामले में, मोबाइल फोन और लैपटॉप की दुनियाभर में आपूर्ति के लिए इनके स्थानीय विनिर्माण के भारत के प्रयास का स्वागत किया जाना चाहिए।

# ग्रामीणों की एसआइपी में निवेश की रुचि बढ़ी

ग्रामीण इलाकों से मिल रहे ज्यादा रकढ खाते, हालांकि निवेश की रकम छोटी


मई से अक्टूबर 2023 के बीच बी-30 से एसआईपी निवेश 26 फीसदी बढ़कर 6,436 करोड़ रुपये पर पहुंच गया जबकि टी-30 में बढ़त की रफ्तार 22 फीसदी रही।

म्युचुअल फंड 30 बड़े शहरों (टी-30) के मुकाबले ग्रामीण इलाकों (बी-30) में नए सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान वाले नए खातों में ज्यादा वृद्धि से रूबरू हो रहा है। हालांकि इन इलाकों से मिलने वाला औसत निवेश बड़े शहरों या केंद्रों के मुकाबले काफी कम है।

एसोसिएशन ऑफ म्युचअल फंड्स इन इंडिया (अटऋक) के आंकड़ों के अनुसार ग्रामीण इलाकों ने एसआईपी के जरिये म्युचुअल फंडों को औसतन 1,725 रुपये का योगदान किया, जो अग्रणी शहरों के निवेशकों के निवेश के औसत आकार 2,940 रुपये से 70 फीसदी कम है।

अक्टूबर में बी-30 शहरों के निवेशकों का 3.73 करोड़ एसआईपी खातों के जरिये सकल निवेश 6,436 करोड़ रुपये रहा जबकि टी-30 के निवेशकों ने 3.57 करोड़ खातों के जरिये 10,492 करोड़ रुपये का योगदान किया। बी-30 में एसआईपी खातों का जुड़ाव और एसआईपी निवेश टी-30 के मुकाबले ज्यादा तेज रफ्तार से बढ़ रहा है।

मई से अक्टूबर 2023 के बीच बी-30 से एसआईपी निवेश 26 फीसदी बढ़कर 6,436 करोड़ रुपये पर पहुंच गया जबकि टी-30 में बढ़त की रफ्तार 22 फीसदी रही। इसके साथ ही बी-30 में सक्रिय एसआईपी खातों ने टी-30 की संख्या को पीछे छोड़ दिया और




यह 17 फीसदी की बढ़त के साथ अप्रैल 2023 के 3.17 करोड़ खातों के मुकाबले अक्टूबर के आखिर में 3.73 करोड़ पर पहुंच गई।

म्युचुअल फंड के अधिकारियों ने कहा कि बी-30 क्षेत्र बेहतर वृद्धि दर्ज कर रहा है। इसका कारण जागरूकता में इजाफा और नई पीढ़ी के निवेश विकल्पों की बढ़ती स्वीकार्यता है।

मिरे ऐसेट एमएफ के वाइस चेयरमैन और मुख्य कार्याधिकारी स्वरूप मोहंती ने कहा कि महामारी के बाद हम दो चीजें एक साथ देख रहे हैं। पहला, वित्तीय परिसंपत्तियों की ओर बढ़ते कदम और दूसरा, एसआईपी के जरिये देश के छोटे शहरों में म्युचुअल फंडों का प्रसार। यह काफी अच्छा संकेत है क्योंकि ज्यादा भारतीय निवेशक पूंजी बाजारों के जरिये अब भारत के विकास की कहानी में हिस्सेदार बनेंगे।

हालांकि बी-30 के एसआईपी खातों में तीव्र बढ़ोतरी ने निवेश का आकार घटा दिया है। नवंबर 2021 में बी-30 में निवेश का आकार 1,757 रुपये था, जो अक्टूबर 2023 में घटकर 1,725 रुपये रह गया। इसकी तुलना में टी-30 में निवेश का औसत आकार पिछले दो साल में 2,794 से 2,940 रुपये पर आया है।

छोटे शहर म्युचुअल फंडों का ज्यादा ध्यान खींच रहे हैं क्योंकि वहां वृद्धि की ज्यादा गुंजाइश है। विगत वर्षों में फंड हाउस ने इन इलाकों में काफी शाखाएं खोली हैं। उन्होंने वैयक्तिक वितरकों व बैंकों के साथ गठजोड़ के जरिये अपनी वितरण ताकत बढ़ाई है।

हालांकि उद्योग की बी-30 योजना को मार्च 2023 में तब झटका लगा जब बाजार नियामक सेबी ने बी-30 के प्रोत्साहन ढांचे पर रोक लगी दी। इसके तहत फंड हाउस बी-30 से निवेशक हासिल करने के लिए वितरकों को ज्यादा प्रोत्साहन देते थे।

## इमर्जिंग मार्केट बास्केट में भारत का वजन बढ़ा

ईएम इंडेक्स में भारत का भारांक अब तक के सर्वोच्च स्तर 16.3 फीसदी पर पहुंच जाएगा और शेयरों की संख्या बढ़कर 131 हो जाएगी।

हाल के वर्षों में उभरते बाजारों के बास्केट (शेयरों) में भारतीय इक्विटी बाजार को खासी बढ़त हासिल हुई है। साल 2018 से एमएससीआई ईएम इंडेक्स (जिसे करीब 500 अरब डॉलर की परिसंपत्ति वाले पैसिव फंड ट्रैक करते हैं) में भारत का भारांक दोगुना हो गया है, वहीं देसी शेयरों की संख्या करीब 70 फीसदी बढ़ी है।

इस महीने के आखिर से प्रभावी होने वाले एमएससीआई पुनसंर्तुलन के बाद ईएम इंडेक्स में भारत का भारांक अब तक के सर्वोच्च स्तर 16.3 फीसदी पर पहुंच जाएगा और शेयरों की संख्या बढ़कर 131 हो जाएगी। साल 2018 में भारत का भारांक 8.2 फीसदी था जबकि इंडेक्स में शेयरों की संख्या 78 थी। यह जानकारी आईआईएफएल ऑल्टरनेटिव रिसर्च के आंकड़ों से मिली। आईआईएफएल इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीराम वेलायुधन ने कहा कि विभिन्न वर्षों में भारांक में हुए इजाफे की कई वजहें हैं। मात्रात्मक मोर्चे पर बड़े फ्री-फ्लोट मार्केट कैप वाली भारतीय कंपनियां इस इंडेक्स से जुड़ी हैं, जिनकी संख्या में इजाफा हुआ है।गुणवत्ता के लिहाज से हालांकि भारत विभिन्न उद्योगों में ताइवान के मुकाबले बेहतर विविधता की पेशकश करता है जबकि ताइवान में सेमीकंडक्टर सेक्टर का ज्यादा संकेंद्रण है। चीन के कमजोर प्रदर्शन और भारत की स्थिर वृद्धि व अनुकूल जनसंख्या व उसकी विशिष्टता ने भी इंडेक्स में ज्यादा भारांक हासिल करने में मदद की है।

व्यापक तौर पर ट्रैक किए जाने वाले वैश्विक इंडेक्स में ज्यादा प्रतिनिधित्व से कई घरेलू शेयरों में ज्यादा विदेशी निवेश हासिल करने में मदद मिलेगी।

नुवामा ऑल्टरनेटिव ऐंड क्वांटिटेटिव रिसर्च के प्रमुख अभिलाष पगारिया ने कहा कि भारत का भारांक दोगुना होना उल्लेखनीय कामयाबी है और इसके पीछे कई कारक मसलन साल 2020 में विदेशी स्वामित्व की सीमा में इजाफा, व्यापक बाजारों में काफी तेजी और अन्य बाजारों, मुख्य रूप से चीन, के मुकाबले अपेक्षाकृत उम्दा प्रदर्शन है।

पगारिया ने कहा कि देसी व विदेशी प्रतिभागियों के स्थिर निवेश की बदौलत भारत में एमएससीआई ईएम इंडेक्स में अपनी हिस्सेदारी साल 2024 तक 20 फीसदी के पार ले जाने की क्षमता है।

मोटे तौर पर भारत आने वाले विदेशी पोर्टफोलियो निवेश को दो भागों में बांटा जा सकता है झ्र पैसिव (ईटीएफ के जरिये) और पैसिव (गैर-ईटीएफ)। इंडेक्स फंडों के जरिये निवेश की बढ़ती प्रवृत्ति के बीच विभिन्न वर्षों में ईटीएफ ने ज्यादा लोकप्रियता हासिल की है।

उदाहरण के लिए सूचीबद्ध वैश्विक फंडों ने सितंबर में भारतीय इक्विटी बाजारों में 1.3 अरब डॉलर का निवेश किया है, जिससे माह के दौरान हुई कुल निकासी को 50 करोड़ डॉलर के स्तर पर लाने में मदद मिली। एमएससीआई ईएम इंडेक्स में भारत का भारांक चीन के बाद दूसरा सबसे बड़ा आंकड़ा है और दोनों के बीच पिछले कुछ वर्षों में अंतर कम हुआ है। ऐक्सिस म्युचुअल फंड के नोट में कहा गया है कि एमएससीआई ईएम इंडेक्स में भारत का भारांक साल 2013 के 6.4 फीसदी से बढ़ा है जबकि तब चीन का भारांक 42.5 फीसदी था। अब चीन का भारांक 29.55 फीसदी रह गया है।


ऐक्सिस एमएफ के नोट में कहा गया है कि वर्षों तक क्षेत्रीय बेंचमार्क सूचकांकों में भारत का प्रतिनिधित्व काफी कम था। लेकिन यह धीरे-धीरे बदल रहा है और भारतीय कंपनियों की वृद्धि के जरिये भारत ने लंबा रास्ता तय किया है।

## लोन पर आरबीआइ रख रहा है कड़ी नजर

आखिरकार, व्यक्तिगत ऋण (पर्सनल लोन) एवं क्रेडिट कार्ड पर भारतीय रिजर्व बैंक (फइक) हरकत में आ ही गया। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) को भले ही ऐसे ऋण को लेकर विशेष चिंता नहीं थी मगर आरबीआई किसी तरह का जोखिम नहीं लेना चाहता है। हाल ही में आरबीआई ने उपभोक्ता ऋण के मामले में बैंकों एवं एनबीएफसी के लिए जोखिम भार 25 प्रतिशत अंक बढ़ा दिया। आरबीआई ने आवास, शिक्षा, वाहन, गोल्ड और सूक्ष्म वित्त संस्थानों एवं स्वयं-सहायता समूहों को आवंटित ऋण को इसकी जद से बाहर रखा है।

जोखिम भार बढ़ने से बैंक एवं एनबीएफसी के लिए ऐसे ऋण के लिए पूंजी जुटाना अधिक महंगा हो जाएगा और वे आंख मूंद कर असुरक्षित ऋण पर दांव नहीं खेलेंगे। अक्टूबर में आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने वित्तीय क्षेत्र में स्थिरता पर विशेष जोर दिया था और व्यक्तिगत ऋण खंड में कुछ खास ऋण में तेज इजाफा होने पर चिंता जताई थी। आरबीआई बैंकिंग क्षेत्र में किसी भी तरह की जोखिम की आशंका को पहले ही समाप्त कर देने के मंत्र के साथ पैनी नजर रख रहा है।

छोटे कर्जदाताओं को ऋण चुकाने में आ रही परेशानी को देखते हुए वित्त मंत्रालय ने सभी पीएसबी को छोटे ऋण खातों की समीक्षा करने और हालात की जानकारी देने का निर्देश दिया था। बैंकों ने



भी वित्त मंत्रालय को आश्वस्त किया था कि छोटे आकार के असुरक्षित ऋण से वित्तीय तंत्र को कोई खतरा नहीं है क्योंकि इनकी (ऐसे ऋण) का अनुपात बहुत कम है।

जोखिम भार केंद्रीय बैंक के हाथ में एक ऐसा जरिया होता है जिसका इस्तेमाल कर वह कुछ खास किस्म के ऋण के आवंटन में बैंकों पर नियंत्रण रखता है। उदाहरण के लिए जब रियल एस्टेट क्षेत्र को ऋण आवंटन पर चिंता पैदा हुई थी तो आरबीआई ने 2005 में वाणिज्यिक रियल एस्टेट क्षेत्र को आवंटित होने वाले ऋणों के लिए जोखिम भार 100 प्रतिशत से बढ़ाकर 125 प्रतिशत कर दिया था।

इसे फिर अप्रैल 2006 में बढ़ाकर 150 प्रतिशत तक कर दिया था। इससे पहले 2004 में आवास ऋण पर जोखिम भार 50 प्रतिशत से बढ़ाकर 75 प्रतिशत कर दिया गया था। बैंकिंग नियामक ने उपभोक्ता ऋण एवं बैंकों के पूंजी बाजार में ऋण आवंटन पर जोखिम भार 100 प्रतिशत से बढ़ाकर 125 प्रतिशत कर दिया था।

आरबीआई की नवीनतम वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट में कहा गया है कि असुरक्षित ऋण के मद में आवंटन मार्च 2021 के 22.9 प्रतिशत से बढ़कर मार्च 2023 में 25.2 प्रतिशत तक पहुंच गया था।

रिपोर्ट के अनुसार सुरक्षित ऋण का अनुपात इसी अवधि के दौरान 77.1 प्रतिशत से कम होकर 74.8 प्रतिशत रह गया। कुल मिलाकर खुदरा ऋण की वृद्धि सालाना चक्रवृद्धि दर (सीएजीआर) पर मार्च 2021 से 24.8 प्रतिशत दर से हुई जबकि पूरे बैंकिंग क्षेत्र के कुल ऋणों में 13.8 प्रतिशत सीएजीआर दर से इजाफा हुआ।

सीआरआईएफ हाईमार्क के आंकड़ों के अनुसार 31 दिन से 180 दिनों के बीच बकाया ऋण (50,000 रुपये से कम) का हिस्सा जून 2023 में बढ़कर 8.1 प्रतिशत हो गया। अगर किसी कर्जधारक ने 30 दिन के भीतर किस्त का भुगतान नहीं किया है तो उसका ऋण खाता स्पेशल मेंशन अकाउंट -1 (एसएमए) करार दिया जाता है। 60 दिन तक भुगतान नहीं होने पर एसएमए-2 करार दे दिया जाता हैअगर 90 दिन के बाद भी भुगतान नहीं होता है तो संबंधित ऋण गैर-निष्पादित आस्तियों (एनपीए) में तब्दील हो जाता है। एसएमए-1 और एसएमए-2 खातों की संख्या लगातार बढ़ रही है। मार्च 2023 तक खुदरा खंड में फंसे ऋण का अनुपात 1.4 प्रतिशत था।

सीआरआईएफ हाईमार्क के आंकड़ों के अनुसार 10,000 रुपये से कम आकार के अल्प अवधि के व्यक्तिगत ऋण (एसटीपीएल) का कुल मूल्य 31 मार्च, 2023 को समाप्त हुए वित्त वर्ष में बढ़कर 37 प्रतिशत हो गया। 10,000-50,000 रुपये के बीच एसटीपीएल बढ़कर 48 प्रतिशत हो गया। क्रेडिट ब्यूरो एजेंसियां 50,000 रुपये तक के ऋण को एसटीपीएल मानती हैं।

वित्त वर्ष 2023 में ऐसे 86 लाख ऋण आवंटित हुए और इस तरह वित्त वर्ष 2022 की तुलना में इनमें 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई। वित्त वर्ष 2023 में जितने व्यक्तिगत ऋण आवंटित किए गए उनमें लगभग 80 प्रतिशत एसटीपीएल थे। इनमें 60 प्रतिशत ऋण तो 10,000 रुपये से भी कम के थे। जून 2023 तक 11.16 लाख करोड़ रुपये के व्यक्तिगत ऋण थे जो मार्च 2020 की तुलना में दोगुना थे।

छोटे शहरों में एसटीपीएल ऋण से जुड़े मामले अधिक देखे गए हैं। पिछले 12 महीनों में 10,000 रुपये तक के एसटीपीएल देश के सबसे बड़े 100 शहरों से बाहर आवंटित हुए थे। 29 प्रतिशत ऋण देश के शीर्ष शहरों में आवंटित हुए थे।

क्रेडिट ब्यूरो एजेंसियों का कहना है कि जुलाई 2022 और जून 2023 के दौरान मंजूर 10,000 से 50,000 रुपये तक के 35 प्रतिशत एसटीपीएल शीर्ष 100 शहरों से बाहर के थे। शीर्ष 8 शहरों के मामले में यह आंकड़ा 31 प्रतिशत था। ऐसे ऋण के आवंटन में एनबीएफसी की बड़ी हिस्सेदारी रही है। कोविड पूर्व स्तर से इनमें निजी बैंकों का भी योगदान बढ़ा है मगर मार्च 2022 की तुलना में इनमें कमी आई है।

अक्टूबर में प्रकाशित ब्रोकरेज कंपनी यूबीएस की रिपोर्ट के अनुसार निजी बैंकों की तुलना में पीएसबी में ऋण भुगतान में चूक के मामले अधिक रह सकते हैं। रिपोर्ट के अनुसार 2024-25 में असुरक्षित खुदरा ऋणों से ऋण नुकसान 50 से 200 आधार अंक तक बढ़ सकता है।

रिपोर्ट में कहा गया कि पीएसबी ने ऐसे 52 प्रतिशत ऋण उन ग्राहकों को दे रखे हैं जिनका क्रेडिट स्कोर 644 (मध्यम से अधिक जोखिम वाले कर्ज धारक) से कम हैं जबकि एनबीएफसी और बड़े निजी बैंकों के ऐसे ग्राहक क्रमशः 49 प्रतिशत और 31 प्रतिशत हैं।

आवश्यकता से एक सीमा से अधिक ऋण आवंटन के मामले भी देखे जा रहे हैं और ग्राहक कई तरह के ऋण छोटे अंतराल पर ले रहे हैं। आरबीआई ने जोखिम के इन संकेतों को नजरअंदाज नहीं कर अच्छा किया है। मगर आरबीआई के इस कदम का समय जिज्ञासा बढ़ाने वाला जरूर है। इसकी एक वजह संभवतः सितंबर तिमाही (आंकड़े अभी सार्वजनिक नहीं हुए हैं) में व्यक्तिगत एवं फंसे ऋण के मामलों में बढ़ोतरी हो सकती है।



## 50 अरब डॉलर तक पहुंच सकती है आइपीएल मीडिया अधिकारों की कीमत

**बेंगलुरु।** इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) अध्यक्ष अरूण धूमल का मानना है कि अगर खेल प्रेमियों की दिलचस्पी को ध्यान में रखते हुए लीग में नयापन और सुधार होता रहे तो इसके मीडिया अधिकारों की कीमत अगले दो दशक में 50 अरब डॉलर (50 बिलियन) तक पहुंच सकती है। इस समय आइपीएल के पांच साल के लिए मीडिया अधिकारों की कीमत करीब 48000 करोड़ रुपए (6.2 बिलियन डॉलर) है। इस तरह कीमत के हिसाब से नेशनल फुटबॉल लीग (एनएफएल) के बाद आइपीएल दूसरे नंबर की लीग है। एनएफएल ने पिछले साल 11 वर्ष के लिए 110 बिलियन डॉलर की कीमत का करार किया है। धूमल ने यहां 'आरसीबी इनोवेशन लैब्स' के 'लीडर्स मीट इंडिया' कार्यक्रम में कहा, 'अगर मुझे देखना है कि यह पिछले 15 साल में कैसा रहा और आगे यह कैसा होगा तो हमें आइपीएल के मीडिया अधिकारों के करीब 2043 तक 50 बिलियन डॉलर (50 अरब डॉलर) के करीब पहुंचने की उम्मीद है। उन्होंने महिलाओं की प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की शुरूआत और क्रिकेट के 2028 लास एंजिल्स ओलंपिक में शामिल किये जाने से भी वित्तीय लाभ की उम्मीद जतायी। धूमल ने कहा, ह्यहमें नयापन लाते रहने की जरूरत है, खेल प्रेमियों की भागीदारी के मामले में बेहतर करते रहने की जरूरत है और मैच के स्तर के मामले में इन्हें बेहतर करते रहने की जरूरत है।

# टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया से जीती टी-20 सीरीज

**एजेंसी**

**रायपुर।** रिंकू सिंह के 29 गेंद में 46 रन और जितेश शर्मा के 19 गेंद में 35 रन की पारी के बाद कसी गेंदबाजी के बूते भारत ने ऑस्ट्रेलिया को चौथे टी-20 में 20 रन से हरा दिया। इसी के साथ मेजबान टीम इंडिया ने पांच मैच की टी-20 सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त बनी ली है। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल स्टेडियम में ऑस्ट्रेलियाई टीम 175 रन के लक्ष्य के सामने 154 रन ही बना पाई। अब सीरीज का पांचवां और आखिरी मुकाबला रविवार को बेंगलुरु में होगा। पहले बैटिंग करते हुए एक वक्त भारत का स्कोर 18.3 ओवर में चार विकेट पर 167 रन था, लेकिन इसके बाद टीम ने आखिरी दो ओवर में महज सात रन में पांच विकेट गंवा दिए। भारत को सीरीज जिताने में गेंदबाजों का अहम योगदान रहा। अक्षर पटेल ने सिर्फ 16 रन देकर सर्वाधिक तीन शिकार किए।

### सबसे ज्यादा टी-20 जीतने का वर्ल्ड रिकॉर्ड

भारतीय क्रिकेट टीम की यह घर में लगातार 14वीं टी-20 सीरीज जीत है। सिर्फ इतना ही नहीं मैन इन ब्लूज ने सबसे ज्यादा टी-20 इंटरनेशनल जीतने का वर्ल्ड रिकॉर्ड भी बना लिया है। भारत की यह 136वां टी-20 जीत थी, जिसके पाकिस्तान (135 जीत) पिछड़ गया।



### रिंकू सिंह ने खेली टी20 करियर की बेस्ट पारी

रिंकू सिंह अपनी तेज बल्लेबाजी के लिए जाने जाते हैं, लेकिन उन्होंने चौथे टी20 मैच में बेहद धैर्य के साथ अपनी पारी को आगे बढ़ाया और जहां शॉट्स लगा सकते थे लगाया। इस पारी के दौरान वह ज्यादा हड़बड़ी में नहीं दिखे और कंडीशन के हिसाब से खेलते हुए नजर आए। उनकी इस पारी ने साबित किया कि आखिर क्यों उन्हें भारतीय वनडे टीम में भी जगह दी गई है। रिंकू सिंह इस मैच में अर्धशतक के करीब आकर उसे लगाने से चूक गए, लेकिन उन्होंने अपने टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट की सबसे बड़ी पारी इस मैच में खेली।

### रायपुर में रिंकू-जितेश शो

ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर भारत को बल्लेबाजी का न्योता दिया। यशस्वी जायसवाल (28 गेंद में 37 रन), उप कप्तान श्रेयस अय्यर (08) और कप्तान सूर्यकुमार यादव (01) के आउट होने से स्कोर 8.1 ओवर में तीन विकेट पर 63 रन हो गया और शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में सन्नाटा पसर गया। इसके बाद रिंकू सिंह ने आते ही दर्शकों को खुशी मनाने का मौका मिला। रिंकू और ओपनर रूतुराज गायकवाड़ (28 गेंद में 32 रन) ने चौथे विकेट के लिए 48 रन जोड़े। इसके बाद विकेटकीपर जितेश शर्मा ने रिंकू सिंह का बढ़िया साथ निभाया। दोनों ने महज 29 गेंद में 50 रन जोड़ दिए और भारत की रन गति में इजाफा हुआ। हालांकि आखिरी ओवर्स में भारतीय पारी बिखर गई और स्कोर 174/9 पर ही सिमट गया। इसमें ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज बेन ड्वारशुइस (40 रन देकर तीन विकेट) और जेसन बेहरेनडोर्फ (32 रन देकर दो विकेट) ने अहम भूमिका निभाई।

### ऋतुराज ने तोड़ा केएल राहुल का रिकॉर्ड

ऋतुराज गायकवाड़ टी20 क्रिकेट में भारत की तरफ से सबसे तेज 4000 रन बनाने वाले बल्लेबाज बने और केएल राहुल को पीछे छोड़ दिया। ऋतुराज गायकवाड़ ने टी20 में अपने 4000 रन 116 पारियों में पूरे किए जबकि केएल राहुल ने यह कमाल 117 पारियों में किया था। वहीं ओवरऑल भी अगर बात करें तो वह सबसे तेज 4000 रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में संयुक्त रूप से चौथे नंबर पर डेवोन कॉनवे के साथ आ गए और केएल राहुल पांचवें नंबर पर खिसक गए।

### रोहित, सूर्यकुमार और कोहली के बाद चौथे नंबर पर आये गायकवाड़

भारत की तरफ से लगातार तीन टी20 पारियों में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में गायकवाड़ चौथे नंबर पर आ गए। उन्होंने इस टी20 सीरीज के दूसरे, तीसरे और चौथे मैच को मिलाकर कुल 213 रन बनाए हैं। भारत की तरफ से तीन लगातार टी20 मैच में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में 242 रन के साथ रोहित शर्मा पहले स्थान पर हैं।



मैन ऑफ द मैच

अक्षर पटेल

### बतौर कप्तान सूर्या की पहली सीरीज जीत

पिछले तीन मैच की तुलना में इस मुकाबले का स्कोर काफी कम रहा, लेकिन भारतीय गेंदबाजों विशेषकर स्पिनर अक्षर पटेल (16 रन देकर तीन विकेट) और रवि बिश्नोई (17 रन देकर एक विकेट) के शानदार प्रदर्शन से ऑस्ट्रेलिया सात विकेट पर 154 रन ही बना सकी।ऑस्ट्रेलिया को ट्रेविस हेड ने तेज शुरूआत कराई, जिन्होंने 16 गेंद में पांच चौके और एक छक्के से 31 रन बनाए पर पावरप्ले में ऑस्ट्रेलिया ने 52 रन तक हेड और जोश फिलिप (08) के रूप में दो विकेट गंवा दिए। रवि बिश्नोई ने फिलिप का जबकि अक्षर पटेल ने हेड का विकेट झटका। बाएं हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल ने फिर आरोन हार्डी (08) और बेन मैकडरमोट (19) को आउट कर ऑस्ट्रेलिया को करारे झटके दिए। टीम ने 87 रन पर चार विकेट गंवा दिए। दीपक चाहर ने टिम डेविड (19 रन) और मैथ्यू शॉर्ट (22 रन) के विकेट झटककर उनकी बड़ी पारी खेलने की उम्मीदों पर विराम लगा दिया। ऑस्ट्रेलिया ने 17वें ओवर तक 126 रन पर छह विकेट गंवा दिए थे। मैथ्यू वेड (नाबाद 36 रन) क्रीज पर थे तो टीम को उनसे उम्मीद बंधी थी, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। पर वह टीम के लिए सर्वाधिक रन जुटाने वाले खिलाड़ी रहे।

**भारत 174/9 (20 ओवर)**

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| जयसवाल कै. मैकडरमोट बो. हार्डी | 37 | 28 | 06 | 01 |
| गायकवाड कै. ड्वारशुइस बो. सांघा | 32 | 28 | 03 | 01 |
| अय्यर कै. ग्रीन बो. तनवीर सांघा | 08 | 07 | 00 | 00 |
| सूर्यकुमार कै. वेड बो. ड्वारशुइस | 01 | 02 | 00 | 00 |
| रिंकू एलबीडब्ल्यू बेहरनडोर्फ | 46 | 29 | 04 | 02 |
| जितेश कै. हेड बो. ड्वारशुइस | 35 | 19 | 01 | 03 |
| अक्षर कै. सांघा बो ड्वारशुइस | 00 | 01 | 00 | 00 |
| दीपक कै. ग्रीन बो. बेहरनडोर्फ | 00 | 02 | 00 | 00 |
| बिश्नोई रन आउट जोश फिलिप | 04 | 03 | 00 | 00 |
| आवेश खान नाबाद | 01 | 01 | 00 | 00 |

**अतिरिक्त** : 10

**विकेट पतन** : 50-1, 62-2, 63-3, 114-4, 167-5, 168-6, 168-7, 169-8, 174-9.

**गेंदबाज** : आरोन हार्डी : 3-1-20-1, जेसन बेहरनडोर्फ : 4-0-32-2, बेन ड्वारशुइस : 4-0-40-3, क्रिस ग्रीन : 4-0-36-0, तनवीर सांघा : 4-0-30-2, मैथ्यू शॉर्ट : 1-0-10-0.

**ऑस्ट्रेलिया 154/7 ( 20ओवर)**

| खिलाड़ी | रन | गेंद | चौका | छक्का |
|---|---|---|---|---|
| ट्रैविस हेड कै. मुकेश बो. पटेल | 31 | 16 | 05 | 01 |
| जोश फिलिप बो. बिश्नोई | 08 | 07 | 02 | 00 |
| बेन मैकडरमोट बो. पटेल | 19 | 22 | 01 | 00 |
| आरोन हार्डी बो. पटेल | 08 | 09 | 01 | 00 |
| डेविड कै. जयसवाल बो. चाहर | 19 | 20 | 00 | 01 |
| शॉर्ट कै. जयसवाल बो. चाहर | 22 | 19 | 02 | 01 |
| मैथ्यू वेड नाबाद | 36 | 23 | 02 | 02 |
| ड्वारशुइस बो. आवेश खान | 01 | 02 | 00 | 00 |
| क्रिस ग्रीन नाबाद | 02 | 03 | 00 | 00 |

**अतिरिक्त : 08**

**विकेट पतन** : 40-1, 44-2, 52-3, 87-4, 107-5, 126-6, 133-7, 152-8, 155.

**विकेट पतन** : दीपक चाहर : 4-0-44-2, मुकेश कुमार : 4-0-42-0, रवि बिश्नोई : 4-0-17-1, अक्षर पटेल : 4-0-16-3, आवेश खान : 4-0-33-1.

# इंग्लैंड ए ने भारत ए महिला टीम को हराया

**एजेंसी**

**मुंबई।** इस्सी वोंग की 15 गेंद में 35 रन की नाबाद पारी के दम पर इंग्लैंड महिला ए ने दूसरे मुकाबले में शुक्रवार को यहां भारत महिला ए को चार विकेट से हराकर तीन मैचों की टी20 श्रृंखला को 1-1 से बराबर किया। भारत महिला ए के नौ विकेट पर 149 रन के जवाब में इंग्लैंड की पारी 15वें ओवर में पांचवां विकेट गिरने से लड़खड़ा गई थी लेकिन वोंग ने इसके बाद पांच चौके और एक छक्का जड़ित नाबाद पारी खेलकर सात गेंद शेष रहते टीम की जीत सुनिश्चित की। उन्होंने अपने आखिरी 23 रन सिर्फ सात गेंदों में बनाए। इंग्लैंड को आखिरी दो ओवर में जीत के लिए 17 रन चाहिए थे। वोंग ने काशवी गौतम (34 रन पर एक विकेट) के खिलाफ दो चौके और एक छक्का लगाकर टीम को जीत दिला दी। श्रृंखला का निर्णायक मुकाबला तीन दिसंबर को खेला जाएगा। वोंग की ताबड़तोड़ पारी से पहले ग्रेस स्क्रिवेन्स ने सर्वाधिक 39 रन बनाने के अलावा माइया बाउचर के साथ पहले विकेट के लिए 38 की साझेदारी कर टीम को मजबूत शुरूआत दिलाई। बाउचर ने 27 रन की आक्रामक पारी में तीन चौके और एक छक्का लगाया। उन्हें भारत की कप्तान मिन्नू मणि (29 रन पर दो विकेट) ने आउट कर दिया। श्रेयंका पाटिल (22 रन पर एक विकेट) ने इसके बाद शानदार लय में चल रही होली अमितेज (13) को बोल्ड किया।

## बांग्लादेश को जीत के लिए 3 विकेट की जरूरत

**नयी दिल्ली।** बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला खेला जा रहा है। इस मैच में चौथे दिन का खेल समाप्त होने तक कीवी टीम ने 7 विकेट पर 113 रन बना लिए हैं और उसे अब जीत के लिए 219 रन बनाने हैं तो वहीं बांग्लादेश को जीत के लिए अब सिर्फ 3 विकेट की जरूरत है। इस वक्त कीवी टीम पूरी तरह से बैकफुट पर दिख रही है और अभी इस टीम की तरफ से क्रीज पर डेरिल मिचेल 44 रन बनाकर जबकि सोढ़ी 7 रन बनाकर खेल रहे हैं। खेल के चौथे दिन बायें हाथ के स्पिनर ताईजुल इस्लाम ने न्यूजीलैंड के बल्लेबाजी क्रम को झकझोरते हुए 40 रन देकर चार विकेट झटके जिससे बांग्लादेश की टीम श्रृंखला के शुरूआती टेस्ट में जीत से महज तीन विकेट दूर है। दूसरी पारी में कॉनवे ने 22 रन की पारी खेली तो वहीं तेज गेंदबाज शोरिफुल इस्लाम ने पहले ओवर में टॉम लैथम को शून्य पर आउट किया। फिर विलियमसन भी पहली पारी के शतकीय प्रदर्शन को दोहरा नहीं कर सके और तेजी से खराब होती पिच पर 11 रन बनाकर ताईजुल की गेंद पर पगबाधा हुए।

# अभिनेत्री पायल घोष के बड़े आरोप, गौतम गंभीर करते थे मिस्डकॉल, पठान से भी था अफेयर

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** वनडे विश्व कप के दौरान भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी से शादी करने की इच्छा जताकर सुर्खियों में आई अभिनेत्री पायल घोष ने 1 दिसबर को सुबह-सुबह एक के बाद एक कई एक्स पोस्ट करके नई सनसनी फैला दी। पायल घोष ने पहले यह कहा कि उन्होंने शमी से शादी करने की बात मजाक में कही थी। इसके बाद उन्होंने कहा कि गौतम गंभीर उनको रोज मिस्ड कॉल दिया करते थे। एक्स पर पायल ने एक यूजर को जवाब देते हुए कहा कि अरे भाई, मैंने एक मजाक में ट्वीट किया था। मुझे कोई शमी-वमी से शादी नहीं करनी, मुझे नॉर्मल लाइफ चाहिए। और यह भी सुन लो मैंने इरफान पठान को 5 साल तक डेट किया। फिर सब खत्म हो गया। मैं इतनी आसानी से किसी पर भरोसा नहीं करती। पायल ने आगे कहा कि मेरे पीछे गौतम गंभीर और अक्षय कुमार सब पड़े हुए थे लेकिन मैं प्यार सिर्फ इरफान पठान से करती थी। मुझे उसके अलावा कोई और दिखता ही नहीं था और मैं इरफान को सब के बारे में भी बोलती थी, सबके मिस्ड कॉल दिखाती थी। मैंने बस इरफान से प्यार किया, और किसी से भी नहीं। अनुराग कश्यप ने मेरा रेप किया। अक्षय कुमार ने मेरे साथ कोई बदतमीजी नहीं की, इतना बड़ा स्टार है...इसके लिए मैं हमेशा उनका सम्मान करूंगी। अक्षय कुमार की जूती भी नहीं है अनुराग।



## एशिया रोड रेसिंग चैंपियनशिप के फाइनल के लिए तैयार भारतीय राइडर

**बुरीराम।** थाईलैंड के चैंग इंटरनेशनल सर्किट (बुरीराम) में होने वाली एशिया रोड रेसिंग चैंपियनशिप के फाइनल राउंड के लिये होंडा रेसिंग इंडिया टीम ने कमर कस ली है। पांचवें राउंड में आइडेमित्सु होण्डा रेसिंग इंडिया टीम ने छह अतिरिक्त पॉइन्ट्स स्कोर किए, इस तरह 2023 एफआईएम एशिया रोड रेसिंग चैंपियनशिप (एआरआरसी) में अब तक उनके कुल 27 पॉइन्ट्स हो गए हैं। भारतीय जोड़ी कवीन क्विंटल और मोहसीन पराम्बन ने शानदार कौशल और दृढ़ इरादे का प्रदर्शन करते हुए आइडेमित्सु होंडा इंडिया रेसिंग टीम में लगातार बेहतरीन परफोर्मेन्स दिया है।

## प्रियांशु पुरुष सिंगल्स के सेमीफाइनल में

**लखनऊ।** भारत के युवा बैडमिंटन स्टार प्रियांशु राजावत ने सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल बैडमिंटन चैंपियनशिप एचएसबीसी वर्ल्ड टुअर सुपर 300 में शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए पुरुष एकल के सेमीफाइनल में स्थान सुरक्षित किया। बाबू बनारसी दास बैडमिंटन अकादमी में शुक्रवार को दो लाख 10 हजार अमेरिकी डालर की इनामी राशि वाली चैंपियनशिप में अश्विनी पोनप्पा व तनीषा क्रेस्टो की जोड़ी भी महिला डबल्स के सेमीफाइनल में पहुंच गयी।

## रियाज की मदद के लिए पीसीबी ने की सलाहकार सदस्यों की नियुक्ति

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने सेवानिवृत्त तीन खिलाड़ियों को मुख्य चयनकर्ता वहाब रियाज के सलाहकार सदस्यों के रूप में नामित किया है। पीसीबी ने मुख्य चयनकर्ता वहाब रियाज के सलाहकार सदस्य के रूप में पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर कामरान अकमल, राव इफ्तिखार अंजुम और सलमान बट की नियुक्ति की पुष्टि की है।

# जर्मनी ने भारत को 4-3 से हराया

**महिला जूनियर हॉकी विश्व कप 2023**

**एजेंसी**

**सैंटियागो।** एफआइएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप 2023 के अपने दूसरे मुकाबले में शुक्रवार को भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम को जर्मनी के खिलाफ रोमांचक मैच में 4-3 से हार का सामना करना पड़ा। मैच में भारत के लिए, अन्नू (11), रोपनी कुमारी (14), और मुमताज खान (24) ने गोल किए, जबकि जर्मनी के लिए सोफिया श्वाबे (17), लौरा प्लूथ (21, 36'), और कैरोलिन सेडेल (38') ने गोल किये। भारत ने शुरूआती क्वार्टर में बेहतरीन खेल दिखाया और जर्मनी की डिफेंस पर दबाव बना दिया। लगातार दबाव के इस दौर में भारतीय टीम को लगातार पेनल्टी कॉर्नर मिले और अन्नू (11) ने दूसरे मौके का फायदा उठाते हुए जोरदार शॉट लगाया और आखिरकार अपनी टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। एक गोल की बढ़त हासिल करने के बाद, भारत की स्थिति और मजबूत हो गई, जब रोपनी कुमारी (14) ने एक और पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल कर पहले क्वार्टर के समापन पर भारत को 2-0 से आगे कर दिया। दूसरे क्वार्टर में जर्मनी ने बेहतरीन वापसी की और सोफिया श्वाबे (17) ने बेहतरीन फील्ड गोल कर अपनी टीम का खोता खोला। इस गोल के 4 मिनट बाद ही लॉरा प्लुथ (21) ने बेहतरीन गोल कर अपनी टीम को 2-2 की बराबरी दिला दी। हालांकि, भारत ने इस गोल का तेजी से जवाब दिया और मुमताज खान (24) ने शानदार गोल कर भारत को 3-2 से आगे कर दिया। मध्यांतर तक भारतीय टीम 3-2 से आगे रही। मध्यांतर के बाद अपनी बढ़त बनाए रखने के लिए दृढ़ संकल्पित भारत ने तीसरे क्वार्टर में गेंद पर कब्जा करने को प्राथमिकता दी, फिर भी जर्मनी स्कोर बराबर करने में सफल रहा। लौरा प्लुथ (36) ने मैच का अपना दूसरा गोल करते हुए जर्मनी को 3-3 की बराबरी दिला दी। इसके बाद जर्मनी ने आक्रामक रूख अपनाते हुए अपने हमलों को तेज कर दिया, जिसका फायदा भी उसे मिला और कैरोलिन सीडेल (38) ने पेनल्टी कॉर्नर से गोल कर अपनी टीम को 4-3 से आगे कर दिया और अंत में यही स्कोर निर्णायक साबित हुआ। भारतीय टीम टूनार्मेंट के अपने तीसरे मैच में रविवार को बेल्जियम से भिड़ेगी।



## ब्रिसबेन अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में वापसी करेंगे राफेल नडाल

**मैड्रिड।** स्पेनिश स्टार राफेल नडाल ने शुक्रवार को कहा कि वह जनवरी में आस्ट्रेलिया में होने वाले ब्रिसबेन अंतरराष्ट्रीय टूनार्मेंट में वापसी करेंगे। बाईस बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन नडाल जनवरी के बाद से टूर पर नहीं खेले हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट एक वीडियो में कहा कि एक साल तक टूनार्मेंट में प्रतिस्पर्धा नहीं करने के बाद अब वापसी का समय। उन्होंने कहा कि वापसी जनवरी के पहले हफ्ते में ब्रिसबेन में होगी। मिलता हूं। वह आस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में मिली हार के दौरान कूल्हे में चोट लगा बैठे थे।

## दक्षिण अफ्रीका टी20 लीग ने एबी डिविलियर्स को बनाया ब्रांड एम्बेसडर

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका की प्रीमियर टी20 क्रिकेट लीग एसएटी20 ने दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान एबी डिविलियर्स को दूसरे सत्र के लिये आधिकारिक ब्रांड एम्बेसडर बनाया है। लीग का दूसरा सत्र 10 जनवरी से शुरू होगा जिसमें चार सप्ताह के भीतर 34 मैच खेले जाएंगे। इसमें छह वैश्विक टीमों के घरेलू और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भाग लेंगे। डिविलियर्स लीग की प्रबंधन टीम के साथ मिलकर काम करेंगे ताकि इसके प्रशंसकों का दायरा बढ़ाया जा सके। उन्होंने कहा, एसए टी20 से जुड़ना फख्र की बात है। दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट की इस अग्रणी लीग में वैश्विक क्रिकेट मानचित्र पर चमकने का माद्दा है। डिविलियर्स के जुड़ने के बारे में बेटवे एसए टी20 लीग के कमिश्नर ग्रीम स्मिथ ने कहा, ह्यएबी की अपार क्रिकेट प्रतिभा और दमदार शख्सियत उन्हें इस लीग के लिए परफेक्ट बनाती है। उनके जुड़ने से लीग का दर्जा मैदान के भीतर और बाहर बढ़ेगा।



## फीफा 2030 विश्व कप की मेजबानी की दौड़ में शामिल हुए मोरक्को, पुर्तगाल, स्पेन

**जिनेवा।** मोरक्को, पुर्तगाल और स्पेन फीफा 2030 विश्व कप की मेजबानी की रेस में शामिल हो गए हैं। फीफा ने गुरुवार को उक्त जानकारी देते हुए कहा कि उसे इन देशों से बीडिंग एग्रीमेंट प्राप्त हुई है। फीफा ने कहा कि इससे पहले उरुग्वे, अर्जेंटीना और पराग्वे ने भी 2030 विश्व कप मैच के साथ शताब्दी समारोह की मेजबानी करने के लिए बोली लगाने वालों के रूप में पुष्टि की है। फीफा ने कहा कि मेजबान की नियुक्ति फीफा कांग्रेस द्वारा की जाएगी। जनवरी 2024 में फीफा सभी बोलीदाताओं के साथ एक लक्षित बातचीत करेगा और गहन मूल्यांकन प्रक्रिया के बाद अपनी मूल्यांकन रिपोर्ट प्रकाशित करेगा।

## नवीनतम फीफा रैंकिंग में 102वें स्थान पर भारत

**नयी दिल्ली।** भारत 1200.8 अंको के साथ नवीनतम फीफा रैंकिंग में 102वें स्थान पर है। हालांकि भारतीय टीम अंतरराष्ट्रीय ब्रेक के बाद एशिया में 18वें स्थान पर बनी हुई है। भारत के अंतरराष्ट्रीय ब्रेक की शुरूआत 2026 फीफा विश्व कप क्वालीफायर राउंड 2 के ओपनर में कुवैत के खिलाफ ऐतिहासिक जीत के साथ हुई। इगोर स्टिमैक की टीम ने कुवैत को 1–0 से हराया। भारतीय टीम का दूसरा मुकाबला ओडिशा में कतर के खिलाफ था, जहां भारतीय टीम को हार का सामना करना पड़ा। इन दो परिणामों के बाद भारत को इस महीने कुल 1200 .8 के साथ 1.96 अंक प्राप्त हुए, जो कि अगली सर्वश्रेष्ठ टीम – कोसोवो से 1.97 अंक पीछे है। वहीं, तीन बार का विश्व कप चैंपियन अर्जेंटीना नवीनतम फीफा रैंकिंग में शीर्ष पर बना हुआ है, जबकि इंग्लैंड शीर्ष तीन में पहुंच गया है।

## शेन डाउरिच ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

**एंटीगुआ।** वेस्टइंडीज टीम के विकेटकीपर शेन डाउरिच ने तत्काल प्रभाव से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। शेन डाउरिच को तीन दिसंबर से शुरू होने वाले इंग्लैंड एकदिवसीय मैचों के लिए वेस्टइंडीज टीम में चुना गया था, लेकिन उन्होंने अपना नाम वापस ले लिया और क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की।

# राष्ट्रीय पुरुष मुक्केबाजी चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचे शिव थापा, अमित पंघाल और सागर

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** छह बार के एशियाई चैंपियनशिप पदक विजेता शिव थापा (63.5 किग्रा), अमित पंघाल (51 किग्रा) और सागर (92 किग्रा) ने शिलांग में चल रहे 7वीं एलीट पुरुष राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। असम का प्रतिनिधित्व करते हुए, पिछले संस्करण के स्वर्ण पदक विजेता शिव ने अपने अनुभव का प्रदर्शन करते हुए महाराष्ट्र के हरिवंश तवारी पर 5-0 के सटीक स्कोर के साथ शानदार जीत हासिल की। फाइनल में शिव का सामना एसएससीबी (सर्विसेज स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड) के वंशज से होगा। दूसरी ओर, एसएससीबी का प्रतिनिधित्व करने वाले अमित पंघाल आरएसपीबी (रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड) के अंकित के सामने थे। पूरे मुकाबले में कड़ी प्रतिस्पर्धा रही, लेकिन बेहद अनुभवी 28 वर्षीय पंघाल ने खेल के महत्वपूर्ण क्षणों में अपना संयम बनाए रखा और अपने प्रतिद्वंद्वी को 5-2 के विभाजित निर्णय से हरा दिया। 2019 विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता पंघाल का अब फाइनल में चंडीगढ़ के अंशुल पुनिया से मुकाबला होगा। एक अन्य रोमांचक मुकाबले में, आरएसपीबी का प्रतिनिधित्व कर रहे सागर ने सेमीफाइनल मुकाबले में दिल्ली के विशाल कुमार का सामना किया। सागर ने अपने कौशल और शक्तिशाली पंच से मैच पर अपना दबदबा बनाते हुए 5-0 के स्कोर के साथ जीत हासिल की। 2022 राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक विजेता का स्वर्ण पदक मैच में पंजाब के जयपाल सिंह से मुकाबला होगा। जीत की लय को बढ़ाते हुए, 2021 एशियाई चैंपियन, एसएससीबी के संजीत (92 किग्रा) ने अपने प्रतिद्वंद्वी एआईपी (अखिल भारतीय पुलिस) के विक्की को हरा दिया। संजीत अपने खेल में शीर्ष पर थे और सर्वसम्मत निर्णय से जीत हासिल की। फाइनल में संजीत का मुकाबला हरियाणा के नवीन कुमार से होगा। फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाले अन्य एसएससीबी मुक्केबाजों में बरुण सिंह (48 किग्रा), पवन (54 किग्रा), सचिन (57 किग्रा), आकाश (60 किग्रा), वंशज (63.5 किग्रा), रजत (67 किग्रा), आकाश (71 किग्रा), दीपक (75 किग्रा), लक्ष्य (80 किग्रा) और जुगनू (86 किग्रा), शामिल हैं। एसएससीबी ने चल रही 7वीं एलीट पुरुष राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में 12 पदक हासिल कर पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है।



स्पीड न्यूज

## दो दिवसीय मोतियाबिंद शिविर संपन्न

**गुमला।** लायंस क्लब ऑफ गुमला के द्वारा आयोजित दो दिवसीय निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर शुक्रवार को संपन्न हुआ। लायंस क्लब आई हॉस्पिटल में आयोजित शिविर में 42 लोगों का निबंधन किया गया। जिसमें से 13 मरीजों का सफलता पूर्वक ऑपरेशन कर छुट्टी दी गयी।

## राष्ट्रीय लोक अदालत 9 को

**गुमला।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार के निदेर्शानुसार आगामी 9 दिसंबर 2023 को नेशनल लोक अदालत का आयोजन सिविल कोर्ट गुमला में होगा। जिसकी तैयारी को लेकर शुक्रवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला श्री संजय कुमार चांधरियावी ने सभी न्यायिक पदाधिकारीयो से बैठक कर उन्हे योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने को लेकर दिशा निर्देश जारी किया और संबंधित कोट्र्स में लंबित सुलहनीय मामलों को चिन्हित कर प्री कॉन्सिलिएशन सिटिंग कर मामलों को त्वरित गति से निष्पादित करने का निर्देश दिया। बैठक में सभी न्यायिक पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

## राशन वितरण समय पर करने का निर्देश

**घाघरा।** चुंदरी पंचायत सचिवालय घाघरा में पंचायत कर्मियों के साथ समन्वय बैठक शुक्रवार को हुआ। बैठक की अध्यक्षता मुखिया बिनीता कुमारी ने की। बैठक में आंगनबाड़ी सेविका राशन डीलर, स्कूल के प्रधानाध्यापक, स्वस्थ सहिया,जल सहिया, वार्ड सदस्य ,ग्राम प्रधान ,प्रदान संस्था के सदस्य, पंचायत सचिव ,रोजगार सेवक,राजस्व कर्मचारी, एएनएम एवं अन्य लोग उपस्थित हुए। राजकीय उत्क्रमित विद्यालय , ईचा, हापा मुनि में शौचालय की मांग प्रधानाध्यापक ने किया। ग्राम बुरजू के स्कूल में शौचालय रिपेयर की मांग प्रधानाध्यापक ने किया। सभी मांग को प्रखंड विकास पदाधिकारी को या संबंधित विभाग को पत्राचार करके किया जाएगा।

## आशीष का अंडर 19 भारतीय फुटबॉल टीम में चयन

**घाघरा।** घाघरा कॉलेज मुहल्ला निवासी आशीष उरांव का अंडर 19 भारतीय फुटबॉल टीम में चयन हुआ है। इस आशय की जानकारी फुटबॉल टीम के कोच जितेंद्र उरांव ने देते हुए बताया कि नेपाल नाइन ए साइड फुटबॉल फेडरेशन एवं भारतीय नाइन ए साइड फुटबॉल महासंघ के संयुक्त तत्वधान में अंडर 15 आयु वर्ग बालक एवं अंडर19 आयु वर्ग बालक साउथ एशियन नाइन ए साइड फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 3 दिसंबर से 5 दिसंबर तक पोखरा नेपाल में आयोजित हो रही है। जिसमें भारतीय फुटबॉल अंडर-19 आयु वर्ग टीम में आशीष उरांव का चयन हुआ है।

## किया रक्तदान

**गुमला।** सदर अस्पताल परिसर स्थित ब्लड बैंक में बजरंग दल गुमला के कार्यकर्ता धीरज सिंह ने ओ पॉजिटिव ब्लड डोनेशन करके सदर अस्पताल में इलाजरत मरीज की सहायता की। धीरज सिंह ने बताया कि जरूरतमंद मरीज की सहायता कर बहुत अच्छा महसूस हो रहा है और वह आगे भी रक्तदान करेंगे। मौके पर सचिन सिंह, यशराज सिंह, लैब टेक्नीशियन राकेश कुमार, रोहित खंडेलवाल मीडिया प्रभारी उपस्थित थे।

## पोल खोल हल्ला बोल कार्यक्रम आंजन से शुरू

**गुमला।** जंगल बचाओ अभियान समिति गुमला रेंज एरिया के बैनर तले समिति के प्रभारी रोपना उरांव के नेतृत्व में माले के प्रमंडल प्रभारी सह झारखंड नवनिर्माण दल के संयोजक विजय सिंह ने विभाग द्वारा संचालित गुमला रेंज एरिया में वृक्षारोपण, चेकडैम व अन्य विकास के योजनाओं में प्राक्कलन को छुपा कर किए जा रहे घपले के विरुद्ध पोल खोल हल्ला बोल कार्यक्रम की शुरूआत आंजन धाम से किया। टीम के द्वारा वन विभाग के गार्ड से जब कार्य संबंधी जानकारी के लिए संपर्क किया गया तो गार्ड द्वारा प्राक्कलन के बारे में जानकारी नहीं होने की बात कही।

# बेखौफ हुए अपराधी, सब्जी कारोबारी को घेरकर मारी ताबड़तोड़ गोलियां, हत्या से इलाके में सनसनी !

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** पटना सिटी में अपराधियों द्वारा आए दिन आपराधिक वारदातों को अंजाम दिया जा रहा है। बावजूद इसके पुलिस इन घटनाओं को रोक पाने में पूरी तरह नाकाम साबित हो रही है। ताजा मामला मेहंदीगंज थानाक्षेत्र के रानीपुर पैजावा स्थित पेट्रोल पंप के पास का है, जहां हथियारबंद अपराधियों ने एक सब्जी दुकानदार की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी मौके से फरार होने में सफल हो गए.स्थानीय लोगों द्वारा घटना की जानकारी पुलिस को दिए जाने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर



शव को अपने कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज भेज दिया है। घटना अहले सुबह की बतायी जाती है। हत्या का कारण अब तक स्पष्ट नहीं हो सका है। आशंका जताई जा रही है कि आपसी रंजिश में ही अपराधियों द्वारा घटना को अंजाम दिया गया है। मृतक की पहचान मालसलामी थानाक्षेत्र के गाड़ीवान टोला मोहल्ला निवासी अजय कुमार उर्फ सोनू के रूप में की गई है, जो सब्जी बेचने का कारोबार करता था। बताया जाता है कि अजय कुमार उर्फ सोनू हर दिन की भांति ऑटो पर सवार होकर सब्जी लाने मीठापुर जा रहा था। इसी दौरान रानीपुर पैजावा स्थित पेट्रोल पंप के समीप अपराधियों ने उसे घेर कर उस पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। इस दौरान अज्ञात अपराधियों ने अजय कुमार उर्फ सोनू को एक के बाद एक कर 5 से 6 गोली मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के संबंध में पूछे जाने पर मृतक के पिता बंगाली गोप और बड़े भाई संजय कुमार ने हत्या के कारणों को बताने में असमर्थता जताते हुए पुलिस प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है। पूरे मामले पर पूछे जाने पर मौके पर मौजूद मेहंदीगंज थाने के सब इंस्पेक्टर दरोगा कुमार प्रजापति ने घटना की पुष्टि करते हुए अपराधियों द्वारा अजय कुमार को 5 से 6 गोली मारे जाने की पुष्टि की है। पुलिस अधिकारी ने जल्द ही पूरे मामले का उद्वेदन कर लिए जाने का भी भरोसा दिलाया है। फिलहाल पुलिस अज्ञात अपराधियों की पहचान और उनकी गिरफ्तारी को लेकर आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरे को खंगालने में जुटी है।

## दर्जनों स्टॉल के माध्यम से लोगो को दिया गया योजनाओं का लाभ

खबर मन्त्र संवाददाता

**भंडरा।** भंडरा पंचायत स्थित भंडरा बाजार टाड मे शुक्रवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार आयोजित कार्यक्रम मे सहायता केंद्र,अबुवा आवास, सामाजिक सुरक्षा, कल्याण विभाग, मनरेगा, स्वास्थ्य भारत मिशन, पशुपालन विभाग, जन्म मृत्यु,15 वे वित्त, निर्वाचन, आंचल विभाग, बाल विकास, कृषि, राशन कार्ड, शिक्षा विभाग, जेएसएलपीएस, आधार कार्ड, श्रम विभाग, बिजली विभाग एव स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल के माध्यम से हजारों लाभुकों को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया गया।

## एसकेएमयू प्रशासन ने बेहतर नैक एग्रिडेशन को लेकर की आईक्यूएसी की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय प्रशासन ने शुक्रवार को आईक्यूएसी की बैठक मिनी कांफ्रेंस हॉल में आयोजित की। बैठक की अध्यक्षता कुलपति डॉ. बिमल प्रसाद सिंह ने की। बैठक में आईक्यूएसी समन्वयक डॉ निलेश कुमार ने नैक में बेहतर प्रदर्शन के लिए विश्वविद्यालय स्तर पर किए जा रहे कार्यों के बारे में विस्तार से बताते हुए नेक मूल्यांकन के लिए निर्धारित सात मापदंडों पर चर्चा किया। मापदंडों के समन्वयक से प्रगति रिपोर्ट प्राप्त किया। इस अवसर पर कुलपति ने कहा कि सभी के सामूहिक प्रयास से विश्वविद्यालय में लगातार अच्छे कार्य हो रही है। इसका परिणाम अच्छे ग्रेड के रूप में विश्वविद्यालय को अवश्य मिलेगा। शिक्षकों से कहा की सामूहिक प्रयास से ही विश्वविद्यालय का ग्रेड बेहतर हो सकता है।

## जनता दरवार में नये ट्रांसफार्मर की मांग

**भंडरा।** भंडरा मे आयोजित जनता दरवार मे उदरंगी पंचायत के अम्बेरा गांव के ग्रामीणों ने गांव मे लों वोल्टेज से हो रही परेशानी को देखते हुये 25 केवी के ट्रांसफरमर एव पोल की मांग की गई। पदाधिकारियो ने समस्या के समाधान का आश्वासन दिया।

## बीबीए-बीसीए का परीक्षा परिणाम जारी

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय प्रशासन ने शुक्रवार को बीबीए/बीसीए का परीक्षा परिणाम जारी किया। इसकी जानकारी विश्वविद्यालय प्रवक्ता दीपक कुमार दास ने दी। उन्होंने बताया कि परीक्षा विभाग बीबीए-बीसीए सेमेस्टर - 5परीक्षा 2022, सत्र 2020-23 का परीक्षाफल घोषित किया है।

## अधिवक्ता संघ ने मुख्य न्यायाधीश के नाम सौंपा मांग पत्र

### हाई कोर्ट के वर्चुअल प्लेटफार्म के उद्घाटन के साथ बंद होने से अधिवक्ताओं में नाराजगी

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** उपराजधानी दुमका में हाई कोर्ट के बेंच की मांग एक बार फिर तेज हो गई है। हाई कोर्ट बेंच की मांग को लेकर शुक्रवार को जिला अधिवक्ता संघ ने प्रभारी जिला प्रधान जज रमेश चन्द्र के माध्यम से मुख्य न्यायाधीश, हाई कोर्ट, रांची संजय कुमार मिश्रा को मांग पत्र सौंपा है।संघ ने आवेदन में बिहार पुनर्गठन विधेयक 2000 की धारा 25(3) के आलोक में दुमका में हाई कोर्ट बेंच स्थापित करने का मांग किया है।संघ ने बताया कि राज्य गठन के बाद से ही संघ द्वारा हाई कोर्ट बेंच की मांग उठती रही है। पिछ्ली सरकारों ने कई बार



प्रभारी जिला जज को मांग पत्र सौंपते अधिवक्ता संघ एवं बंद पड़े हाई कोर्ट का वर्चुअल प्लेटफार्म

घोषणा भी की है। संघ ने बताया कि दुमका में हाई कोर्ट बेंच की स्थापना से संथाल परगना जैसे पिछड़े इलाका के गरीब और लाचार व्यक्ति को सुलभ, सस्ता और त्वरित न्याय मिल सकेगा। जो संथाल परगना के लोगों के लिए वरदान साबित होगा।इस बीच अधिवक्ताओ ने 29 नवंबर को हाई कोर्ट के ई-सेवा केन्द्र के वर्चुअल प्लेटफार्म के उद्घाटन होने के साथ ही बंद होने से नाराजगी जताया।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा के जिला संयोजक बने मिथिलेश गुप्ता

**चतरा (चतरा)।** भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा को चतरा जिले में संपूर्ण सफलता की जिम्मेवारी संयोजक के रूप में भाजपा चतरा जिला महामंत्री मिथिलेश कुमार गुप्ता को प्रदेश नेतृत्व द्वारा दिया गया। ज्ञात है की 15 नवंबर को झारखंड स्थापना दिवस के अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पवित्र धरती झारखंड के खूंटी से इस यात्रा की शुरूआत की गई थी। चतरा जिला में इस यात्रा की शुरूआत 30 नवंबर से की गई है।, जिसके लिए उपायुक्त चतरा द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा की सफलता की जिम्मेवारी नोडल ऑफिसर के रूप में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को दिया गया है।

## कायदे में रहोगे तो फायदे में रहोगे: थाना प्रभारी




खबर मन्त्र संवाददाता

**गोडडा।** नगर क्षेत्र में जाम से निपटने व ट्रैफिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से नगर थाना प्रभारी मधुसूदन मोदक ने पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिसकर्मियों के साथ मिलकर नगर थाना से लेकर कारगिल चौक, हटिया चौक आदि क्षेत में पैदल मार्च किया। इस दरम्यान थाना प्रभारी मोदक के द्वारा सड़क अतिक्रमण कर लगाये गए दुकानो को हटाया गया।

## दुर्घटना में मृत शिक्षक प्रेम कुमार के घर पहुंचे गोड्डा सांसद डा० निशिकांत

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** ठाकुर गंगटी गोड्डा सांसद डॉक्टर निशिकांत दुबे शुक्रवार को ठाकुर गंगटी प्रखंड क्षेत्र के कोलबड्डा गांव पहुंचे। वहां उन्होंने सड़क हादसे में मृत भाजपा नेता सह सहायक अध्यापक प्रेम कुमार पवन उर्फ पवन महतो के स्वजनों से मिलकर सांत्वना दिया। उन्होंने कहा कि यह बहुत बड़ी अनहोनी है। बहुत बड़ा हादसा है। ऐसा नहीं होना चाहिए। इस हादसे ने इलाके के साथ-साथ भाजपा परिवार और गणमान्यों, शिक्षाविदों के साथ-साथ तमाम लोगों को झकझोर कर रख



दिया है। उन्होंने कहा कि जैसे ही उन्हें इस घटना की सूचना मिली वह काफी चिंतित हो गए और उसी दिन से यहां आने के लिए मन बना लिए।

## हर तरह की मदद देने का आश्वासन

**ठाकुर गंगटी (गोड्डा)।** क्षेत्रीय विधायक दीपिका पांडे सिंह शुक्रवार को हरिनकोल गांव पहुंची। वहां हाल ही में बीमारी से आकस्मिक निधन हुए सहायक अध्यापक सिकंदर अंसारी की पत्नी जहांआरा खातून से मिलकर उन्हें सांत्वना दी।विधायक ने दिवंगत सहायक अध्यापक सिकंदर अंसारी की पत्नी जहांआरा खातून, पुत्र और पुत्री को सांत्वना देकर भरोसा दिलाया कि वे किसी प्रकार की चिंता नहीं करें।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा पर कार्यक्रम आयोजित

**सिमरिया।** विकसित भारत संकल्प यात्रा पर प्रखंड के जिरुआखुर्द और बानासाड़ी गांव में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि महेंद्र सिंह और पंचायत के मुखिया पार्वती देवी व मुखिया मनोरंजन सिंह उपस्थित हुए। कार्यक्रम का उद्घाटन सांसद प्रतिनिधि ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम में ग्रामीणों को केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई तथा उन योजनाओं का लाभ उठाने का संकल्प दिलाया गया। सांसद प्रतिनिधि ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत भाजपा कार्यकर्ता विविध कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं। कार्यक्रम में नोडल पदाधिकारी मो. निहाल वारसी, स्वयंसेवक शंकर कुमार, गोपाल राम सहित ग्रामीण मौजूद थे।

## पोड़ैया हाट से दो साइबर आरोपी हिरासत में



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** पोडैया हाट थाना को संध्या गस्ती के दौरान सूचना मिली की कुछ साइबर अपराधी निर्झर लाइन होटल के पास एकत्रित हुए हैं। इस बात की जानकारी पुलिस अधीक्षक गोड्डा नाथू सिंह मीणा को दी गई। पुलिस अधीक्षक ने तत्काल इस पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। थाना प्रभारी पोडैया हाट पुअनि ताराचंद अपने पुलिस जवानों के साथ घटना स्थल पर पहुंचे तो 4-5 अपराधी निर्झर होटल के पास एकत्रित थे जो पुलिस को देखते ही भागने लगे। पुलिस के जवानों ने उनका पीछा किया और दो आरोपी पकड़े गए और दो भाग निकले। पकड़े गए आरोपी में 1 रोहित कुमार उम्र 19 वर्ष पिता सुरेश मंडल ,2सुनील कुमार 19 वर्ष पिता अरविंद माल दोनो ग्राम धर्मो डीह थाना गोड्डा नगर थाना, जिला गोड्डा के निवासी बताया। दो भागने में सफल रहे। इनके पास से 43 हजार रुपए नकद, एटीएम कार्ड और दो मोबाइल बरामद किया गया । पूछने पर दोनो ने अपना अपराध स्वीकार किया है। अपने स्वलिखित बयान के आधार पर पोडैया हाट थाना में 197/23 दिनांक 1/12/23 को विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और भगोड़े दोनो अपराधियों का नाम भी बताया। हिरासत में लिए गए दोनो युवकों को न्यायिक प्रक्रिया के लिए जेल भेज दिया है और दो भगोड़े की की तलाश जारी है। इस छापेमारी टीम में थाना प्रभारी पोडैया तारा चंद पुअनि, के साथ विक्रम दास, नीलमणि आदि साथ थे।

योजना लोहरदगा जिले का निर्माण हो रहा लातेहार जिले की जमीन में

खबर मंत्र संवाददाता

कुडू, लोहरदगा । लोहरदगा जिले के कुडू प्रखंड में आए दिन गैरमंजुरूवा जमीन को लेकर अंचल विभाग के द्वारा करवाई की जा रही है उस प्रखंड में सरकारी योजनाओं के लिए जमीन नहीं मिल रही। इस बात में कितनी सच्चाई है। प्रखंड के पंडरा पंचायत में वार्ड सदस्य जीरामणि बोदरा की निजी जमीन पर नलजल योजना के तहत जलमिनार का निर्माण किया जा रहा है। खबर मंत्र में खबर प्रकाशित होने के बाद भी अब तक कोई भी करवाई एवम जांच नही को गई। इधर एक और नलजल मामले में पंडरा पंचायत में एक मामला प्रकाश में आया है जिसकी पुष्टि स्वयं पंचायत के मुखिया अमरनाथ महली ने की है। इन्होंने बताया कि जलनल योजना के द्वारा जो भी कार्य हो रहा है उसपर उनकी कोई

## पेज एक का शेष

### वर्ष 2025 तक झारखंड ...

मुख्यमंत्री ने लोगों से कहा कि चाहे आपको राशन कार्ड बनवाना हो, या पेंशन योजना का लाभ लेना हो। जाति, आवासीय, शैक्षणिक या अन्य प्रमाण पत्र की जरूरत हो या फिर सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से जुड़ना हो, आपको प्रखंड और डीसी ऑफिस का अब बार-बार चक्कर नहीं लगाना होगा। आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत लगने वाले शिविरों में आप आयें। जिस अधिकारी को आप जानते पहचानते नहीं है, वे आपके दरवाजे पर योजनाओं की पोटली लेकर आ रहे हैं। **यह सरकार हर सुख-दुख में आपके साथ है :** मुख्यमंत्री ने कहा, यह राज्य की जनता द्वारा चलायी जा रही सरकार है। आपने हमें राज्य चलाने का जिम्मा दिया है। ऐसे में हमारा कर्तव्य है कि हम जनता की सेवा करें। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि यह सरकार आपकी हर दुख-सुख में आपके साथ खड़ी है। आपकी जो भी समस्याएं और परेशानियां होंगी, उसे दूर किया जायेगा। उन्होंने कहा कि हम जो कहते हैं, उसे अवश्य पूरा करते हैं। राज्य कैसे आगे बढ़े, इसे लेकर लगातार चिंतन-मंथन करते हुए रणनीति के तहत कार्य कर रहे हैं। जब से हमारी सरकार वजूद में है, कोरोना महामारी और सुखाड़ जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ा। लेकिन, इन विपरीत परिस्थितियों के बीच भी राज्य की जनता को राहत देने का काम किया गया और अब विकास की रफ्तार को गति दी जा रही है । हमने झारखंड को वर्ष 2025 तक आत्मनिर्भर बनाने का लक्ष्य रखा है। इसी लक्ष्य के साथ हम आगे बढ़ रहे हैं। हम इस राज्य को अपने दम पर खड़ा करेंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड की आत्मा गांवों में बसती है और किसान गांव की रीढ़ हैं। ऐसे में सरकार किसानों को सशक्त और उनकी आय बढ़ाने के लिए पूरी ताकत के साथ काम कर रही है। किसानों के लिए कई योजनाएं चल रही हैं। बिरसा हरित ग्राम योजना के माध्यम से किसानों को फलदार पौधा लगाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। दीदी बाड़ी योजना के जरिये बागवानी से जोड़ा जा रहा है। पूरे राज्य में किसान पाठशाला खोले रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत लाभुकों को जो भी जानवर दिये जायेंगे। उसका बीमा भी होगा।**मुख्यमंत्री ने योजनाओं का दिया तोहफा :** मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 100 करोड़ 69 लाख 89 हजार रुपये की लागत से निर्मित 113 योजनाओं का उद्घाटन किया। वहीं, 75 योजनाओं की आधारशिला रखी। इन योजनाओं पर करीब 104 करोड़ रुपये खर्च होंगे। मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के 6 लाख 53 हजार 152 लाभुकों के बीच करीब 68 करोड़ 67 लाख रुपये की परिसंपत्ति बांटी। इस अवसर पर श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता, कृषि मंत्री बादल और पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, विधायक रामचंद्र सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, पलामू प्रमंडल के पुलिस महानिरीक्षक राजकुमार लकड़ा और जिले के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

### चक्रवात 'माइचौंग' का ...

**कैबिनेट सचिव ने की तैयारियों की समीक्षा :** नयी दिल्ली। 'माइचौंग' से निपटने के लिए चल रही तैयारियों की समीक्षा के लिए कैबिनेट सचिव राजीव गौबा की अध्यक्षता में शुक्रवार को राष्ट्रीय संकट प्रबंधन समिति (एनसीएमसी) की बैठक हुई। बैठक में प्रभावित होने वाले राज्यों तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और ओडिशा के मुख्य सचिवों तथा पुडुचेरी के वित्त सचिव के अलावा केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों और एजेंसियों से जुड़े अधिकारी भी शामिल हुए। कैबिनेट सचिवालय से मिली जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) ने तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, ओडिशा और पुडुचेरी को 18 टीमें उपलब्ध करायी हैं और 10 अतिरिक्त टीमों को तैयार रखा है। तटरक्षक बल, सेना और नौसेना की बचाव और राहत टीमों के साथ-साथ जहाजों और विमानों को भी तैयार रखा गया है। बैठक में कैबिनेट सचिव ने कहा कि तूफान से प्रभावित होने वाले चारों राज्यों से सभी आवश्यक और एहतियाती कदम उठायें। इसका प्राथमिक उद्देश्य यह सुनिश्चित करना होना चाहिए कि जन हानि न हो और संपत्ति व बुनियादी ढांचे को कम से कम नुकसान हो।

### बीएसएफ जवानों पर ...

पहले बीएसएफ के स्थापना दिवस समारोह दिल्ली स्थित मुख्यालय में होता था। वर्ष 2021 से बीएसएफ के प्रशिक्षण केंद्रों में होना शुरू हुआ। 2021 में जैसलमेर, 2022 में अमृतसर और 2023 में हजारीबाग में हो रहा है। परेड में सीमा सुरक्षा बल की विभिन्न सीमाओं से चयनित सीमा प्रहरियों की टीम बनायी गयी थी। परेड में 12 पैदल टीम ने मार्च पास्ट किया। इसमें महिला प्रहरी टुकड़ी, सुसज्जित अधिकारी और सैनिक मुख्य रूप से शामिल थे। इसके अलावे ऊंट टुकड़ी और ऊंट बैंड, घुड़सवार टुकड़ियां, डॉग स्क्वाड और संचार टुकड़ी शामिल थीं, जो बल द्वारा बनायी गयी तकनीकी प्रगति को प्रदर्शित कर रही थी। टीएसयू, सेनवॉस्टो, आइसीटी, एयर विंग और बीआइएटी की झांकियां प्रदर्शित की गयीं। वहीं, बांग्लादेश की सीमा से सटे पश्चिम बंगाल के नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा योग के आश्चर्यजनक कारनामे प्रस्तुत किये गये। इन बच्चों को बीएसएफ द्वारा गोद लिया गया गया है। वहीं, डॉग स्क्वाड को नक्सल प्रभावित क्षेत्र में मिशन को सफल बनाने के लिए प्रशिक्षित किया गया है। इन प्रशिक्षित डॉग के कारनामे का भी प्रदर्शन किया गया। भारत सरकार के गृहमंत्री अमित शाह के कार्यक्रम में भाग लेने को लेकर बीएसएफ के पदाधिकारियों द्वारा उनकी सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम किया गया था। सुबह से ही कैंप के गेट के पास खड़े प्रहरियों और फोर्स द्वारा पूरी जांच कर लोगो को अंदर भेजा जा रहा था। **मुख्य अतिथि ने ट्रॉफी देकर किया सम्मानित :**गृहमंत्री ने बीएसएफ के उन बहादुर जवानों, जो अपनी ड्यूटी के दौरान अपने कर्तव्य को निभाते हुए शहीद हुए थे, की माता व उनकी पत्नी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक देकर सम्मानित किया। जमशेदपुर के रविशंकर दुबे की मां योगमाया देवी, धनबाद से शाहिद इशरेल की मां खैरुन निशा, छतीसगढ़ से टुनेश्वर यादव की पत्नी दीपा यादव, असम से बिपुल बाड़ा की पत्नी दीपा बाड़ा को गलेंट्री अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा, सेवारत और सेवानिवृत्त कर्मियों को उनकी सेवाओं के लिए विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक उनके असाधारण प्रदर्शन के लिए 16 बटालियन बीएसएफ को प्रतिष्ठित जनरल चौधरी ट्रॉफी प्रदान की गयी। वामपंथी उग्रवाद ऑपरेशन के लिए 142 बटालियन बीएसएफ को महानिदेशक बैनर प्रदान किया गया। एफजीटी कुपवाड़ा को डीजी : सर्वश्रेष्ठ फील्ड टीम की ट्रॉफी प्रदान की गयी। सर्वश्रेष्ठ सीमा प्रबंधन के लिए महाराणा प्रताप ट्रॉफी प्रदान की गयी। खेल और प्रशिक्षण में उत्कृष्टता के लिए ट्रॉफी फ्रंटियर बीएसएफ जम्मू को प्रदान की गयी। अवार्ड व सम्मान कार्यक्रम के बाद मुख्य अतिथि ने बल की वार्षिक 'बॉर्डरमैन' पत्रिका का भी विमोचन किया।

### भारत ने पारिस्थितिकी ...

हमने तय किया है कि गैर जीवाश्म ईंधन का शेयर बढ़ा कर 50 प्रतिशत करेंगे। भारत ने 2070 तक 'नेट जीरो उत्सर्जन' की ओर बढ़ने का फैसला किया है। जी-20 की अध्यक्षता के दौरान भारत ने सतत विकास पर व्यापक रूप से जोर दिया। वैकल्पिक ईंधन के लिए भारत ने ईंधन के रूप में हाइड्रोजन के उपयोग को बढ़ावा दिया है और वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन लांच किया है। प्रधानमंत्री ने कहा, ग्लासगो में मैंने मिशन लाइफ (पर्यावरण के लिए जीवन शैली) का विजन आप सभी के सामने रखा। इंटरनेशनल एनर्जी एजेंसी के एक अध्ययन में कहा गया है कि लाइफ मिशन के जरिये हम 2030 तक हर साल 2 बिलियन टन कार्बन उत्सर्जन कम कर सकते हैं। आज इस मंच से मैं एक और प्रो-प्लैनेट, प्रो-एक्टिव और सकारात्मक पहल ग्रीन क्रेडिट इनिशिएटिव का आह्वान कर रहा हूं। यह कार्बन क्रेडिट की व्यावसायिक मानसिकता से आगे बढ़कर जन भागीदारी से कार्बन सिंक बनाने का अभियान है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत जलवायु परिवर्तन प्रक्रिया के लिए संयुक्त रूपरेखा के प्रति प्रतिबद्ध है। इसलिए मैं आज इस मंच से 2028 में कॉप-33 समिट को भारत में मेजबानी करने का प्रस्ताव भी रखता हूं। मोदी ने कहा कि पिछली शताब्दियों की गलतियों को सुधारने के लिए हमारे पास अधिक समय नहीं बचा है। प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध उपयोग और दोहन के परिणाम हर किसी को विशेषकर ग्लोबल साउथ के निवासियों को भुगतने पड़ते हैं। **भारत ने 'लॉस एंड डैमेज फंड' की शुरुआत का किया स्वागत :** नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कॉप-28 जलवायु सम्मेलन में यूएइ की ओर से 475 मिलियन डॉलर के लॉस एंड डैमेज फंड की शुरुआत किये जाने की सराहना की। फंड विकासशील देशों को बाढ़, सूखे और लू (हीट वेव) के प्रभावों से होने वाले नुकसान पर मुआवजा देगा। उन्होंने जलवायु निवेश कोष की घोषणा के लिए यूएइ को बधाई भी दी। प्रधानमंत्री मोदी ने ट्रांसफॉर्मिंग क्लाइमेट फाइनेंस पर एक सत्र में जोर देकर कहा कि भारत ने सतत विकास और जलवायु परिवर्तन को रोकने से जुड़े लक्ष्यों को प्राप्त करने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है।

स्पीड न्यूज

### प्रधानमंत्री ने की इजराइल के राष्ट्रपति से मुलाकात

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को दुबई में कॉप 28 शिखर सम्मेलन के मौके पर इजराइल के राष्ट्रपति इसहाक हजीग के साथ द्विपक्षीय बैठक की। विदेश मंत्रालय के अनुसार दोनों नेताओं ने क्षेत्र में चल रहे इजराइल-हमास संघर्ष पर विचारों का आदान-प्रदान किया। प्रधानमंत्री ने सात अक्टूबर के आतंकवादी हमलों में लोगों की मौत पर संवेदना व्यक्त की और बंधकों की रिहाई का स्वागत किया। उन्होंने दो राज्य समाधान और बातचीत व कूटनीति के माध्यम से इजराइल फिलिस्तीन मुद्दे के शीघ्र और स्थाई समाधान के लिए भारत के समर्थन को दोहराया।

### नवंबर में जीएसटी संग्रह 1.67 लाख करोड़ के पार

**नयी दिल्ली।** अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर अच्छी खबर है। नवंबर महीने में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह 1.67 लाख करोड़ रुपये के पार रहा है। पिछले महीने अक्टूबर में जीएसटी राजस्व संग्रह 1.72 लाख करोड़ रुपये रहा था, जबकि सितंबर महीने में यह 1.63 लाख करोड़ रुपये था। वित्त मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में बताया कि नवंबर महीने में जीएसटी संग्रह 1,67,929 लाख करोड़ रुपये रहा है। पिछले महीने अक्टूबर में जीएसटी संग्रह 1.72 लाख करोड़ रुपये रहा था। जीएसटी संग्रह में सालाना आधार पर 15 फीसदी की बढ़ोतरी देखी गई है। ये लगातार नौवां महीना है, जब मासिक जीएसटी संग्रह 1.5 लाख करोड़ रुपये से ऊपर रहा है।

### धनखड़ रविवार को रायपुर के दौरे पर

**नयी दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ रविवार (तीन दिसंबर) को छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर की यात्रा पर रहेंगे। उपराष्ट्रपति सचिवालय ने शुक्रवार को यहां बताया कि उपराष्ट्रपति पद संभालने के बाद श्री धनखड़ की यह पहली छत्तीसगढ़ यात्रा होगी। वह रायपुर के हिदायतुल्ला राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय (एचएनएलयू) के छात्रों और संकाय के साथ बातचीत करेंगे।

### मोदी ने नागालैंड के लोगों को राज्य स्थापना दिवस पर दी बधाई

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को नागालैंड के स्थापना दिवस पर प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी और नागालैंड के विकास तथा राज्य की सफलता की यात्रा के सुदृढ़ होने की कामना की है। श्री मोदी ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में कहा, नगालैंड के लोगों को राज्य स्थापना दिवस की शुभकामनाएं। राज्य के आकर्षक इतिहास, रंगीन त्योहारों और गर्मजोशी से भरे लोगों की बहुत प्रशंसा की जाती है। यह दिवस विकास और सफलता की दिशा में नगालैंड की यात्रा को मजबूती प्रदान करे। गौरतलब है कि 1962 में संसद द्वारा नागालैंड राज्य अधिनियम पारित करने के बाद नागालैंड राज्य अपने अस्तित्व में आया।

### श्रीलंका में तेज हवा, अशांत समुद्र के लिए रेड अलर्ट

**कोलंबो।** श्रीलंका में शुक्रवार को बंगाल की खाड़ी के समुद्री क्षेत्रों के ऊपर एक दबाव विकसित होने के कारण तेज हवाओं और अशांत समुद्र के लिए 'रेड अलर्ट' जारी किया है। श्रीलंका के मौसम विज्ञान विभाग ने एक बयान जारी करते हुए कहा कि दक्षिण पश्चिम बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र विकसित होने के कारण गहरे और उथले समुद्री क्षेत्रों में मछली पकड़ने और नौसैनिक समुदायों को तेज हवाओं और उबड़-खाबड़ समुद्रों से सावधान रहना चाहिये।

### रूस ने अंतरराष्ट्रीय एलजीबीटी आंदोलन को प्रतिबंधित किया

**मॉस्को।** रूस ने अतरराष्ट्रीय एलजीबीटी आंदोलन पर प्रतिबंध लगाते हुए कहा है कि यह एक चरमपंथी समूह है जिससे इस पर लंबी कार्रवाई आवश्यक हो जाती है। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन द्वारा प्रचारित रूढ़िवादी रूझान, जिसे प्राय: पश्चिमी उदारवादी मूल्यों के खिलाफ अस्तित्व की लड़ाई के रूप में चित्रित किया जाता है, यह यूक्रेन में आक्रमण के बाद और तेज हो गया है।

# युद्धविराम के बाद इजरायली सेना ने फिर से शुरू की लड़ाई

- युद्धविराम को आगे बढ़ाने पर नहीं बन सकी बात
- इजरायली सेना टैंक लेकर गाजा बॉर्डर की ओर बढ़ी

**एजेंसी**

**तेल अवीव।** इजराइल और हमास के बीच 24 नवंबर को शुरू हुआ युद्धविराम एक हफ्ते के बाद शुक्रवार को खत्म होने के बाद फिर से लड़ाई शुरू हो गई है ।सात दिन के युद्धविराम के बाद समझौते में तीसरे विस्तार की भ उम्मीद की जा रही थी लेकिन दोनों पक्षों में विराम बढ़ाने पर कोई सहमति नहीं बन सकी। ऐसे में शुक्रवार को फिर से गाजा में लड़ाई शुरू हो गई। युद्धविराम खत्म होने का समय नजदीक आने के साथ ही इजरायल की सेना में हलचल बढ़ गई थी। इजरायली फौज के टैंक और वाहन गाजा बॉर्डर पर शुक्रवार को जमा होने लगे हैं। युद्धविराम खत्म होते ही इजरायली सेना ने गाजा में अपना अभियान शुरू कर दिया है। इजरायल की सेना ने युद्धविराम के बाद लड़ाई शुरू करने की जानकारी दी है। आईडीएफ की ओर से कहा गया है कि एक सप्ताह तक लड़ाई के विराम के बाद गाजा पट्टी में हमास के खिलाफ फिर से सैन्य अभियान शुरू किया जा रहा है। इजरायली रक्षा बलों ने हमास पर युद्धविराम के उल्लंघन का भी आरोप लगाया है। इजरायली सेना की ओर से कहा गया है कि हमास ने सीजफायर तोड़ते हुए उसके क्षेत्रों की ओर गोलीबारी की है। इजरायली सेना ने भी लड़ाई शुरू करने का ऐलान कर दिया है।



### इजराइल की बढ़ी चुनौती

कतर और मिस्त्र की मध्यस्थता में हुए युद्धविराम को बढ़ाने की कोशिशें हुईं लेकिन सफलता नहीं मिली। वहीं इजराइल ने साफ कर दिया है कि युद्धविराम के बाद वह पूरी ताकत से हमास पर हमला करेंगे और तब तक नहीं रुकेंगे जब तक हमास का खात्मा नहीं हो जाता। साथ ही इजराइल पर अब दबाव भी है।

## गाजा पर इजरायली हमलों में 32 की मौत, कई घायल

**यरुशलेम।** गाजा पट्टी पर शुक्रवार सुबह इजरायल की सेना के हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर 32 हो गई है। एन्क्लेव के स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। इससे पहले दिन में, अल अरबिया ब्रॉडकास्टर ने फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय का हवाला देते हुए बताया कि इजरायली हमलों में छह लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, संघर्ष विराम की समाप्ति के तीन घंटे के भीतर इजरायली कब्जे के नरसंहार के पीड़ितों की संख्या बढ़कर 32 हो गई। इनमें कई लोगों को अलग-अलग स्तर की चोटें लगीं। मृत और घायल लोगों में अधिकांश महिलायें और बच्चे शामिल हैं। इससे पहले दिन में, इजरायल रक्षा बलों ने कहा कि हमास ने मानवीय विराम तोड़ दिया, जिससे इजराइल को युद्ध फिर से शुरू करने के लिए मजबूर होना पड़ा। वॉल स्ट्रीट जर्नल ने गुरुवार देर रात रिपोर्ट दी कि दोनों पक्ष अस्थायी मानवीय विराम को आठवें दिन तक बढ़ाने पर सहमत हुए हैं। इसकी हालांकि, अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। इजरायल और हमास के बीच एक सप्ताह के संघर्ष विराम की अवधि समाप्त होने के तुरंत बाद शुक्रवार को इजरायली लड़ाकू विमानों ने गाजा को फिर से निशाना बनाते हुए पूरी ताकत के साथ हमला शुरू शुरू किया।

### एक हफ्ते तक चला युद्धविराम

बता दें कि इस्राइल और हमास के बीच बीती 24 नवंबर को युद्धविराम हुआ था। करीब एक हफ्ते तक चले इस युद्धविराम के तहत हमास ने इस्राइल के 100 बंधकों को रिहा किया। वहीं इस्राइल ने बदले में वहां की जेलों में बंद 240 फलस्तीनियों को रिहा किया। दोनों तरफ से रिहा किए गए लोगों में अधिकतर महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। हमास के कब्जे में अभी भी 140 इस्राइली बंधक मौजूद हैं। अब बाकी बचे बंधकों में अधिकतर इस्राइली सैनिक हैं और इनकी रिहाई के बदले में हमास इस्राइल से बड़ी कीमत मांग सकता है। वहीं इस दौरान गाजा में मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए भी विशेष छूट रही।


### आखिरी दिन छोड़े गए 8 इजरायली 30 फिलिस्तीनी

युद्धविराम के सातवें दिन हमास ने गाजा पट्टी से दो बार में 8 बंधकों को रिहा किया है। हमास ने इनको रेड क्रॉस की अंतर्राष्ट्रीय समिति (आइसीआरसी) के प्रतिनिधियों को सौंप दिया। इसके बाद बंधकों को मिस्र के रास्ते इजरायल लाया गया। दूसरी ओर इजरायली जेल विभाग ने पुष्टि की है कि मानवीय संघर्ष विराम के सातवें दिन उनकी ओर से 30 और फिलिस्तीनियों को रिहा किया गया है।

## बंगलूरू के 44 स्कूलों को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिली, पुलिस ने सभी परिसर खाली कराए

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** बंगलूरू के कई स्कूलों को शुक्रवार सुबह ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिली। ईमेल में दावा किया गया कि स्कूल परिसर में विस्फोटक लगाए गए थे। मामले की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। इसके बाद सभी स्कूलों में तलाशी अभियान चलाया गया। फिलहाल कोई भी संदिग्ध सामान नहीं मिला है। जानकारी के मुताबिक, बंगलूरू के 44 निजी स्कूलों को धमकी भरा ईमेल मिला है। इसके बाद स्कूलों ने अभिभावकों के लिए एक एडवाइजरी जारी की। इसमें कहा गया है कि हम आज स्कूल में एक अप्रत्याशित स्थिति का सामना कर रहे हैं। स्कूल को अज्ञात स्त्रोतों से सुरक्षा संबंधी खतरे का सामना




करना पड़ा रहा है। हम अपने बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हैं, इसलिए हमने छात्रों को तुरंत तितर-बितर करने का फैसला किया है।

**हम कोई जोखिम नहीं ले सकते: गृह मंत्री डॉ जी परमेश्वर**

इससे पहले मामले में कर्नाटक के गृह मंत्री डॉ. जी परमेश्वर ने कहा कि फिलहाल हमें 15 स्कूलों के बारे में जानकारी मिली है, जहां धमकी भरे ई-मेल आए हैं। पिछले साल भी ऐसी धमकियां मिली थीं। हम कोई जोखिम नहीं ले सकते, हम स्कूलों की जांच कर रहे हैं और कार्रवाई कर रहे हैं। स्कूलों में सभी एहतियाती कदम उठाए जा रहे हैं। हम धमकी भरे कॉल करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगे। हम सभी पहलुओं पर गौर कर रहे हैं।


**पुलिस को जांच के निर्देश दिए: सीएम सिद्धारमैया**

वहीं, मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि पुलिस जांच करेगी। उन्हें ऐसा करने के निर्देश दिए जा चुके हैं। सुरक्षा उपाय भी किए गए हैं। माता-पिता को घबराने की जरूरत नहीं है। मैंने पुलिस को स्कूलों का निरीक्षण करने और सुरक्षा बढ़ाने का निर्देश दिया है। पुलिस विभाग से प्रारंभिक रिपोर्ट प्राप्त हो गई है।

## मुर्मु ने सशस्त्र बल मेडिकल कॉलेज को राष्ट्रपति का निशान प्रदान किया

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को पुणे स्थित सशस्त्र बल मेडिकल कॉलेज (एएफएमसी) को प्रेसिडेंट कलर यानी राष्ट्रपति का निशान प्रदान किया। श्रीमती मुर्मु ने सशस्त्र बल केंद्र 'प्रज्ना' का भी वर्चुअल रूप से उद्घाटन किया। राष्ट्रपति ने इस अवसर पर कहा कि पुणे मेडिकल कॉलेज ने चिकित्सा शिक्षा में उच्चतम मानक वाले संस्थान के रूप में प्रतिष्ठा हासिल की है। इस संस्थान के स्नातकों ने युद्ध, उग्रवाद विरोधी अभियानों, प्राकृतिक आपदाओं और महामारी का सामना करने में, देश के भीतर और बाहर अपनी समर्पित सेवा के माध्यम से देश को गौरवान्वित किया है। राष्ट्रपति ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि एएफएमसी से स्नातक करने वाली कई महिला कैडेटों ने सशस्त्र बल चिकित्सा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है और उच्च पदों पर कार्य किया है। उन्होंने विश्वास जताया कि उनसे प्रेरणा लेकर और अधिक महिलाएं सशस्त्र बलों में अपना करियर चुनेंगी। उन्होंने कहा, अब चिकित्सा के क्षेत्र में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, प्रिसिजन मेडिसिन, 3डी प्रिंटिंग, टेलीमेडिसिन और अन्य प्रौद्योगिकियों का उपयोग बढ रहा है। सशस्त्र बल चिकित्सा सेवाएँ सैनिकों को सर्वोत्तम स्वास्थ्य और युद्ध के लिए सदैव तैयार रखने में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं। इसलिए, उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारी तीनों सेनाओं के सभी कर्मियों का चिकित्सा उपचार उच्चतम स्तर का हो।



कुल्लू NH03 सोलंगनाला से अटल टनल की तरफ बर्फबारी होने के कारण वाहनों की आवाजाही को रोक दिया गया।

## फिल्म 'सैम बहादुर' के मेकर्स को झटका रिलीज के दिन ऑनलाइन लीक हुई फिल्म




**मुंबई।** विक्की कौशल और सान्या मल्होत्रा अभिनीत फिल्म 'सैम बहादुर' 1 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। फिल्म को आलोचकों और दर्शकों की ओर से पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिल रहा है। फिल्म ने एडवांस बुकिंग से पहले करोड़ों की कमाई कर ली है। फिल्म 'सैम बहादुर' को देखने के लिए दर्शक सिनेमाघरों में उमड़ रहे हैं। वहीं फिल्म के पहले ही दिन मेकर्स को बड़ा झटका लगा है। खबर मिली है कि फिल्म 'सैम बहादुर' सिनेमाघरों में रिलीज होने के कुछ ही घंटे बाद ऑनलाइन साइट्स पर अपलोड हो गयी। फिल्म तमिलरॉकर्स, मूवीरूल्स, तमिलएमवी, फिल्मिजिला, इबोम्मा जैसी पायरेसी साइट्स पर लीक हो गई है। इस फिल्म को ऑनलाइन देखने के अलावा डाउनलोड भी किया जा सकता है। इसका असर फिल्म की कमाई पर पड़ने की आशंका है। फिल्म में विक्की कौशल के साथ सान्या मल्होत्रा के अलावा फातिमा सना मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म में विक्की ने भारत के पहले फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ का किरदार निभाया है। सान्या मल्होत्रा ने सैम मानेकशॉ की पत्नी का किरदार निभाया है। इस फिल्म में फातिमा सना शेख भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका में नजर आई हैं।

## हिन्द प्रशांत क्षेत्र में विवाद कभी भी ले सकता हैं टकराव का रूप: नौसेना प्रमुख

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने शुक्रवार को कहा कि हिन्द प्रशांत क्षेत्र में जिस तरह के विवाद हैं उनके कारण वहां किसी भी समय टकरावपूर्ण स्थिति बन सकती है लेकिन भारतीय नौसेना वहां कड़ी नजर रख रही है और हर स्थिती से निपटने में पूरी तरह सक्षम है। नौसेना प्रमुख ने नौसेना दिवस से पहले शुक्रवार को यहां वार्षिक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए हिन्द प्रशांत क्षेत्र की स्थिति के बारे में पूछे सवाल के जवाब में कहा कि वहां कुछ विवाद हैं और ये टकराव का रूप भी ले सकते हैं। इसके अलावा वहां डकैती से लेकर तस्करी तथा आपदाओं के समय विभिन्न तरह के अभियान चलाने पड़ते हैं। उन्होंने कहा कि हिंद प्रशांत में शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए परस्पर संवाद जरूरी है। नौसेना प्रमुख ने कहा कि भारत खुले , मुक्त, स्वतंत्र तथा नियम आधारित हिंद प्रशांत क्षेत्र का पक्षधर है। उन्होंने कहा कि हिन्द प्रशांत क्षेत्र में भारत हर गतिविधि पर



कड़ी नजर रख रहा है और किसी भी स्थिति से निपटने में सक्षम है। हिंद महासागर के बारे में एडमिरल आर हरि कुमार ने कहा कि सागर साझा धरोहर माने जाते हैं। महासागरों में हर देश कानूनी रूप से अपनी आर्थिक आकांक्षाओं को पूरा कर सकता है। चीन को भी वहां आर्थिक गतिविधियों का अधिकार है। क्षेत्र में भारत एक नौसैनिक ताकत है और वह हर देश की गतिविधि पर करीबी नजर रखता है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में भारतीय हितों की रक्षा करना नौसेना की प्राथमिकता है।

### 'सुरंग अभियान' को सफल बनाने वाले श्रमिकों से मिले केजरीवाल

**नयी दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने उत्तराखंड के उत्तरकाशी में सुरंग अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले दिल्ली जल बोर्ड से जुड़े श्रमवीरों से मुलाकात की। श्री केजरीवाल ने शुक्रवार को अपने आवास पर सभी श्रमवीरों का स्वागत और सम्मान किया। उन्होंने कहा कि इन श्रमवीरों ने सुरंग में फंसे लोगों तक पहुंचने में आ रही सबसे मुश्किल बाधा को पार किया था। यह सभी लोग दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में रहते हैं और पिछले कई वर्षों से दिल्ली जल बोर्ड से जुड़कर काम कर रहे हैं। कोई 17 दिनों से सुरंग में फंसे 41 लोगों को निकालने के प्रयास में जब अमेरिकन ऑगर मशीन फेल हो गई तो इन श्रमवीरों को दिल्ली से एयर लिफ्ट करके उत्तराखंड ले जाया गया। इस मुश्किल वक्त में इन्होंने करीब 36 घंटे तक बिना सोए काम किया और सुरंग में फंसे लोगों की जान बचाई।

## राज्य में बीएसएफ के अधिकार क्षेत्र से जुड़े मुद्दे का हल निकालें केंद्र व पंजाब सरकार: सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार और पंजाब सरकार को राज्य के अंदर बीएसएफ के अधिकार क्षेत्र से संबंधित मुद्दे का हल निकालने का निर्देश दिया है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने ये आदेश दिया। पंजाब सरकार ने बीएसएफ का अधिकार क्षेत्र 15 किलोमीटर से बढ़ाकर 50 किलोमीटर किए जाने के केंद्र सरकार के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। सुनवाई के दौरान ने केंद्र सरकार की तरफ से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि पंजाब संवेदनशील है। इस वजह से दायरा बढ़ाने की जरूरत है। यह सीमा सुरक्षा का मुद्दा है। केंद्र के पास बीएसएफ के अधिकार क्षेत्र को बढ़ाने की शक्ति है। पहले यह अलग-अलग राज्यों के लिए अलग-अलग था। उदाहरण के तौर पर गुजरात में यह 80 किलोमीटर हुआ करता था। अब यह सभी राज्यों में 50 किलोमीटर के रूप में एक समान है। मेहता ने कहा कि अवैध प्रवेश आदि जैसे विभिन्न अपराधों में बीएसएफ का अधिकार क्षेत्र है। राज्य पुलिस के पास समवर्ती शक्तियां बनी हुई हैं। सुनवाई के दौरान पंजाब सरकार की ओर से पेश वकील शादान फरासत ने कहा कि पंजाब एक छोटा राज्य है। 50 किलोमीटर क्षेत्राधिकार का मतलब है कि सभी संज्ञेय अपराधों पर प्रमुख शहरी केंद्रों पर बीएसएफ का अधिकार क्षेत्र है। इसका मतलब है कि बीएसएफ के पास सभी कानूनी अपराधों पर समवर्ती क्षेत्राधिकार होंगे। यह गुजरात और राजस्थान के लिए अलग है। इस क्षेत्र में कोई प्रमुख शहरी केंद्र नहीं पड़ता है क्योंकि गुजरात और राजस्थान बड़े राज्य है जबकि पंजाब छोटा राज्य है और इस दायरे में कई शहर आते हैं। इस पर मेहता ने कहा कि मेघालय, मिजोरम, मणिपुर के कई शहर इस अधिकार क्षेत्र में आते हैं और ये भी छोटे राज्य हैं। तब पंजाब सरकार के वकील ने कहा कि इसका असर संघीय ढांचे पर पड़ेगा। अगर बीएसएफ अपने अधिकार क्षेत्र का प्रयोग करता है तो वह कानून एवं व्यवस्था में हस्तक्षेप कर रहे हैं जो राज्य का विषय है। तब मेहता ने कहा कि नोटिफिकेशन के मुताबिक सीमा सुरक्षा से संबंधित अपराधों पर ही बीएसएफ का अधिकार क्षेत्र है, जिन पर बीएसएफ का समवर्ती क्षेत्राधिकार होगा।

## उम्मीद से कहीं ज्यादा, आम चुनाव से पहले आरबीआइ के अनुमानित आंकड़ों को कैसे पार कर गई भारतीय अर्थव्यवस्था!

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** भारत की जीडीपी ग्रोथ रेट आरबीआइ के अनुमानों को भी पार कर गई है। आम चुनावों से पहले इकॉनमी के लिए यह एक अच्छा संकेत है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के शुरूआती अनुमानों के अनुसार, भारत की जीडीपी ग्रोथ जुलाई से सितंबर 2023 तिमाही में 7.6 फीसदी रही है। यह ग्रोथ रेट अनुमान से अधिक है। दूसरी तिमाही की भारत की यह जीडीपी ग्रोथ रेट पिछली तिमाही के 7.8% की तुलना में थोड़ी सी कम है। हालांकि, यह आरबीआइ के अनुमान 6.5% से काफी अधिक है।

**किस सेक्टर में आई तेजी?**

मैन्यूफैक्चरिंग GVA पिछले साल की दूसरी तिमाही में 4% घट गया था। उस समय कुल GVA 5.4% बढ़ा था। इस बार जुलाई से सितंबर के बीच मैन्यूफैक्चरिंग जीवीए में 13.9% की ग्रोथ दर्ज हुई है। यह नौ तिमाहियों में सबसे तेज ग्रोथ है। उधर माइनिंग जीवीए में भी 10 फीसदी की ग्रोथ रेट रही है। दूसरी तिमाही में कंस्ट्रक्शन जीवीए 13.3 फीसदी उछला है। जबकि बिजली, गैस, वाटर सप्लाई और दूसरी यूटिलिटी सर्विसेज की परफॉर्मेंस पिछले साल की तुलना में 10.1 फीसदी अधिक रही है। इससे ओवरऑल ग्रोथ नंबर में उछाल आया है। एग्रीकल्चर और सर्विस सेक्टर के साथ-साथ कंज्यूमर स्पेंडिंग में स्पष्ट ग्रोथ डाउनटर्म (मंदी) के बावजूद अच्छी जीडीपी ग्रोथ रही है। वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही में इकॉनमी में ग्रोस वैल्यू एडेड (GVA) ग्रोथ द1 के 7.6 फीसदी से थोड़ा गिरकर दूसरी तिमाही में 7.4% रही। लेकिन एग्रीकल्चर सेक्टर में जीवीए ग्रोथ पहली तिमाही के 3.5 फीसदी से तेजी से गिरकर 1.2 फीसदी पर आ गई। जबकि यह ट्रेड, होटल और ट्रांसपोर्ट जैसे सर्विस सेक्टर्स के लिए आधी से




### अनुमान से ज्यादा रह सकती है पूरे साल की ग्रोथ रेट

2023-24 की पहली छमाही में जीडीपी में 7.7% की ग्रोथ दर्ज की गई थी, जिसमें GVA में 7.6% की ग्रोथ रही थी। कई सेक्टर्स में अच्छी ग्रोथ के चलते पहली तिमाही में जीडीपी ग्रोथ अच्छी रही। पहली तिमाही में कंस्ट्रक्शन में 10.5% और मैन्यूफैक्चरिंग में 9.3जीडीपी की ग्रोथ रही थी। एक्सपट्र्स को उम्मीद है कि मजबूत पहली छमाही के आंकड़ों के चलते वर्तमान अनुमानों की तुलना में पूरे साल की परफॉर्मेंस 0.1% से 0.2% तक बढ़ जाएगी।

### सालाना ग्रोथ रेट 6.7% रहने का है अनुमान

भारतीय रिजर्व बैंक और सरकार को इस साल जीडीपी में 6.5% ग्रोथ की उम्मीद है। ए इंडिया के चीफ पॉलिसी एडवाइजर डी.के. श्रीवास्तव ने कहा, 'RBI Q3 और Q4 में जीडीपी ग्रोथ क्रमश: 6% और 5.7% रहने की उम्मीद कर रहा है। इसलिए सालाना ग्रोथ रेट 6.7% रहने का अनुमान है।

VERMA PRESS®

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi - B | ₹ 140 | Hindi - B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran-II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran-II | ₹ 120 |
| English Grammar - II | ₹ 120 | English Grammar - II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!